नई दिल्ली

गुरुवार 5 नवंबर 2026

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
एकादशी वर्ष : 30, अंक : 199
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम

अधि. 29
न्यून. 16

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



9 तूफानी रफ्तार और 'किंग' कोहली का जलवा, न्यूजीलैंड पांच विकेट से पस्त

हीरो मना रहा है भारत की कला शैलियों का जश्न. पेश है तमिलनाडु के **रुबेशकुमार टी** की **तंजौर कला.**

Hero

Hero

भरोसा
सोने सा खरा

धनतेरस की शुभकामनाएँ

Splendor+

Destini

सोने का सिक्का और बहुत कुछ जीतने का मौका पाएं@

कैश डिस्काउंट ₹2500~तक

इंस्टेंट कैशबैक ₹10000^तक SBI card HDFC BANK pine labs

एक्सचेंज बोनस ₹5000~तक

कम डाउन पेमेंट ₹4999^से शुरू

कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3200~तक

For bulk / institutional inquiries, please write to us at : institutionalsales@heromotocorp.com | Available in CSD

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Also Available on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. Cash discount, Exchange & Corporate offer are exclusive and can't be availed together ^Finance/Card offer are at the sole discretion of the financier/bank, Subject to their respective T&Cs, Offer available only on limited stores. @Offer is only for New Goodlife members, Limited period offer-T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: South Delhi: Pul Prahladpur Badarpur: Singla Hero - 9289922771, **Lajpat Nagar: Sapphire Hero-** 9289923175, **Adchini (Main Mehrauli Road): Pashupati Hero-** 9289922381, **Okhla Phase II: ARC Hero-** 9289922461, **East Delhi: Durgapuri (Loni Road, Shahadra): Himgiri Hero-** 9289922380, **Pushta Kartar Nagar: Aman Hero-** 9289922735, **Dilshad Garden: RK Hero-** 9289923010, **Patparganj Pandav Nagar: Singla Autoneeds Hero-** 9289923222, **North Delhi: Azadpur: Shraman Hero-** 9289923185, **Pitampura: Shraman Hero–** 9289924252, **Rithala (Rohini): Metro Hero-** 9289922597, **Rama Vihar : Metro Hero-** 9289924250, **Narela: MetroHero-** 9289924251, **Budh Vihar: JMD Autoworld Hero-** 9289924188, **Mangolpuri: JMD Autoworld Hero** - 7838405858, **Central Delhi: Karol Bagh (Faiz Road): EssAay Hero-** 9289922382, **Upper India Hero-** 9289924343, **West Delhi: Roshan Vihar (Najafgarh): Avni Hero-** 9289922671, **Paschim Vihar (Peeragarhi): Shivganga Hero-** 9289922796, **Palam Dabri Road (Dwarka): Singla Hero-** 9289922530, **Raja Puri: Singla Hero-** 7836078383, **Samalkha: Singla Hero-** 7836078484, **Janak Puri, C-1: Singla Hero-** 9911884416, **Tilak Nagar: Khanna Hero-** 9289922383, **Bali Nagar: Khanna Hero-** 9289924309, **Nawada: Khanna Hero-** 9289924310; **Noida: H-206A, Sector 63: Dhansri Hero-** 9289923044, **Sector 5, B 124: Uppal Hero-** 9289922462, **Sector-58 C-70: Singla Hero-** 9289923059; **Ghaziabad: Meerut, Delhi Road- Globe Hero-** 9289922073, **Shiv Puri, Vijay Nagar- Aman Hero-** 9289232123; **Sahibabad: Sahib Hero-** 9289922486; **Gurugram: Sec–18, Noble Enclave: Globe Agencies-** 9289233915, **Badshahpur: Himgiri Hero-** 9289923046, **Basai Road Sector 11: Sharma Hero-** 9289923221, **Mehrauli Rd Sector 15: Autoneeds Hero-** 9289922051, **Rajeev Chowk: Jasodha Hero-** 9289922495, **Wazirabad: Himgiri Hero-** 9289924247, **Railway Road: Himgiri Hero-** 9289924248; **Sohna: No. 160/2 Delhi Road: Auto Links Hero-** 9289924089; **Faridabad: Sehgal Hero-** 9289922419, **NIT: Sehgal Hero-** 7217627327, Neelambata Road: **VPS Jindal Motors,** 9289235889.

Cheil 33547/26

तीन किलोवाट तक के रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाए जा रहे मुफ्त

दिल्ली को ग्रीन एनर्जी की दिशा में आगे बढ़ाएगी सरकार: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में हर छत सौर ऊर्जा का स्रोत बनेगी और दिल्ली सरकार राजधानी को ग्रीन एनर्जी की दिशा में आगे बढ़ाएगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को भारत मंडपम में आयोजित भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट और एक्सपो के सोलर प्लेनरी सत्र में यह बात कही। इस दौरान उन्होंने दिल्ली की सोलर नीति, स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार और सौर ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सरकार के प्रयासों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी दिशा में दिल्ली सरकार भी केंद्र सरकार के साथ कदमताल करते हुए राजधानी को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी भी उपस्थित थे।



■ भारत मंडपम में आयोजित हुई भारत रिन्यूएबल एनर्जी समिट

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना' ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। दिल्ली सरकार इस संकल्प को आगे बढ़ाते हुए लोगों को रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। दिल्ली में तीन किलोवाट तक के रूफटॉप सोलर सिस्टम मुफ्त लगाए जा रहे हैं, जबकि अधिक क्षमता वाले सिस्टम पर 1 लाख 56 हजार रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। दिल्ली में अब तक लगभग एक लाख लोगों ने सोलर ऊर्जा अपनाने के लिए पंजीकरण कराया है, जो स्वच्छ ऊर्जा के प्रति बढ़ते जनविश्वास और जागरूकता का प्रमाण है।

हर परिवार को बिजली बिल में मिले राहत

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि राजधानी की हर छत स्वच्छ ऊर्जा का स्रोत बने, हर परिवार को बिजली बिल में राहत मिले और दिल्ली सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत करे। भारत जिस गति से क्लीन एनर्जी और रिन्यूएबल एनर्जी की दिशा में आगे बढ़ रहा है, दिल्ली भी उसी कदमताल के साथ इस परिवर्तन का हिस्सा बनेगी।

एक मंच पर आना स्वच्छ ऊर्जा के लिए महत्वपूर्ण

मुख्यमंत्री ने कहा कि कि देश और दुनिया के अनेक प्रतिनिधियों, विशेषज्ञों और उद्योग जगत के लोगों का एक मंच पर आना स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। आज पूरी दुनिया एक-दूसरे का हाथ थामकर स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। दिल्ली सरकार स्वच्छ ऊर्जा के विस्तार, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। सरकार का प्रयास है कि सौर ऊर्जा केवल एक तकनीकी पहल न रहे, बल्कि दिल्ली के हर परिवार की जीवनशैली का हिस्सा बने।

तीसरी कक्षा की छात्रा की स्कूल में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ पुलिस मामले की जांच में जुटी

पूर्वी दिल्ली के माया विहार स्थित लवली पब्लिक स्कूल की तीसरी कक्षा की नौ वर्षीय छात्रा प्रगति की बुधवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसे निर्माण विहार के मलिक रेडिक्स हेल्थ केयर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे वीडियो में दिख रहा है कि बच्ची अचानक ही धीरे-धीरे झुकने लगी और जमीन पर गिर गई। शुरुआती जांच में कार्डियक अरेस्ट से मौत की आशंका जताई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दिल्ली पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह लगभग 9:52 बजे पीसीआर को एक कॉल मिली, जिसमें बताया गया कि माया विहार स्थित लवली पब्लिक स्कूल की तीसरी कक्षा की छात्रा को अस्पताल लाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। प्रारंभिक जांच में कक्षा के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, जिसमें छात्रा अचानक गिरती हुई दिख रही है। घटना की सटीक परिस्थितियों का पता लगाने के लिए आगे जांच चल रही है। माता-पिता और संबंधित स्कूल अधिकारियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों की भी जांच की जा रही है।

एबीवीपी ने निकाला महामार्च

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) दिल्ली के आह्वान पर बुधवार को देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के निर्वाचित छात्रसंघ पदाधिकारियों और प्रमुख छात्र प्रतिनिधियों ने बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के स्टेडियम से लेकर क्रांति चौक तक महामार्च निकाला। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं ने देश मे चल रही अराजक माहौल के विरुद्ध 'अराजकता हटाओ, लोकतंत्र बचाओ' के नारे लगाए। छात्रसंघ पदाधिकारियों ने इसके माध्यम से यह संदेश दिया कि देश का युवा राष्ट्रवाद के साथ है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **सिमरन पत्नी** पवन, **पताः** झुग्गी नंबर बी–1011 आईटीआई के–ब्लॉक जहांगीरपुरी, दिल्ली **FIR No. 95/21, U/s: 33 Delhi EX. Act थानाः जहांगीरपुरी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सिमरन,** मिल नही रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सिमरन,** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सिमरन, FIR No. 95/21, U/s: 33 Delhi EX. Act थानाः जहांगीरपुरी, दिल्ली,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.12.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
साहिल गुप्ता
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07
उत्तर उत्तर कोर्ट नंबर 6, भू–तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15808/NW/2026
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुरेंद्र भाटिया,** पुत्र बलदेव सिंह, निवासी B-483, गली नंबर 03, मजलिस पार्क, आदर्श नगर, एन.एस. मंडी, दिल्ली-110033; दूसरा पताः C-557, चौथी मंजिल, गली नंबर 12, मजलिस पार्क, दिल्ली-110033 ने **केस रजिस्ट्रेशन सं. 14288/2018 धारा 138 एन.आई.अधिनियम थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुरेंद्र भाटिया** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुरेंद्र भाटिया** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा **धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता** की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **केस रजिस्ट्रेशन सं. 14288/2018 धारा 138 एन.आई.अधिनियम थाना केशव पुरम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुरेंद्र भाटिया** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **18.03.2027** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री संयम जैन,
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-04 (उत्तर-पश्चिम),
कोर्ट नंबर 112,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली।

DP/15700/NW/2026

दिल्ली में होगा भव्य दीपावली उत्सवः मिश्रा

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार इस वर्ष दीपावली को राजधानी के सबसे भव्य और यादगार उत्सव की तरह मनाएगी। 'दिल्ली की दिवाली' के अंतर्गत 6 और 7 नवंबर को कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में भव्य दीपावली उत्सव का आयोजन किया जाएगा। दिल्ली के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने बुधवार शाम आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित इस उत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 6 नवंबर को शाम 6 बजे करेंगी। शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित होने वाला यह उत्सव दिल्लीवासियों के लिए सांस्कृतिक उल्लास, भक्ति और सामुदायिक सहभागिता का विशेष अवसर बनेगा। आरडब्ल्यूए रंगोली, शूट 'एन शाइन' और रील इट प्रतियोगिताओं के माध्यम से दिल्लीवासियों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। मंत्री कपिल मिश्रा ने बताया कि धरने-प्रदर्शनों से बाजारों में बने नकारात्मक माहौल को ऊर्जा और उत्साह से भरने के लिए सेंट्रल पार्क का चयन किया गया है।

कांग्रेस और विपक्ष के पास चुनाव आयोग के खिलाफ नहीं है कोई प्रमाण : मेघवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष के नेताओं द्वारा चुनाव आयोग के खिलाफ लगातार लगाए जा रहे आरोपों के पीछे कोई ठोस प्रमाण नहीं है। केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा के नेतृत्व में विकास मार्ग पर करकड़ी मोड़ से निर्माण विहार तक 'लोकतंत्र बचाओ आराजकता हटाओ' पदयात्रा के दौरान यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष को चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर कोई आपत्ति थी, तो उसे लोकतांत्रिक और संवैधानिक प्रक्रिया के तहत अपनी बात रखनी चाहिए थी। लेकिन कांग्रेस ने इसके बजाय राजनीतिक प्रदर्शन और दबाव की राजनीति का रास्ता अपनाया। केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने हा कि कांग्रेस के नेताओं और सांसदों का एक बड़ा समूह चुनाव आयोग से मिलने गया। सवाल यह है कि क्या चुनाव आयोग से मिलने के लिए इतनी बड़ी संख्या में सांसदों को ले जाने की आवश्यकता थी? इसके बाद विपक्षी नेता राष्ट्रपति भवन तक पैदल मार्च करते हुए पहुंचे। राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान जब उनसे अपने आरोपों के समर्थन में प्रमाण प्रस्तुत करने को कहा गया, तो वे कोई ठोस प्रमाण नहीं दे सके। आज तक उनके द्वारा लगाए गए आरोपों के समर्थन में कोई प्रमाण सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस दौरान पूर्वी दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों द्वारा आंदोलनों की आड़ में फैलाई जा रही आराजकता को उजागर करते प्रचार सामग्री लोगों के बीच बांटी। दिल्ली भाजपा प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे एवं दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा के ने भी हर्ष मल्होत्रा के साथ मंच से सम्बोधित किया और एकत्र हजारों कार्यकर्ताओं से ऊर्जावान नारे लगवायें। 'मोदी कहीं नही जायेंगे, मोदी यहीं रहेंगे' आदि। भाजपा नेताओं के दावों के अनुसार, 20 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं से सजी करकड़ी मोड़ के पास से प्रारम्भ हुई पदयात्रा का जब पहला सिरा गंतव्य निर्माण विहार पहुंचा तब भी अंतिम सिरा करकड़ी मोड़ पर ही था। प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित निगम स्थाई समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, उपमहापौर डॉ. मोनिका पंत, डेम्स अध्यक्ष संदीप कपूर एवं सभी जिलाध्यक्षों ने पदयात्रा पूर्व मंच से कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया।



■ भाजपा ने आयोजित की 'लोकतंत्र बचाओ आराजकता हटाओ' पदयात्रा

केंद्रीय राज्य मंत्री एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने राहुल गांधी को लेकर कहा कि यदि उन्हें किसी भी विषय पर बहस या चर्चा करनी है तो देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था संसद में आकर करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पूरे विपक्ष के साथ संसद में हर विषय पर चर्चा करने के लिए तैयार है। मल्होत्रा ने कहा कि हम कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार पर चर्चा करने को तैयार हैं। वर्ष 1984 में कांग्रेस के शासनकाल में निर्दोष सिखों की जिस निर्ममता से हत्या की गई, उस नरसंहार पर भी चर्चा करने को तैयार हैं।

दूसरी दिवाली पर भी दिल्ली की गरीब महिलाओं को 25 सौ रुपये का इंतजार : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बुधवार को कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के लिए लक्ष्मी योजना के तहत प्रतिमाह 2500 रुपये देने के वादे को अभी तक पूरा नहीं किया है। इस दिवाली पर भी लाखों गरीब परिवारों की महिलाएं 2500 रुपये मिलने का इंतजार कर रही हैं, जबकि रेखा गुप्ता समय दर समय घोषणा करने के बावजूद योजना को लागू करने में विफल विफल साबित हुई है। यह अत्यंत दुखद है कि मुख्यमंत्री द्वारा लक्ष्मी योजना के तहत अनुमोदन पत्र वितरित किए जाने के बाद भी एक भी महिला को इसका फायदा नहीं मिला। यादव ने कहा कि हालांकि दिल्ली में एक करोड़ से अधिक महिलाएं हैं लेकिन भाजपा सरकार ने दिल्ली लक्ष्मी योजना से केवल 17 लाख महिलाओं को इसका लाभ देने का वादा किया। जबकि 17 लाख राजधानी में वास्तव में महिलाओं की संख्या का बहुत ही छोटा हिस्सा है लेकिन सीएम रेखा गुप्ता दिल्ली की महिलाओं के खाते में 2500 रुपये जमा कराने में असमर्थ दिख रही हैं।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C./84 BNSS देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजू उर्फ सोहन लाल पुत्र श्री राम सिंह निवासी मकान नं. क्यू–3/17, लाल क्वॉर्टर, विजय विहार, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 03/2023, अंतर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी, थाना रानी बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजू उर्फ सोहन लाल** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजू उर्फ सोहन लाल** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 03/2023, अंतर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी, थाना रानी बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजू उर्फ सोहन लाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.12.2026** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री अनुराधा जिन्दल
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी
उत्तर पश्चिम, कोर्ट नं. 101
प्रथम तल, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/15944/OD/2026
(Court Matter)

दिल्ली की हवा हुई बेहद खराब, पंजाबी बाग सबसे अधिक प्रदूषित क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की वायु गुणवत्ता बुधवार को एक बार फिर बेहद खराब श्रेणी में रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार बुधवार को शाम 4 बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 377 दर्ज किया गया। जो कि बेहद खराब श्रेणी में आता है। सीपीसीबी के अनुसार बुधवार को दिल्ली के पंजाबी बाग क्षेत्र में सबसे अधिक 458 एक्यूआई दर्ज किया गया। जो गंभीर श्रेणी में आता है। दिल्ली में मंगलवार को भी एक्यूआई 300 के पार रहा था और 332 दर्ज किया गया था, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 को संतोषजनक, 101 से 200 को मध्यम, 201 से 300 को खराब, 301 से 400 को बेहद खराब और 401 से 500 को गंभीर श्रेणी में रखा जाता है। जहरीला हवा के बीच दिल्ली के प्रमुख मौसम केंद्र सफदरजंग में बुधवार को न्यूनतम तापमान 16.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत से 0.8 डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पालम में न्यूनतम तापमान 16.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.7 डिग्री अधिक है। वहीं, लोधी रोड में तापमान 16.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.1 डिग्री अधिक है, जबकि रिज केंद्र में यह 16.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.7 डिग्री कम है। अयानगर में न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसमी औसत से 0.4 डिग्री अधिक है। बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे समाप्त हुई 24 घंटे की अवधि के दौरान पांचों मौसम केंद्रों में से किसी पर भी बारिश दर्ज नहीं की गई।

प्रदूषण के आंकड़े में फर्जीवाड़ा कर दिल्लीवालों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रही भाजपा सरकार : भारद्वाज

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को दिल्ली सरकार की ओर से प्रदूषण को कम दिखाने के लिए एक्यूआई के आंकड़ों में किए जा रहे फर्जीवाड़े को लेकर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) से लिखित शिकायत की है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदूषण के आंकड़े में फर्जीवाड़ा कर दिल्लीवालों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रही है। पिछले साल की तरफ इस बार भी मॉनिटरिंग स्टेशनों पर पानी छिड़क कर एक्यूआई को कम दिखाने का खेल हो रहा है। इस फ्रॉड की वजह से बाहर निकल रहे सांस-अस्थमा जैसे गंभीर बीमारियों के मरीज, बुजुर्ग व बच्चे बीमार हो सकते हैं। उन्होंने डेटा में फर्जीवाड़ा करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग की है। बुधवार को प्रैसवार्ता में सौरभ ने कहा कि पिछले साल रेखा गुप्ता की सरकार का पहला वर्ष था। हमने बार-बार कहा कि हवा में प्रदूषण बढ़ रहा है, लेकिन सीएम रेखा गुप्ता और उनके मंत्री नकारते रहे।

मिरांडा हाउस को मिला 'ईट राइट कैंपस' का प्रमाण पत्र



■ एफएसएसएआई ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस कॉलेज को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा निर्धारित कड़े दिशा-निर्देशों और पूर्ण अनुपालन के आधार पर 3 नवंबर 2026 से 2 नवंबर 2028 तक की दो वर्ष की अवधि के लिए 'ईट राइट कैंपस' के रूप में आधिकारिक तौर पर प्रमाणित किया गया है। इस अवसर पर एफएसएसएआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राजित पुन्हानी ने मिरांडा हाउस की प्राचार्या प्रो. बिजयालक्ष्मी नंदा को 'ईट राइट कैंपस' का प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्राचार्या प्रो. बिजयालक्ष्मी नंदा ने इस महत्वपूर्ण प्रमाणन और सम्मान के लिए एफएसएसएआइ तथा पूरी टीम के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है। इस विशेष उपलब्धि के साथ ही, कॉलेज परिसर में 'ईट राइट इंडिया', 'ईट राइट युवा' और एफएसएसएआइ के संयुक्त तत्वावधान में 'ईट राइट वॉकाथॉन' का भी बेहद सफल आयोजन किया गया। शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग तथा 'तुला' (मिरांडा हाउस उपभोक्ता परामर्श केंद्र) के समन्वय से आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं और युवाओं को संतुलित आहार, शारीरिक फिटनेस तथा खाद्य लेबल की समझ के प्रति जागरूक करना था।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
भिलाई इस्पात संयंत्र
भिलाई, जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़, भारत-490001

रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) हेतु आमंत्रण

EOI सूचना सं.: 500417250/GM(SLLH&R)/2026/43

भिलाई इस्पात संयंत्र (सेल-बीएसपी) प्रतिष्ठित, स्थापित एवं अनुभवी एजेंसियों/फर्मों/संस्थानों/संगठनों से निम्नलिखित कार्य हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित करता है:

भिलाई टाउनशिप क्षेत्र में आवासीय क्वार्टरों एवं भवनों का व्यापक भौतिक एवं लॉजिस्टिक सर्वेक्षण तथा एकीकृत परिसंपत्ति एवं सतत अधिभोग डेटाबेस का विकास

कार्य का क्षेत्र (संक्षेप में)
- भिलाई टाउनशिप क्षेत्र के लगभग 33,000 आवासीय क्वार्टरों एवं भवनों का भौतिक सर्वेक्षण
- अधिभोग स्थिति का सत्यापन
- क्वार्टरों की जियो-टैगिंग एवं जीआईएस मैपिंग, जियो-टैग फोटोग्राफ सहित (जहाँ लागू हो, ड्रोन इमेजिंग)
- क्वार्टरों की संरचनात्मक स्थिति, खुले स्थानों एवं सामान्य सुविधाओं का आकलन
- एकीकृत डिजिटल परिसंपत्ति एवं अधिभोग डेटाबेस
- ओपन-सोर्स/ओपन प्लेटफॉर्म पर विकसित विश्लेषणात्मक रिपोर्ट एवं जीआईएस-सक्षम डैशबोर्ड, कठोर डेटा सुरक्षा, गोपनीयता एवं सेल-बीएसपी के पूर्ण डेटा स्वामित्व सहित

पात्रता (मुख्य मानदंड)
- टाउनशिप/एस्टेट संपत्ति के भौतिक सर्वेक्षण, जीआईएस मैपिंग, परिसंपत्ति प्रबंधन अथवा डेटा एकीकरण में अनुभव, तथा पिछले 7 वर्षों में पूर्ण किए गए समान कार्य
- पिछले 3 वित्तीय वर्षों में औसत वार्षिक टर्नओवर रु. 2.00 करोड़ से कम न हो, तथा सकारात्मक निवल मूल्य
- जीएनएसएस/जीआईएस सर्वेक्षण, मोबाइल सर्वेक्षण एप्लिकेशन एवं सुरक्षित डेटा प्रबंधन में सिद्ध क्षमता

महत्वपूर्ण तिथियाँ
- स्थल निरीक्षण: 05/11/2026 को प्रातः 10:00 बजे से, नगर सेवाएँ विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र
- EOI जमा करने की अंतिम तिथि: 14/11/2026 को अपराह्न 13:00 बजे (भा.मा.स.) तक

विस्तृत EOI दस्तावेज़, जिसमें पात्रता मानदंड, कार्य का क्षेत्र, मूल्यांकन पद्धति एवं नियम व शर्तें सम्मिलित हैं, अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है अथवा सेल की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है: www.sailtenders.co.in

सेल-बीएसपी बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी EOI को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

महाप्रबंधक प्रभारी (नगर सेवाएँ विभाग)
भिलाई इस्पात संयंत्र, सेल, भिलाई – 490001, छत्तीसगढ़
फोन: 07882857139 | ई-मेल: absrinivas@sail.in

विज्ञापन क्र.-बीएसपी-14/26-27/दिनांक : 04/11/2026

पंजीकृत कार्यालय इस्पात भवन, लोधी रोड, नई दिल्ली, 110003
Corporate Identity Number : L27109DL1973GOI006454, Website: www.sail.co.in

हर किसी की ज़िन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल

सीवेज स्लज प्रबंधन में विशेषज्ञ कंपनियों ने दिखाई रुचि

यमुना पुनर्जीवन के प्रयासों को मिल रहा अंतरराष्ट्रीय सहयोगः प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

यमुना के पुनर्जीवन को लेकर दिल्ली सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग की नई संभावनाएं बन रही हैं। दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री एंव दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष प्रवेश साहिब सिंह ने बुधवार को यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाली अंतरराष्ट्रीय कंपनियां और विकास संस्थान दिल्ली में अपनी आधुनिक तकनीक और अनुभव के माध्यम से योगदान देने के अवसर तलाश रहे हैं। बता दें कि हाल ही में सीवेज स्लज (अपशिष्ट कीचड़) प्रबंधन के क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाली स्वीडन की एक कंपनी के प्रतिनिधियों ने दिल्ली सचिवालय में जल मंत्री एवं दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष प्रवेश साहिब सिंह से मुलाकात की। इस दौरान कंपनी ने दिल्ली में सीवेज और स्लज प्रबंधन को बेहतर बनाने के प्रयासों में अपनी विशेषज्ञता और तकनीक के जरिए सहयोग करने में गहरी रुचि दिखाई। साथ ही इस क्षेत्र में संभावित सहयोग के विभिन्न अवसरों पर भी चर्चा हुई। प्रवेश वर्मा ने बताया कि यह पहल दर्शाती है कि यमुना के पुनर्जीवन को लेकर दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता और जमीनी स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की ओर अंतरराष्ट्रीय तकनीकी संस्थाओं का ध्यान आकर्षित हो रहा है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार ऐसे सभी सार्थक सहयोग और आधुनिक समाधानों को प्रोत्साहित करती रहेगी, जिनसे दिल्ली की जल प्रबंधन व्यवस्था में वास्तविक और स्थायी सुधार लाया जा सके। दिल्ली सरकार का व्यापक उद्देश्य स्थानीय प्रयासों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव, आधुनिक तकनीक और वैश्विक संस्थागत सहयोग के साथ जोड़कर यमुना पुनर्जीवन के कार्यों को गति देना तथा दिल्ली को स्वच्छ, स्वस्थ और टिकाऊ शहर बनाना है।



अंतरराष्ट्रीय तकनीक का जमीनी स्तर पर इस्तेमाल

मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय तकनीक का उपयोग अब जमीनी स्तर पर भी दिखाई देने लगा है। फिनलैंड की कंपनी एक्वामेक की वॉटरमास्टर एम्फीबियस ड्रेजिंग तकनीक को नजफगढ़ ड्रेन में कार्य के लिए तैनात किया गया है। यह विशेष मशीन ड्रेन में जमा गाद, स्लज और जलीय खरपतवार को हटाने में सक्षम है। इससे ड्रेन के जल प्रवाह को बेहतर बनाने और यमुना में पहुंचने वाले प्रदूषण के भार को कम करने में मदद मिलेगी। यह पहल जल प्रदूषण की लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों के समाधान के लिए आधुनिक मशीनों, विशेषज्ञ उपकरणों और प्रमाणित तकनीकों को अपनाने की दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

यमुना का पुनर्जीवन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रहा

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि दिल्ली में हमारी सरकार बनने के बाद से यमुना का पुनर्जीवन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रहा है। इस दिशा में सरकार की स्पष्ट मंशा और लगातार किए जा रहे प्रयासों से अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं और विशेषज्ञ कंपनियां भी दिल्ली में सहयोग की संभावनाएं तलाश रही हैं। यमुना को स्वच्छ बनाने के लिए बेहतर तकनीक, वैश्विक विशेषज्ञता और निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि हम उन सभी संस्थाओं के साथ सहयोग के लिए तैयार हैं, जो व्यावहारिक, तकनीक आधारित और टिकाऊ समाधान उपलब्ध करा सकती हैं। हमारा उद्देश्य केवल यमुना की सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि दिल्ली की संपूर्ण जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करना भी है।

वैश्विक संस्थानों के साथ सहयोग को मजबूती

दिल्ली सरकार प्रमुख अंतरराष्ट्रीय विकास संस्थानों के साथ भी अपने सहयोग को आगे बढ़ा रही है। एशियाई विकास बैंक दिल्ली जल आपूर्ति सुधार परियोजना से जुड़ा है, जो वजीराबाद वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के कमांड एरिया में जल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाने पर केंद्रित है। इस लंबे समय से लंबित परियोजना को पुनर्जीवित करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इसी प्रकार, जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी के साथ सहयोग भी दिल्ली के जल एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन से जुड़े बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक	रसायन शास्त्र विभाग के उपकरण के लिए निविदा।	03.11.2026 25.11.2026	24 लाख	www.madurohtak.ac.in	9896001262 hodchem@madu

नई दिल्ली, गुरुवार 5 नवंबर 2026
कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, एकादशी, वर्ष : 30
अंक : 199, पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 29
न्यून. 16

हरिभूमि

haribhoomi.com
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



7 कोरिया ओपन : दूसरे दौर में अनमोल और तन्वी, प्रणय हारे



हरियाणा सरकार
हरियाणा हीरक जयंती HARYANA HIRAK JAYANTI 1966 - 2026
आजादी की पहली लड़ाई (1857) का शताब्दि स्मारक

"आज जो हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं, उसके पीछे मां भारती के लाखों बेटे-बेटियों का त्याग, बलिदान और मां भारती को आजाद कराने के संकल्प के प्रति उनका समर्पण है।"
- नरेन्द्र मोदी



आजादी के प्रथम संघर्ष (1857) को समर्पित
शहीद स्मारक
का लोकार्पण

5 नवम्बर, 2026 | दोपहर 3:00 बजे
शहीद स्मारक, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44, अम्बाला कैंट

मुख्य अतिथि
श्री अमित शाह
केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री

अध्यक्षता
श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा

अन्य कार्यक्रम
जनसभा
समय - सायं 4:00 बजे
स्थान - रैली स्थल, गांधी ग्राउंड, अम्बाला कैंट

जनसभा से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

जलबेहड़ा - शाहाबाद (NH-152G)
राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना का उद्घाटन

आप सादर आमंत्रित हैं

HARYANACMO CMOHRY www.haryanacmoffice.gov.in

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

टिंडर से दोस्ती के बाद पहुंचे युवक से की गई थी जबरन वसूली

कैफे में 'डेट ट्रैप': मालिक समेत दो गिरफ्तार, युवती की तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मुखर्जी नगर के हडसन लेन स्थित ब्लैक पैंथर कैफे में 'डेट ट्रैप' का खेल चल रहा था। टिंडर से दोस्ती के बाद युवती संग कैफे पहुंचे युवक को भारी बिल थमाया गया और बाद में उससे डरा धमकाकर वसूली की गई। इस मामले में पुलिस ने कैफे मालिक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उस लड़की की तलाश और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है, जिसने डेटिंग ऐप के जरिए शिकायतकर्ता को अपने जाल में फंसाया था।

पुलिस के अनुसार यह मामला मुखर्जी नगर थाना एरिया का है। मुखर्जी नगर की हडसन लेन स्थित 'ब्लैक पैंथर कैफे' में एक ग्राहक से जबरन वसूली का मामला सामने आया था। पुलिस ने कार्रवाई स्वरूप कैफे के मालिक जावेद और अनुज कुमार को गिरफ्तार किया है। जावेद दसना विहार, मयूर विहार, गाजियाबाद और अनुज राधा कुंज-2, नंदग्राम, गाजियाबाद का रहने वाला है। मामले की शिकायत 1 नवंबर को बिहार के पश्चिमी चंपारण के रहने वाले जैद अहमद ने की थी। जैद की मुलाकात 'टिंडर' डेटिंग ऐप के जरिए एक लड़की से हुई थी। लड़की ने उसे 'ब्लाइंड डेट' के लिए बुलाया और शाम करीब 6:30 से 7:00 बजे के बीच जीटीबी नगर मेट्रो स्टेशन के पास मिलने को कहा। इसके बाद वह उसे कैफे ले गई। कैफे में लड़की ने खाने-पीने की कई चीजें और व्हिस्की का ऑर्डर दिया। कुछ समय बाद शिकायतकर्ता को लगभग 26 हजार का एक हाथ से लिखा हुआ बिल थमा दिया गया। जब उसने इतनी बड़ी रकम पर सवाल उठाया तो कैफे के मालिक और कर्मचारियों ने उस पर तुरंत भुगतान करने के लिए दबाव डाला। शिकायतकर्ता ने आगे आरोप लगाया कि उसे कैफे से बाहर जाने से रोका गया और 3-4 लोगों ने उसे धमकाया, जो उससे बिल का भुगतान करने के लिए कह रहे थे। डर और मानसिक दबाव के कारण उसने अपने पिता से संपर्क किया, जिन्होंने ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर कर दिए। शिकायतकर्ता ने आगे बताया था कि कैफे से निकलने के बाद उस लड़की ने अपना मोबाइल बंद कर लिया और वह कहीं गायब हो गई। जैद ने अपने पिता को इस घटना के बारे में बताया, जिसके बाद 112 नंबर पर पीसीआर कॉल की गई थी। बाद में मुखर्जी नगर पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 308(2)/3(5) के तहत एफआईआर भी दर्ज की गई।

तीन करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में तीन आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आर्थिक अपराध शाखा ने तीन करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में सत्यानंद यादव, एक महिला और विकास यादव नामक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस को 27 शिकायतें मिल चुकी थी। ये लोग फाइनेंशियल कंसल्टेंसी फर्म चलाने के बहाने, लोगों को अपनी मेहनत की कमाई निवेश करने के लिए उकसाते थे।

डीसीपी मोहम्मद इरशाद हैदर के अनुसार यह मामला गत वर्ष सुशील कुमार शर्मा और अन्य लोगों की शिकायत पर दर्ज किया गया था। अब तक आरोपियों के खिलाफ 27 शिकायतें मिल चुकी हैं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि आरोपी सत्यानंद यादव ने 'सत्या फाइनेंशियल कंसल्टेंसी सर्विसेज' नाम की एक फाइनेंशियल कंसल्टेंसी फर्म चलाने के बहाने, लोगों को अपनी मेहनत की कमाई निवेश करने के लिए बहकाया। उसने 20 महीने के भीतर निवेश को दोगुना करने, सालाना 60 प्रतिशत ब्याज देने और अन्य आकर्षक योजनाओं का वादा किया था। हालांकि, आरोपी अपने वादों को पूरा करने में विफल रहे, जिसके कारण पीड़ितों को न तो कोई रिटर्न मिला और न ही उनकी मूल निवेशित राशि वापस मिली। मामला सामने आने के बाद आरोपी फरार हो गया था और जानबूझकर अपना पता बदल रहा था। तकनीकी इनपुट और लगातार जांच के बाद पटना, बिहार के दीघा थाना क्षेत्र में इनका पता चला और गिरफ्तार किया गया। इन्हें पटना की अदालत में पेश किया गया और ट्रांजिट रिमांड हासिल की गई। सभी आरोपी एक ही परिवार के सदस्य हैं। पहले वे निजी व्यवसाय करते थे, लेकिन बाद में जल्दी पैसा कमाने के लालच में धोखाधड़ी करने लगे।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C./84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **रबिया उर्फ दुलाली** पुत्रीः दुलाल तैजुद्दीन, पताः झुग्गी नं.112, आईजी कैम्प– I, तैमूर नगर, नई दिल्ली, **FIR No.: 0182/2024,** दिनांकः 19.07.24, **U/s: 21/29 NDPS Act,** थानाः न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि इन्होनें किया है) और इन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रबिया उर्फ दुलाली** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रबिया उर्फ दुलाली** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 0182/2024, U/s: 21/29 NDPS Act,** थानाः न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली के उक्त अभियुक्ती **रबिया उर्फ दुलाली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री कुमार रंजत
स्पेशल न्यायाधीश, एनडीपीएस एक्ट
जिला दक्षिण पूर्व, कोर्ट नं. 312,
साकेत कोर्ट, दिल्ली

DP/15914/SE/2026
(Court Matter)

आंखों में मिर्च डालकर 70 लाख लूटने वाले छह अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



गुलाबी बाग अंडरपास के पास 24 अक्टूबर को एक स्कूटी सवार की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर 70 लाख रुपये लूटने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे 30.23 लाख रुपये नकदी बरामद भी कर ली गई हैं। आरोपियों में बिहार के गया निवासी चंदन कुमार (20), सुषोभन उर्फ सोनू (28), मनीष कुमार उर्फ विक्की (21), योगेश कुमार (30), दिल्ली के बुराड़ी निवासी सीटू (31) और झारखंड के चतरा निवासी मंटू यादव (25) बताये गये हैं। सीटू के खिलाफ लूट के छह मामले पहले भी दर्ज पाये गये।

डीसीपी निहारिका भट्ट के अनुसार शिकायतकर्ता अपने नियोक्ता के कहने पर चांदनी चौक के कूचा घासी राम स्थित कूचा महाजनी से 70 लाख रुपये लेने गया था। 24 अक्टूबर को रात करीब आठ बजे वह रकम एक काले बैग में रखकर स्कूटी से मायापुरी के लिए रवाना हुआ। करीब साढ़े नौ बजे गुलाबी बाग अंडरपास और रोशनआरा पार्क के पास मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों ने उसकी स्कूटी रोक ली और इनमें से एक ने उसकी आंखों में मिर्च पाउडर डाल दिया, जबकि अन्य दो ने उसके साथ मारपीट की तथा नकदी वाला बैग लेकर फरार हो गए। इस संबंध में रूपनगर थाने में 26 अक्टूबर को एफआईआर दर्ज की गई थी। जांच के दौरान कूचा महाजनी के सीसीटीवी फुटेज में दो मोटरसाइकिल शिकायतकर्ता की स्कूटी का पीछा करती दिखाई दी थी। तकनीकी निगरानी व कॉल डिटेल रिकॉर्ड के विश्लेषण से आरोपियों की पहचान की गई। इसके बाद दिल्ली, राजस्थान और बिहार में छापेमारी करके 29 और 30 अक्टूबर को पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उनकी पूछताछ से मिली जानकारी के आधार पर 31 अक्टूबर को मंटू यादव को चांदनी चौक के बल्लीमारान से पकड़ा। जांच में सामने आया कि मंटू यादव कूचा महाजनी की एक दुकान पर सफाईकर्मी के रूप में काम कर चुका था और वहां नकदी लेकर आने-जाने वालों की गतिविधियों से परिचित था। उसने अन्य आरोपियों को इकट्ठा करके लूट की साजिश रची थी। पुलिस दो अन्य संदिग्धों पवन और वकील की तलाश कर रही है।

गला काटकर हत्या के आरोपी को मिली उम्रकैद की सजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सीमापुरी पुलिस ने हत्या के एक मामले में महज डेढ़ साल के भीतर आरोपी को दोषी सिद्ध कराया है। अदालत ने आरोपी रंजीत को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। होली के दिन की गई इस हत्या केस की प्रभावी जांच, ठोस वैज्ञानिक और फोरेंसिक साक्ष्यों तथा अभियोजन पक्ष के सभी महत्वपूर्ण गवाहों के सुसंगत बयानों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया गया। आरोपी पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माने का भुगतान न करने पर अतिरिक्त दो महीने की सजा और काटनी पड़ेगी।

पुलिस के अनुसार 13 मार्च 2025 को शिकायतकर्ता महिला अपने पति ठाकुर दास के साथ कब्रिस्तान रोड पर मौजूद थी। इसी दौरान रंजीत ने ठाकुर दास पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनकी गर्दन पर गंभीर चोट आई।⊢ घायल को तुरंत इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। पत्नी के बयान पर सीमापुरी थाने में हत्या का केस दर्ज किया गया था। जांच टीम ने निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के अनुसार महत्वपूर्ण साक्ष्यों को सही ढंग से एकत्र कर सुरक्षित रखा और उनकी जांच कराई। फोरेंसिक साक्ष्यों का वैज्ञानिक परीक्षण किया गया, जिससे अभियोजन पक्ष का मामला और मजबूत हुआ। अदालत ने रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्यों और सामग्रियों पर विचार करने के बाद आरोपी रंजीत को हत्या के अपराध का दोषी पाया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड

CIN No. L72100DL1993PLC179154

पंजी. कार्यालय : 205, द्वितीय तल, अग्रवाल चेम्बर IV, 27, वीर सावरकर ब्लॉक, विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली-92
कार्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 83, एनएसईजैड, नोएडा दादरी रोड, फेज-II, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा-201305

30 सितम्बर 2026 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड के अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण भारतीय लेखा मानकों (Ind-AS) के अनुपालन में तैयार किया गया (रु. लाखों में)

विवरण	समाप्त तिमाही 30 सितम्बर 2026 अअंकेक्षित	समाप्त वर्ष 31 मार्च 2026 अंकेक्षित	समाप्त वर्ष 31 मार्च 2025 अंकेक्षित
समेकित वित्तीय परिणाम :			
प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध)	1,529.01	5,815.13	3,654.04
कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (-)	32.91	261.61	373.05
कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) (असाधारण मदों के बाद)	32.91	261.61	373.05
इक्विटी शेयर कैपिटल	17,095.53	17,095.53	17,095.53
पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व	5,174.01	8,728.31	(25,180.50)
अर्जन प्रति शेयर (रु.)* (वार्षिकृत नहीं)			
असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में)	0.002	0.015	0.022
असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में)	0.002	0.015	0.022
असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में)	0.002	0.015	0.022
असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में)	0.002	0.015	0.022

विवरण	समाप्त तिमाही 30 सितम्बर 2026 अअंकेक्षित	समाप्त वर्ष 31 मार्च 2026 अंकेक्षित	समाप्त वर्ष 31 मार्च 2025 अंकेक्षित
स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम :			
प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध)	905.55	2,914.67	3,267.51
कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (-)	3.53	(296.76)	273.93
कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) (असाधारण मदों के बाद)	3.53	(296.76)	273.93
इक्विटी शेयर कैपिटल	17,095.53	17,095.53	17,095.53
असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में)	(0.007)	(0.02)	0.02
असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में)	(0.007)	(0.02)	0.02
असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में)	(0.007)	(0.02)	0.02
असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में)	(0.007)	(0.02)	0.02

उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स पर बीएसई (www.bseindia.com) पर, एनएसई (www.nseindia.com) पर और कम्पनी की वेबसाइट्स (www.fcsltd.com) पर उपलब्ध हैं।

स्थान : नोएडा
दिनांक : 04 नवम्बर 2026

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लि.
हस्ता/-
(निदेशक)

45 लाख के गहने चुराने वाले तीन आरोपी पकड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

करोल बाग इलाके में ट्रैफिक कंट्रोलर बनकर एक व्यक्ति का ध्यान भटकाने के बाद उसके बैग से करीब 45 लाख के सोने के गहने चुराने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से चोरी किए गए लगभग 400 ग्राम गहने बरामद कर लिए गए।

आरोपियों में आनंद पर्वत निवासी भारत (27), कपिल उर्फ राहुल (33) और काव्या आर्यन सैनी उर्फ भांजा (22) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता एक नवंबर को बीडनपुरा स्थित जौहरी की दुकान से करीब 400 ग्राम सोने के गहने लेने गया था। शाम करीब छह बजे गहने लेने के बाद उसने उन्हें अपनी मोटरसाइकिल के पीछे लटके बैग में रखा और बिटानिया चौक स्थित अपने ऑफिस के लिए रवाना हो गया। पहुंचने पर उसने देखा कि बैग की चेन खुली हुई थी और गहने गायब थे। करोल बाग थाने में ई-एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस ने आसपास के इलाकों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जिनसे पता चला कि तीन लोगों ने बैंक स्ट्रीट, बीडनपुरा के चौराहे पर वारदात को अंजाम दिया था। उनमें से एक ने ट्रैफिक कंट्रोलर बनकर शिकायतकर्ता की मोटरसाइकिल रुकवाई, दूसरे ने बैग खोलकर गहने निकाल लिए, जबकि तीसरे ने उन्हें मदद दी। शुरू में पुलिस ने मुखबिरों की मदद से दो आरोपियों की पहचान की और मंगलवार को आनंद पर्वत इलाके से उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उनके तीसरे साथी की पहचान हुई, जिसे बुधवार को पकड़ा गया। आरोपी भीड़भाड़ वाले इलाकों में लोगों को निशाना बनाते थे। कपिल आनंद पर्वत थाने का बीसी है और उसके खिलाफ हत्या, लूट, शस्त्र अधिनियम तथा चोरी समेत 14 मामले दर्ज हैं। भारत भी हत्या और चोरी समेत कई मामलों में शामिल रहा हैं।

शाहदरा में 300 किलो से अधिक अवैध पटाखे बरामद, एक गिरफ्तार

नई दिल्ली। शाहदरा जिले के बलबीर नगर इलाके से पुलिस ने 311.97 किलोग्राम अवैध पटाखे जब्त किए हैं। इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। डीसीपी राजेंद्र प्रसाद मीणा के अनुसार मंगलवार को बलबीर नगर स्थित एक मकान पर छापेमारी की गई, जहां से अवैध रूप से पटाखे बेच रहे हर्षित मित्तल (26) को पकड़ा गया। इस संबंध में शाहदरा थाने में भारतीय न्याय संहिता और विस्फोटक अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी हर्षित मित्तल एक रेस्तरां में दैनिक मजदूरी पर काम करता है। उसने खुलासा किया कि आर्थिक तंगी के कारण वह अवैध रूप से पटाखे बेचने का काम कर रहा था।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **बाबर पुत्र** याकूब, **पताः** 748, सुईवालान चौक, दरिया गंज, दिल्ली **FIR No. 341/21, U/s: 27/61/85 NDPS ACT, पुलिस थानाः चांदनी महल दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बाबर** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **बाबर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **बाबर FIR No. 341/21, U/s: 27/61/85 NDPS ACT, पुलिस थानाः चांदनी महल दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.12.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सायशा चड्ढा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–08 (केन्द्रीय)
केन्द्रीय कमरा नंबर 272
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15776/CD/2026
(Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनबीर ठाकुर, पुत्र श्री जगदीश ठाकुर निवासी मकान नंबर डी-200, गली नंबर 6, मुकुंद विहार, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 154/2021, भा.द.सं. की धारा 498ए/406/34 के तहत और 4 डीपी एक्ट, थाना करावल नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **सोनबीर ठाकुर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **सोनबीर ठाकुर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 154/2021, भा.द.सं. की धारा 498ए/406/34 के तहत और 4 डीपी एक्ट, थाना करावल नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सोनबीर ठाकुर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.12.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ऋषिका श्रीवास्तव
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (महिला कोर्ट-01)
उत्तर-पूर्व जिला, कमरा नं. 67, चौथा तल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/15692/NE/2026

प्रशांत भूषण के खिलाफ एफआईआर दर्ज

- रूसी विदेश मंत्री का फर्जी वीडियो शेयर किया था

नई दिल्ली। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव का फर्जी वीडियो शेयर करने पर उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इस वीडियो में कथित तौर पर भारत के खिलाफ आपत्तिजनक बातें कही गई थी। पुलिस ने तीन नवंबर को साइबर गश्त के दौरान सोशल मीडिया मीडिया मंच पर 'ऐट दी रेट दकोट्सन्यूज' हैंडल से की गई एक पोस्ट देखी थी। इसमें दावा किया गया था कि रूस के विदेश मंत्री का एक छेड़छाड़ किया गया वीडियो भूषण के 'एक्स' हैंडल से साझा किया गया है। इसके बाद स्पेशल सेल थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार इस वीडियो में भ्रामक और भड़काऊ बातें थीं जिनसे अफवाहें फैलने की आशंका थी। इससे किसी की छवि खराब हो सकती थी और कानून-व्यवस्था की स्थिति भी पैदा हो सकती थी। यह घटनाक्रम विदेश मंत्रालय द्वारा इस डिजिटल रूप से छेड़छाड़ कर बनाए गए वीडियो की जांच करने और उसे फर्जी बताए जाने के बाद सामने आया है, जिसे गलत तरीके से रूस के विदेश मंत्री से जोड़कर पेश किया गया था। इस फर्जी वीडियो में कथित तौर पर लावरोव भारत के आंतरिक मामलों और तेल खरीद को लेकर देश की आलोचना करते हुए दिख रहे थे।

हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : 426, डीएलएफ टावर ए, जसौला, नई दिल्ली–110025
www.hindustantin.biz
Contact No. : 011-49998888, Fax : 011-49998822

25% बिक्री | 101% निर्यात | 254% पीबीटी

पर्यावरणानुकूल भविष्य बनाते हुए

Indiastar 2026 Award

SCRIP CODE : 530315 | CIN: L27109DL1958PLC003006

(रु. लाखों में)

30 सितम्बर 2026 को समाप्त तिमाही और छह माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

विवरण	समाप्त तिमाही			समाप्त छह माह		समाप्त वर्ष
	30.09.2026 (अअंकेक्षित)	30.06.2026 (अअंकेक्षित)	30.09.2025 (अअंकेक्षित)	30.09.2026 (अअंकेक्षित)	30.09.2025 (अअंकेक्षित)	31.03.2026 (अंकेक्षित)
प्रचालनों से कुल आय	14,552.88	12,610.42	11,691.89	27,163.30	23,629.21	42,047.57
अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व)	827.85	490.78	233.88	1,318.63	637.01	1,149.33
कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद)	827.85	490.78	233.88	1,318.63	637.01	1,149.33
कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद)	597.08	381.47	173.49	978.55	449.10	831.40
अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)]	584.48	370.79	175.62	955.27	438.28	885.77
इक्विटी शेयर कैपिटल	1,039.97	1,039.97	1,039.97	1,039.97	1,039.97	1,039.97
पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व्स						21,292.04
अर्जन प्रति शेयर (रु. 10/– प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) (असाधारण मदों से पूर्व) (रु. में)						
बेसिक	5.74	3.67	1.69	9.41	4.21	8.52
डायल्युटेड	5.74	3.67	1.69	9.41	4.21	8.52

टिप्पणियां :

1. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 04 नवम्बर 2026 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए।
2. सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार ऊपर दिया गया है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.hindustantin.biz पर उपलब्ध हैं। इसको नीचे दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन करके देखा भी जा सकता है।
3. कम्पनी के वित्तीय परिणाम कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2015 (Ind-AS), उनके तहत जारी किए गए सम्बन्धित नियमों के साथ पठित और भारत में सामान्यतः अन्य लेखा सिद्धांतों के अनुसार तैयार किये गये हैं।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 04 नवम्बर 2026

कृते व निदेशक मंडल की ओर से
हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड
संजय भाटिया
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00080533

सैकड़ों उत्पाद ... एक कैन!

नई दिल्ली

गुरुवार 5 नवंबर 2026

कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
एकादशी वर्ष : 30, अंक : 199
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम

अधि. 29
न्यून. 16

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

पीड़ितों को जल्द न्याय सुनिश्चित होगा

दुष्कर्म-पॉक्सो मामलों के लिए 850 फास्ट ट्रैक कोर्ट मंजूर

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पॉक्सो (बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण) अधिनियम और दुष्कर्म से जुड़े मामलों की तेजी से सुनवाई के लिए 850 फास्ट ट्रैक अदालतों के विस्तार और मजबूत करने को मंजूरी दी है। इसके लिए सरकार ने फास्ट ट्रैक विशेष अदालत के लिए केंद्र सरकार की योजना को अगले पांच वर्ष यानी वर्ष 2030-31 तक जारी रखने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया से ▸▸ शेष पेज 5 पर



दोनों सदनों में डेमोक्रेटस का कब्जा रिपब्लिकन को करारी शिकस्त

मिडटर्म चुनाव में ट्रंप को झटका जनता ने दिखा दिया 'आइना'

बेकाबू अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रहारों से कराह रही दुनिया ने ली चैन की सांस

अमेरिकी में 'डेमोक्रेट्स' की सुनामी...
'रिपब्लिकन' को सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में चित किया, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अधिकार सीमित

पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा बोले- बांटने वाले हारे, जोड़ने वाले जीते

ट्रंप ने कहा-मैं बैलेट पर नहीं था... और ईरान जंग के फैसले से हारा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका के मिडटर्म चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी को बड़ा झटका लगा है। डेमोक्रेटिक पार्टी ने सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स (प्रतिनिधि सभा) दोनों में बहुमत हासिल कर लिया है

व्हाइट हाउस अधिकारियों ने माना कि राष्ट्रपति ट्रंप और रिपब्लिकन उम्मीदवारों के बीच संबंध पूरी तरह टूट चुके थे। चुनाव के सबसे महत्वपूर्ण आखिरी हफ्तों में एकजुट होने के बजाए, ट्रंप ने अपनी ही पार्टी के नेताओं पर हमले किए।

मिडटर्म इलेक्शन
84 साल में सबसे बड़ी हार

उन्होंने टेक्सास के रिपब्लिकन गवर्नर ग्रेग एबॉट को 'रिनो' (केवल नाम का रिपब्लिकन) कहा। ईरान के साथ खिंचा हुआ सैन्य संघर्ष इस अभियान के लिए तबाही की घंटी साबित हुआ। इस युद्ध ने मतदाताओं को डराया। टकर कार्लसन जैसे सहयोगियों ने भी प्रशासन के इस युद्ध वाले रुख का ▸▸ शेष पेज 5 पर

प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेट्स को 228 सीटें

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सभी 435 सीटों पर चुनाव हुए। इनमें डेमोक्रेटिक पार्टी ने 228 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया, जबकि रिपब्लिकन पार्टी को 139 सीटें मिलीं

सीनेट की कुल 100 सीटों में से 35 पर चुनाव हुए। अब तक 33 सीटों के नतीजे घोषित हुए हैं। इनमें डेमोक्रेट्स ने 20 और रिपब्लिकन ने 13 सीटें जीती हैं

पैसा और सुपर पावर भी नहीं जिता सका

2026 के चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी और उनके सुपर पीएसीएस के पास भारी फंड था। अकेले एलन मस्क जैसे दानदाताओं ने रिपब्लिकन अभियानों में सैकड़ों मिलियन डॉलर झोंके थे। जहां रिपब्लिकन मुख्य रूप से अरबपतियों के असीमित पैसे पर निर्भर थे, वहीं डेमोक्रेट्स ने रिपोर्ट के अनुसार अपने अभियान को लाखों आम लोगों के छोटे चंदों से खड़ा किया। डेमोक्रेट उम्मीदवारों ने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वियों के ▸▸ शेष पेज 5 पर

हमला हुआ तो पहले से कड़ा जवाब देंगे: खामेनेई

ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि ईरान पर दोबारा सैन्य हमला हुआ तो पहले से कहीं कड़ा जवाब दिया जाएगा। अमेरिका के मिडटर्म चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी की हार के बाद उन्होंने कहा कि अमेरिकी नीति में बदलाव की उम्मीद करने वाले गलतफहमी न पालें।

अब चार साल बाद सेनाओं से बाहर नहीं होंगे 75% अग्निवीर, मिलेगा 2 वर्ष का सेवा विस्तार

केंद्रीय मंत्रिमंडल का ऐतिहासिक फैसला अग्निपथ योजना में किया बड़ा बदलाव

अग्निवीरों को 48 महीने के बाद अर्धसैन्यबलों, राज्यों द्वारा नौकरी में दिया जाने वाला 20% आरक्षण पूरी तरह से हुआ समाप्त

▸▸ नहीं बदलेगा अग्निपथ योजना का नाम, जारी रहेगी सुधारों की कवायद।
▸▸ यह जानकारी बुधवार को राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में सीडीएस जनरल राजा सुब्रमणि ने दी है।
▸▸ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने निर्णय को लेकर प्रधानमंत्री मोदी के प्रति जताया आभार।

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

सशस्त्र सेनाओं में जवानों की भर्ती के लिए 14 जून 2022 को लागू की गई अग्निपथ योजना को लेकर केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को लिए अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में बहुत बड़ा बदलाव लाने की घोषणा की है। जिसके तहत अब सेना, वायुसेना और नौसेना से चार साल की सेवा अवधि पूरी करने के बाद जल्द बाहर होने वाले सभी 75% अग्निवीरों (महिला, पुरुष मिलाकर) को सीधे बाहर नहीं किया जाएगा। बल्कि उन्हें दो साल का अतिरिक्त कार्य विस्तार दिया जाएगा। इसकी बदौलत वह अपनी स्वेच्छा और केंद्र द्वारा तय किए गए विशेष योग्यता मानकों पर खरा उतरने के साथ भविष्य में सेनाओं में स्थायी नौकरी पाने के हकदार होंगे। मूलरूप से ये निर्णय प्रशिक्षित जवानों को अचानक रक्षा बलों से बाहर करने के बजाय उन्हें कुछ और समय या दूसरा मौका देकर सेनाओं की रणनीतिक जरूरतों को धरातल पर पूरा ▸▸ शेष पेज 5 पर



नहीं बदलेगा योजना का नाम

सीडीएस ने यह स्पष्ट किया कि इस बदलाव को लेकर पिछले चार वर्षों के दौरान तीनों सेनाओं के स्तर पर योजना की व्यापक रूप से की गई समीक्षा और उसके बाद सरकार को की गई सिफारिशों की अहम भूमिका है। बदलाव के लिए तय की गई प्रक्रिया में सेनाओं में भर्ती के चार साल बाद 25% अग्निवीरों को स्थायी नौकरी दी जाएगी। साथ ही 75% के सिर पर सैन्यबलों से बाहर हो जाने की तलवार नहीं लटकेगी और उन्हें कुल 24 महीने का अतिरिक्त सेवा विस्तार दिया जाएगा। जो कि उनके लिए एक दूसरा मौका होगा और उससे वह न केवल अपनी ▸▸ शेष पेज 5 पर

समाप्त हुई 20% आरक्षण की व्यवस्था

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने अब जब 75% अग्निवीरों को 4 साल के बाद बाहर न करने का निर्णय ले लिया है। तो ऐसे में हमारे द्वारा पूर्व में इस अवधि के बाद सेनाओं से बाहर होने पर इन 75% को रोजगार प्रदान करने के लिए बाकी सेनाओं यानी अर्धसैन्यबलों और राज्य सरकारों द्वारा दिए गए 20% आरक्षण की व्यवस्था पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी। सीडीएस ने समझाते हुए कहा कि जब कोई अग्निवीर 48 महीने के बाद सेनाओं से बाहर जाएगा ही नहीं तो उसके लिए नौकरी में आरक्षण की किसी व्यवस्था की क्या जरूरत है?

अमेरिकी उप-चुनाव के नतीजों से राहत की सांस लेगा भारत, मजबूती से रखेगा

▸▸ 100% टैरिफ, एच1बी वीजा और व्यापार समझौते को लेकर बने हुए अमेरिकी दबाव के बादल छंटेंगे
▸▸ ये जानकारी उप-चुनाव के नतीजों के बाद हरिभूमि से विशेष बातचीत में विदेश मामलों के विशेषज्ञों ने दी है


कविता जोशी ▸▸ नई दिल्ली

विशेष खबर

अमेरिका के उप-चुनाव के नतीजों में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी को संसद के दोनों सदनों में मिले बहुमत का भविष्य में भारत पर क्या प्रभाव पड़ेगा? क्या इससे अमेरिका द्वारा नई दिल्ली पर लगाए जाने वाले 100% टैरिफ के मामले में निजात मिलेगी? क्या ये परिणाम एच1बी वीजा पर लगातार की जा रही सख्ती में कुछ नरमी के संकेत देते हैं? क्या इससे भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के मामले में भारत अधिक लाभ प्राप्त करने में ▸▸ शेष पेज 5 पर

ठंडे बस्ते में जाएगा 100% टैरिफ का मामला

विदेश मामलों के विशेषज्ञ प्रोफेसर स्वर्ण सिंह ने कहा कि अमेरिका के उप-चुनाव के नतीजे भारत के लिए सकारात्मक बदलाव लाने वाले कहे जा सकते हैं। जिसमें खासतौर पर वर्तमान समय में बने हुए दुनिया के सबसे ताकतवर मुल्क के आक्रामक रुख में तब्दीली देखने को मिल सकती है। इसका सीधा ▸▸ शेष पेज 5 पर



इंदौर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक के अंतिम दिन प्रेस कॉन्फरेंस

संघ सरकार्यवाह बोले- युवाओं को भड़काने की हो सकती है 'साजिश'



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

इंदौर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक बुधवार को समाप्त हो गई। डेली कॉलेज में 2 नवंबर से चल रही इस बैठक में देशभर से करीब 400 प्रतिनिधि शामिल हुए। समापन के बाद सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने आरक्षण, मंदिरों के मामलों, संगठन विस्तार, एसआईआर, संघ के पंजीयन और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर संघ का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि रिजीम चेंज यानी शासन व्यवस्था में बदलाव के मुद्दे पर होसबाले ने कहा कि समाज में अशांति फैलाना और हिंसा के जरिए बदलाव लाना देशहित में नहीं है।

युवाओं को भड़काने की कोशिश के पीछे साजिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि युवाओं से संवाद कर उनकी सोच और समस्याओं को समझना जरूरी है। युवाओं में प्रतिभा और कौशल है। उन्हें सकारात्मक दिशा देने की जरूरत है। विरोध जेन जी का हक है। उनका विरोध देशद्रोह नहीं हैं। होसबाले ने बताया कि संघ ने कॉलेज के युवाओं को सीमावर्ती क्षेत्रों से जोड़ने का कार्यक्रम भी किया था। युवाओं की वास्तविक समस्याओं और मांगों का प्रशासनिक स्तर पर समाधान होना चाहिए। बैठक में समाजसेवी महापुरुषों ▸▸ शेष पेज 5 पर



खबर संक्षेप

ट्रॉनिका सिटी में पैकर्स फैक्ट्री में लगी भीषण आग



गाजियाबाद। ट्रॉनिका सिटी इंडस्ट्रियल एरिया में बुधवार सुबह एक फैक्ट्री में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। सेक्टर बी-3 के प्लॉट नंबर डी-4 पर संचालित कुमार पैकर्स फैक्ट्री के प्रथम तल पर आग पूरे परिसर में फैल गई। आग की सूचना मिलते ही लोनी फायर स्टेशन से तीन फायर टेंडर मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। साहिबाबाद और बागपत के खेकड़ा फायर स्टेशन से भी एक-एक फायर टेंडर बुलाया गया। कुल छह फायर टेंडरों की मदद से दमकल कर्मियों ने करीब साढ़े तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुबह 7:30 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। दमकल कर्मियों ने आग को फैक्ट्री के दूसरे तलों तक फैलने से रोक दिया। इसके बाद सामान को हटाकर और उलट-पलट कर अंदर सुलग रही आग को भी पूरी तरह शांत किया गया।

पुलिस अधिकारियों ने की समन्वय बैठक



गाजियाबाद । आगामी त्योहारों के दृष्टिगत श्रीअतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था/ यातायातराजकरन नैय्यर व पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन जोन ऋजुल एवं अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की । गोष्ठी में आगामी त्योहारों के दौरान अग्नि सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। अतिरिक्त पुलिस ने निर्देशित किया पुलिस एवं फायर इकाइयाँ पूर्ण सतर्कता एवं समन्वय के साथ कार्य करें तथा किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी एवं त्वरित रूप से निपटने हेतु आवश्यक संसाधन, उपकरण एवं मानवबल सदैव तैयार रखें।

सम्मेलन में बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने पर चर्चा की

कम-कार्बन भविष्य के निर्माण पर 18वें गृहा सम्मेलन में मंथन, नीति निर्माता और उद्योग जगत के विशेषज्ञ हुए एकजुट

गृहा काउंसिल के सम्मेलन में शामिल हुई कई हस्तियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

गृहा काउंसिल के 18वें सम्मेलन में टिकाऊ विकास, ऊर्जा दक्षता और जलवायु अनुकूल बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई। कम-कार्बन भविष्य की ओर इमारतों से लेकर बुनियादी ढांचे तक' विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में नीति निर्माता, शहरी विशेषज्ञ, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और पर्यावरण विशेषज्ञ एक मंच पर जुटे। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में टीईआरआई की महानिदेशक एवं गृहा काउंसिल की अध्यक्ष डॉ. विभा धवन, गृहा काउंसिल के उपाध्यक्ष एवं सीईओ संजय सेठ सहित कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं।



ग्रीन बिल्डिंग और टिकाऊ निर्माण को बढ़ावा देने पर जोर

संजय सेठ ने कहा कि भारत में तेजी से हो रहा बुनियादी ढांचे का विकास आने वाले कई दशकों के कार्बन उत्सर्जन की दिशा तय करेगा। इसलिए अब केवल इमारतों को ही नहीं, बल्कि उन्हें जोड़ने वाले पूरे इंफ्रास्ट्रक्चर को टिकाऊ और कम कार्बन वाला बनाने की जरूरत है। वहीं मध्य प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के सचिव एवं मध्य प्रदेश बिल्डिंग डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक सिबी चक्रवर्ती एम. ने कहा कि टिकाऊ विकास के लिए प्रदर्शन का सही आकलन जरूरी है। उन्होंने गृहा रेटिंग फ्रेमवर्क को सस्टेनेबल इमारतों के मूल्यांकन में महत्वपूर्ण बताया। सेंट-गोबेन के सीईओ श्रीधर एन. और वर्ल्ड बैंक ग्रुप के पॉल प्रोसी ने भी ऊर्जा दक्षता, ग्रीन बिल्डिंग और टिकाऊ निर्माण को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

सम्मेलन में 3 महत्वपूर्ण रिपोर्ट जारी

सम्मेलन के दौरान तीन महत्वपूर्ण रिपोर्ट जारी की गईं। इनमें मध्य प्रदेश पीडब्ल्यूडी प्रशिक्षण रिपोर्ट, द स्काई मॉडलिंग रिपोर्ट और शाश्वतः लेट नेचर बी शामिल हैं। इसके अलावा रेटिंग प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए एआई आधारित टूल्स भी पेश किए गए। ऐसटेक और गृहा काउंसिल के बीच सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी हुए।

जिला कांग्रेस कार्यालय फरीदाबाद में पूर्व सांसद ने की पत्रकार वार्ता

वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान से भाजपा सरकार को घेरेंगे: बृजेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह ने बुधवार को फरीदाबाद सैक्टर-9 स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता कर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा और उन्हें जागरूक करना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से जिलेभर में व्यापक स्तर पर जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। पत्रकार वार्ता की अध्यक्षता कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक ने की।

इस दौरान पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि वोट केवल सरकार चुनने का माध्यम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की लोकतांत्रिक ताकत और संवैधानिक अधिकार है। इस अधिकार की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में लोकतांत्रिक संस्थाओं और मतदाताओं के अधिकारों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि वोट बचाओ.देश



बचाओ अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिले के गांवों और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के अगले चरण में आगामी 25 नवंबर को गांव चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उन्हें मतदान प्रक्रिया, मतदाता सूची और अपने मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा। पूर्व सांसद ने कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा, जब हर नागरिक अपने मताधिकार के प्रति सजग होगा और चुनावी प्रक्रिया में उसकी भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अभियान को केवल राजनीतिक कार्यक्रम तक सीमित न रखें, बल्कि इसे जन अधिकारों की रक्षा का व्यापक आंदोलन बनाएं।

मताधिकार के महत्व से अवगत कराएंगे

जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और आम नागरिक को जागरूक करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जिले के प्रत्येक गांव और वार्ड तक पहुंचकर लोगों को उनके मताधिकार के महत्व से अवगत कराएंगे। कौशिक ने कहा कि 25 नवंबर से आयोजित होने वाली गांव चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में लोगों की समस्याओं को सुनने के साथ-साथ उन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी भूमिका और जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर अभियान को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष बलजीत कौशिक के अलावा डा. सौरभ शर्मा, पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, रेनू चौहान, विनोद कौशिक आदि।

भाजपा एक मजबूत संगठन के रूप में स्थापित है

भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता संगठन की अमूल्य धरोहर, उनका सम्मान हमारी प्राथमिकता: सीएम सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को गुरुग्राम स्थित भाजपा जिला कार्यालय 'गुरुकमल' में वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान एवं संवाद कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया और उनके साथ आत्मीय संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की संगठनात्मक मजबूती के पीछे वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का वर्षों का संघर्ष, त्याग और समर्पण है। ये कार्यकर्ता संगठन की अमूल्य धरोहर हैं और उनका सम्मान करना हमारी प्राथमिकता है। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की मेहनत और निष्ठा के कारण ही आज भाजपा एक मजबूत संगठन के रूप में स्थापित है। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने और तीन तलाक के विरुद्ध कानून बनाने जैसे केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण निर्णयों का उल्लेख किया। उन्होंने केंद्र एवं हरियाणा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी साझा करते हुए कार्यकर्ताओं से इन्हें आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया।



सम्मान एवं अपनत्व का संदेश दिया

मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को परिवार का सदस्य बताते हुए कहा कि वे उनसे कभी भी निःसंकोच मिल सकते हैं। चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास 'संत कबीर कुटीर' के दरवाजे उनके लिए सदैव खुले हैं। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण मुख्यमंत्री का वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर दोपहर का भोजन करना रहा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत बातचीत कर उनका हालचाल भी जाना। जिला मीडिया प्रभारी अजय दुआ ने बताया कि इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, गुरुग्राम विधायक मुकेश शर्मा, सोहना विधायक तेजपाल तंवर और पटौदी विधायक बिमला चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने संगठन की एकजुटता और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के प्रति सम्मान एवं अपनत्व का संदेश दिया।

ट्रायम्फ ने लॉन्च की तीन नई बोनविल बाइक, एक्स-शोरूम कीमत 2,54,999 रखी

तीनों मॉडल 350 सीसी के नए टीआर सीरीज इंजन के साथ पेश किए गए हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

प्रीमियम मोटरसाइकिल निर्माता ट्रायम्फ मोटरसाइकिल्स ने भारतीय बाजार में तीन नई बाइक बोनविल टी40, टी40 ब्लैक और बोनविल टी4 लॉन्च की हैं। इनकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 2,54,999 रुपये रखी गई है। तीनों मॉडल 350 सीसी के नए टीआर सीरीज इंजन के साथ पेश किए गए हैं। ट्रायम्फ के मुख्य उत्पाद अधिकारी स्टीव सार्जेंट ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य बोनविल की पारंपरिक विरासत को आधुनिक तकनीक के साथ अधिक राइडर्स तक पहुंचाना है। कंपनी के अनुसार, टी40 और टी40 ब्लैक की डिलीवरी नवंबर 2026 के दूसरे सप्ताह तथा टी4 की डिलीवरी जनवरी 2027 के दूसरे सप्ताह से शुरू होगी।

नई बाइकों में 1960 के दशक से प्रेरित क्लासिक डिजाइन दिया गया है। इनमें गोल हेडलाइट, स्पोक व्हील, ट्विन शॉक सस्पेंशन और आकर्षक फ्यूल टैंक शामिल हैं। टी40 और टी40 ब्लैक में चार इंच का गोलाकार टीएफटी डिस्प्ले, स्मार्टफोन कनेक्टिविटी, नेविगेशन, पांच राइडिंग मोड, क्रूज कंट्रोल और कॉर्नरिंग एबीएस जैसी आधुनिक सुविधाएं दी गई हैं। वहीं, टी4 में रंगीन एलसीडी डिस्प्ले, नेविगेशन और ड्यूल चैनल एबीएस मिलता है।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)

कार्य का नाम तथा स्थान :	NDLS, DLI, NZM, TKJ, GZB, MTC, TPZ, ROK, JHL, PNP, KKDE, ANVT, CYZ, KZW, FN और टेस्ट रूम में एफट्रॉनिक्स मेक के सीओए का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध दो वर्षों के लिए।
कार्य की अनुमानित लागत :	रु. 37,62,112.80/-
धरोहर राशि :	रु. 75,300.00/-
कार्यालय का पता :	वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055
निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय :	निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 04.11.2026/निविदा खुलने का दिनांक 26.11.2026, 15:00 बजे तक
वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है :	उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055

सं.: 558-Sig-16-M-T-AMC-103 दिनांक: 04.11.2026 3858/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उद्देश्य गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा और कल्याण

गिग वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा तय करने वाले नेशनल बोर्ड में मानस्वी मान को मिली जगह

वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा और कल्याण को लेकर केंद्र सरकार ने उठाया बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

देश में तेजी से बढ़ते गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स की सामाजिक सुरक्षा और कल्याण को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने नेशनल सोशल सिक्योरिटी बोर्ड का गठन किया है, जिसमें रैपिडो की जनरल काउंसल एवं कॉर्पोरेट अफेयर्स और पब्लिक पॉलिसी प्रमुख मानस्वी मान को सदस्य नामित किया गया है। खास बात यह है कि उद्योग जगत से नामांकित प्रतिनिधियों में रैपिडो एकमात्र ऐप आधारित पैसेंजर मोबिलिटी प्लेटफॉर्म है। मंत्रालय की ओर से जारी गैजेट अधिसूचना के अनुसार, इस बोर्ड में डिजिटल प्लेटफॉर्म, श्रमिक संगठनों, केंद्र और राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों के साथ विषय विशेषज्ञों को शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा और कल्याण से जुड़े प्रभावी उपाय तैयार करना है। मानस्वी मान की नियुक्ति से बाइक टैक्सी, ऑटो और कैब सेवाओं से जुड़े ड्राइवरों की समस्याओं और जरूरतों को नीतिगत चर्चाओं में प्रतिनिधित्व मिलने की उम्मीद है। वह बोर्ड के सामने ड्राइवरों की आजीविका, जमीनी स्तर पर काम करने की चुनौतियों और मोबिलिटी सेक्टर की वास्तविक परिस्थितियों से जुड़े मुद्दे रखेंगी।

इसके साथ ही कानूनी, नियामक और पब्लिक पॉलिसी के क्षेत्र में अपने अनुभव के आधार पर वह श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने में योगदान देंगी। सरकार की इस पहल का उद्देश्य देश के तेजी से विस्तार लेते प्लेटफॉर्म वर्कफोर्स के लिए अधिक समावेशी और सुलभ सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था तैयार करना है, ताकि गिग वर्कर्स को वित्तीय सुरक्षा और भविष्य के लिए बेहतर संरक्षण मिल सके।

पूर्वांचल भवन में हुई पहली महापर्व छठ के आयोजन की बैठक

पूर्वांचल भवन का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नगर निगम के पूर्वांचल भवन का शुभारंभ हुआ। जिसमें पहली बैठक छठ घाटों की व्यवस्था को लेकर हुई मौके पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अनिरुद्ध सिंह व अन्य निगम के अधिकारी गण उपस्थित रहे। जिनके द्वारा पूर्वांचल समाज के उपस्थिति जन समूह से छठ घाटों की व्यवस्था को लेकर विशेष रूप से चर्चा हुई। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने घाटों की संख्या 73 से बढ़ा कर 79 पर महा अभियान के रूप में कार्य करने के निर्देश दिए। जिस पर उपस्थित पुरबिया समाज द्वारा खुशी जाहिर की गई, अधिकारियों का धन्यवाद और स्वागत किया गया मौके पर रीता सिंह, जय दीक्षित, एसपी सिंह, अर्चना सिंह, मनोज में अन्य उपस्थित रहे । महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में त्योहारों की भव्य तैयारी नगर निगम द्वारा की जा रही है इसी क्रम में छठ पर्व को और अधिक बेहतर बनाने के लिए योजना के क्रम में कार्य किया जा रहे हैं पूर्वांचल भवन की शुरुआत की गई जिसमें नगर आयुक्त द्वारा पूर्वांचल समाज से अधिक से अधिक सदस्य बनाने के लिए अपील की गई।

दो दिन से लापता हुए 22 वर्षीय युवक की हत्या

फरीदाबाद। सरूरपुर के श्याम नगर से दो दिन से लापता युवक की गला काटकर हत्या कर दी गई। बुधवार सुबह उसका शव सरूरपुर गांव में खेत में लहूलुहान अवस्था में मिला। मृतक युवक का नाम सचिन उम्र 22 साल थी। वह श्याम नगर में माता-पिता के साथ रहता था। सचिन इकलौता बेटा था। उससे बड़ी उसकी एक बहन है, जिसकी शादी हो गई है।

परिवार के सदस्यों ने बताया कि सचिन पास ही एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। सोमवार सुबह वह घर से ड्यूटी जाने के लिए निकला था। शाम को वापस नहीं लौटा। बहन का कहना है कि सचिन को शराब पीने की आदत थी।

इस कारण कई बार वह रात को घर नहीं आता था। सोमवार शाम को भी जब वह नहीं लौटा तो परिवार के सदस्यों ने सोचा किसी दोस्त के पास ठहर गया होगा। अगले दिन भी जब वह नहीं लौटा तो परिवार वालों को चिंता हुई।

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 348 दिनांक 25.10.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना सदर सोनीपत जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान



नाम- सोनिया।
पति का नाम - गोविन्द।
पता- वासी गाँव जाहरी जिला सोनीपत।
उम्र -28 वर्ष।
कद - 5 फुट 3 इंच।
हुलिया:- रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, काली आँखें, काले बाल, हष्ट-पुष्ट शरीर, बाईं आँख की भौं के ऊपर चोट का निशान है।
पहनावा - हरे रंग का सूट-सलवार पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 24.10.2026 को सोनिया पत्नी गोविन्द वासी गाँव जाहरी जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई है। जो अब तक घर वापिस नहीं आई हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना मो.नं.- 7419410534
अनुसंधानकर्ता मो.नं.- 9671284620
कन्ट्रोल रूम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/5575/2027/50783/88/7 दि. 04.11.26

तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

नशा करने से रोकने पर युवक व उसके परिजनों पर चाकू से जानलेवा हमला

परिवार पर हमला करने का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

शिव दुर्गा विहार, लक्कड़पुर क्षेत्र में एक खाली प्लॉट में नशा कर रहे युवकों को टोकने पर एक परिवार पर हमला करने का मामला सामने आया था। जिसमें कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनकी पहचान कपिल निवासी गांव सुरीर जिला मथुरा हाल शिव दुर्गा विहार, अंशराज दुबे निवासी गांव भुलिया गंगापुर, जिला सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश हाल शिव दुर्गा विहार तथा



यश उर्फ अंशु निवासी गांव पाकबड़ा, जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश हाल शिव दुर्गा विहार फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता रामजी शर्मा निवासी शिव दुर्गा विहार ने थाना सूरजकुंड में शिकायत दी कि 31 अक्टूबर व 1 नवंबर की रात उसके मकान के सामने खाली प्लॉट में कुछ युवक नशा कर शोर-शराबा कर रहे थे।

उसकी माता तथा इसके द्वारा युवकों को वहां से जाने के लिए कहने पर उन्होंने बदतमीजी की। जिसके बाद वो सभी वहां से चले गये और कुछ देर बाद आरोपी अपने साथियों के साथ दोबारा वहां पहुंचे और गाली-गलौच करने लगे। इसी दौरान आरोपी कपिल ने चाकू निकालकर शिकायतकर्ता पर हमला कर दिया।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता—2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अभिषेक कुमार, पुत्रः बीरेंद्र राय, निवासीः वार्ड नंबर—13, नया गांव, थाना श्यामपुर, जिला—शिवहर, बिहार** ने **FIR No.: 409/2023, Dated: 27.07.2023 & U/s: 363 IPC, पुलिस थाना गोविंदपुरी, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अभिषेक कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अभिषेक कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना गोविंदपुरी, नई दिल्ली** के अभियुक्त **अभिषेक कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 09.12.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री निधीश कुमार मीणा
जेएमएफसी—04, कमरा नंबर 10,
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/15933/SE/2026

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर पालिका कलानौर	एम.सी. कलानौर में मोखरा रोड शमशान घाट में एचएचआरसी के अनुरूप गाय के गोबर की स्टिक आधारित हरित शवदाह गृह का निर्माण + 2 कार्य।	03.11.2026 10.11.2026	13,67,579/-	https://etenders.hry.nic.in	9802401200

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50807/I/88/7 दि. 04.11.26

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	दि बल्लभगढ़ सह. दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड	विशिष्टियों के अनुरूप वाटर सॉफ्टनिंग प्लांट के सम्बन्ध में।	03.11.2026 23.11.2026	25,000/-	http://etenders.hry.nic.in www.vitalindia.org.in	9968604719 vitalblb@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/50810/I/88/7 दि. 04.11.26

खबर संक्षेप

किशनगंज में 3 बच्चियों की दबने से मौत



किशनगंज। किशनगंज जिले के दिघलबैंक प्रखंड में मिट्टी का टीला धंसने से एक ही परिवार की तीन बच्चियों की मौत हो गई। पटना एसएसपी ने फुलवारीशरीफ के 8 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। इन पर स्मैक तस्कर को मोटी रकम लेकर पीआर बॉन्ड पर रिहा करने का आरोप है।

पेपर लीक का आरोपी निकला आईआईटी का पूर्व छात्र



रांची। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की कनीय विद्युत अभियंता नियुक्ति परीक्षा से जुड़े पेपर लीक मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। झारखंड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (जेई भर्ती)-2021 के पेपर लीक का मुख्य सूत्रधार परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी संभालने वाली एजेंसी मेसर्स बिंसिस टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड का पूर्व निदेशक अरुण कुमार उर्फ अरुण शर्मा निकला है। आईआईटी कानपुर से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुका अरुण प्रश्नपत्र की छपाई से लेकर डेटा लीक करने वाले पूरे सिंडिकेट में अहम भूमिका निभा रहा था।

मुख्यमंत्री ने अखिलेश के बयान पर किया पलटवार

राहुल फुस्स रॉकेट, अखिलेश हार के बहानेबाज, जनता करती है बदलाव: योगी

पाकिस्तानी-बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम हटाने पर कांग्रेस को आपत्ति क्यों

अखिलेश को नसीहत, लोकतंत्र में बदला नहीं जनता करती है बदलाव

भाजपा की 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का किया स्वागत

- राहुल का बारूद खत्म, कांग्रेस कितनी बार करेगी लॉन्च : मुख्यमंत्री योगी
- कभी ईवीएम तो कभी एसआईआर का बहाना ढूंढती है दो लड़कों की जोड़ी
- आपातकाल और सिख विरोधी हिंसा के लिए देश से माफी मांगे कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ⏭ गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। राहुल गांधी को फुस्स रॉकेट बताते हुए कहा कि उनका बारूद समाप्त हो चुका है। कांग्रेस चाहे जितनी बार उन्हें लॉन्च कर ले, अब वह लॉन्च नहीं होने वाले। वहीं, अखिलेश यादव के बदला लेने संबंधी बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के बबुआ को कोई समझाए कि लोकतंत्र में बदला नहीं, जनता बदलाव करती है।

मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि पाकिस्तानी और बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाने पर कांग्रेस और उसके सहयोगियों को आपत्ति क्यों है? उन्होंने आरोप लगाया कि इंडी गठबंधन अपनी चुनावी पराजय छिपाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है।

हारते ही ईवीएम पर फोड़ते हैं ठीकरा

मुख्यमंत्री ने राहुल-अखिलेश की जोड़ी की तुलना बार-बार परीक्षा में असफल होने वाले छात्र से की। कहा कि ऐसा छात्र कभी कॉपी गायब होने, कभी प्रश्नपत्र पाठ्यक्रम से बाहर आने और कभी पेन की स्याही समाप्त होने का बहाना बनाता है। अपनी असफलता स्वीकार नहीं करता। दोनों नेताओं की भी यही स्थिति है। चुनाव जीतने पर अपना पुरुषार्थ बताते हैं और हारने पर ईवीएम तथा निर्वाचन आयोग को दोषी ठहराते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में 44, वर्ष 2019 में 52 और वर्ष 2024 में 99 सीटें मिलीं। तीनों चुनावों में कुल 195 सीटें मिलीं। जबकि भाजपा ने अकेले 2024 में 240 सीटें जीतीं। उन्होंने बिहार, हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली और पश्चिम बंगाल के चुनावी परिणामों का उल्लेख करते हुए कहा कि बार-बार की हार के बावजूद कांग्रेस आत्ममंथन नहीं करती।

घुसपैठियों के नाम हटाने पर हाय-तौबा क्यों

मुख्यमंत्री ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध करने पर कांग्रेस और इंडी गठबंधन को घेरा। उन्होंने कहा कि वर्ष 1952, 1962 और 2003 सहित अलग-अलग समय में मतदाता सूची का पुनरीक्षण हुआ है। कांग्रेस के शासनकाल में इसका समर्थन किया जाता था, लेकिन आज निर्वाचन आयोग जब बांग्लादेशी घुसपैठियों, पाकिस्तानियों और मृत व्यक्तियों के नाम हटाने की कार्रवाई कर रहा है तो विरोध हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कोई विदेशी घुसपैठिया मतदाता सूची में नाम दर्ज कराता है तो वह भारत के किसी गरीब, दलित और वंचित का अधिकार छीनता है। ऐसे नाम हटाना उनके अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक है। इस मुद्दे पर अराजकता पैदा करने के लिए कांग्रेस और उसके सहयोगियों को देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए।

राहुल का रॉकेट उड़ने से पहले छोड़ देता है धुआं

मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी की राजनीतिक लॉन्चिंग पर तंज कसते हुए कहा कि दीपावली पर कुछ रॉकेट ऐसे होते हैं, जिनमें बत्ती लगाने के बाद लोग आसमान की ओर देखते रह जाते हैं, लेकिन रॉकेट वहीं धुआं छोड़कर बुझ जाता है। राहुल गांधी की भी यही स्थिति हो चुकी है। कांग्रेस ने वर्ष 2004 में सांसद, 2007 में महासचिव, 2013 में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और 2017 में राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर उन्हें लॉन्च किया। इसके बाद 2019 में वह अमेठी से चुनाव हार गए। भारत जोड़ो यात्रा, न्याय यात्रा और अधिकार यात्रा से भी स्थिति नहीं बदली। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी 56 वर्ष के हो गए हैं, लेकिन कांग्रेस के लिए अभी भी युवा हैं। अब यह युवा कभी लॉन्च नहीं होने वाला है।

अखिलेश को नसीहत, लोकतंत्र में बदला नहीं होता

मुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव के बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि सपा अध्यक्ष ने कहा है कि अगली पीढ़ी हर लाठी और हर जख्म का बदला लेगी। उन्होंने पलटवार किया कि समाजवादी पार्टी के बबुआ को समझना चाहिए कि लोकतंत्र में बदला नहीं, जनता बदलाव करती है। वर्ष 2014 में देश और 2017 में उत्तर प्रदेश की जनता ने बदलाव करके दिखाया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में सपा-कांग्रेस को मिली कुल सीटों से अधिक 255 सीटें अकेले भाजपा ने 2022 में जीती थीं। जनता ही तय करती है कि किसे सत्ता सौंपनी है।

आपातकाल और सिख विरोधी हिंसा पर मांगा जवाब

सीएम ने कहा कि वर्ष 1975 में देश पर आपातकाल थोपने वाली कांग्रेस आज लोकतंत्र पर उपदेश दे रही है। उन्होंने राहुल गांधी से सवाल किया कि क्या कांग्रेस आपातकाल में प्रताड़ित लोगों और जान गंवाने वालों के परिजनों से माफी मांगेगी? वर्ष 1984 की सिख विरोधी हिंसा का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि एक नवंबर को जब देश पीड़ित परिवारों को याद कर रहा था,। तब कांग्रेस दिल्ली में जश्न मना रही थी।

सैलजा ने लगाया उत्तराखंड सरकार पर आरोप

सरकारी संपत्तियां बेची जा रही हैं कौड़ियों के दाम,चरम पर भ्रष्टाचार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



कांग्रेस ने उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि वह कैबिनेट या संबंधित विभाग से सलाह किए बिना नियमों की अवहेलना करते हुए अकेले निर्णय लेकर कीमती सरकारी संपत्तियां कौड़ियों के दाम निजी हाथों में सौंप रहे हैं। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए उत्तराखंड की प्रभारी महासचिव कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में 40 स्थानों पर सरकारी जमीन, हेरिटेज प्रॉपर्टी और विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए सुरक्षित रखी गई भूमि निजी हाथों में दी जा रही हैं। सैलजा ने विस्तार से बताया कि 20 दिसंबर 2022 को हुई कैबिनेट बैठक में यह तय किया गया था कि प्रदेश के सभी विभागों की सरकारी जमीनों पर अंतिम निर्णय का अधिकार मुख्यमंत्री को होगा; सरकारी संपत्तियां बेचने और परिसंपत्तियों के मुद्रीकरण हेतु उत्तराखंड निवेश एवं अवस्थापना विकास बोर्ड (यू आ ई आ ई डी बी) बनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सरकार चलाने की कार्य नियमावली के अनुसार हर विभाग का काम उसके मंत्री और पूरी मंत्रिपरिषद की सामूहिक जिम्मेदारी से चलता है। जमीनों और धरोहर भवनों को बेचने का फैसला एक व्यक्ति को सौंपना इसके बिल्कुल विपरीत है। सैलजा ने कहा कि यूआईआईडीबी एक्ट की धारा 28 के तहत किसी भी सरकारी संपत्ति के मुद्रीकरण के लिए राज्य सरकार, संबंधित विभाग और बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। इसके बावजूद नियमों की अवहेलना करते हुए मुख्यमंत्री ने तमाम अधिकार अपने हाथों में ले रखे हैं।

ट्विशा मौत मामला : पूर्व जिला जज गिरिबाला की जमानत खारिज 5 माह पहले हुई थी बहू की मौत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

मध्य प्रदेश के चर्चित ट्विशा शर्मा मौत मामले में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर पीठ ने आरोपी एवं सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी है। सीबीआई के सूत्रों के मुताबिक, न्यायमूर्ति अजय कुमार निरंकारी की पीठ ने 26 अक्टूबर को इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रखा था। अदालत का आदेश बुधवार, 4 नवंबर को हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया। यह मामला भोपाल में 33 वर्षीय ट्विशा शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से जुड़ा है। ट्विशा 12 मई को भोपाल के बागमुगलिया क्षेत्र स्थित अपने ससुराल में मृत पाई गई थीं। उनकी शादी भोपाल निवासी अधिवक्ता समर्थ सिंह से 9 दिसंबर 2025 को हुई थी। शादी के महज 5 महीने बाद हुई इस घटना ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे।

दहेज प्रताड़ना और मानसिक उत्पीड़न के आरोप: ट्विशा के परिजनों ने उनके पति समर्थ सिंह और सास गिरिबाला सिंह पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मानसिक उत्पीड़न और घरेलू हिंसा के गंभीर आरोप लगाए थे। गिरिबाला सिंह पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश रह चुकी हैं। ट्विशा के परिवार का आरोप था कि शादी के बाद से ही उन्हें लगातार मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा था।

पेज एक का शेष...

दुष्कर्म-पॉक्सो मामलों ...

बात करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अत्याचार के मामलों से सख्ती से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है।

मिडटर्म चुनाव...

सार्वजनिक विरोध किया। ट्रंप को लगा था कि उनकी व्यक्तिगत लोकप्रियता और रैलियों में आने वाली भारी भीड़ निचले स्तर के रिपब्लिकन उम्मीदवारों को आसानी से जीता देगी।

पैसा और सुपर ...

भारी फंड को उनके खिलाफ ही हथियार बना दिया।

केंद्रीय मंत्रिमंडल का...

करने में मदद करेगा। यह जानकारी 4 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एनएस.राजा सुब्रमणि ने दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस फैसले को लेकर प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया है। जबकि केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसे सेनाओं के लिए एक सराहनीय दिवस की संज्ञा दी और कहा कि सरकार ने एक रास्ता बनाया है, जिसके जरिए सभी अग्निवीरों को सशस्त्र सेनाओं में शामिल किया जाएगा। भविष्य में योजना की समय-समय पर समीक्षा जारी रहेगी।

3 नवंबर को हरिभूमि ने दी खबर: यहां बता दें कि इस मामले को लेकर हरिभूमि ने बीते 3 नवंबर को अपने दिल्ली सहित अन्य संस्करणों में एक खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था। जिसमें 25% अग्निवीरों को उक्त अवधि के बाद सेनाओं में स्थायी नौकरी देने और बाकी 75% के लिए दो वर्ष के सेवा विस्तार का जिक्र किया गया था। इस बाबत पीएमओ में एक उच्च-स्तरीय बैठक होने की जानकारी भी खबर में दी गई थी। वहीं, सरकार ने इस बदलाव का ऐलान तीनों सेनाओं में वर्तमान में चार साल की सेवा अवधि पूरी करने के बाद 21 नवंबर से बाहर हो रहे कुल करीब 18 हजार 300 अग्निवीरों के पहले बैच की कवायद के आगाज से ठीक तीन सप्ताह पहले किया है।

राजनाथ ने पीएम को कहा शुक्रिया: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस निर्णय को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद दिया। एक्स पर पोस्ट में उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों के लिए दिए गए दो साल के अतिरिक्त सेवा विस्तार के निर्णय के लिए उन्हें हार्दिक धन्यवाद देता हूं। यह 4+6 वर्ष के बाद सभी इच्छुक अग्निवीरों को चयन मानदंडों को पूरा करने वाले सभी अग्निवीरों को नियमित सैनिकों के रूप में तीनों सेनाओं में भर्ती करने का अवसर प्रदान करेगा। इसके अलावा ये फैसला हमारे रक्षा बलों की दीर्घकालिक संरचनात्मक निरंतरता को दर्शाता है। जिसका उद्देश्य एक युवा, फिट, तकनीकी रूप से सुसज्जित और भविष्य के लिए तैयार सेना का निर्माण करना है। राजनाथ के मुताबिक, ये एक भर्ती नीति नहीं है। बल्कि बदलते युद्ध के स्वरूप के लिए भारत की सेना को तैयार करने का एक मार्ग है।

वेतन को लेकर नहीं होगा भेदभाव : सीडीएस ने बताया कि दो साल का सेवा विस्तार पाने वाले अग्निवीरों को अधिक पारिश्रमिक, उन्नत सेवा निधि पैकेज और वरिष्ठता संबंधी लाभ प्रदान किए जाएंगे। उन्हें दो वर्ष के दौरान पहले साल में 43 हजार 500 रुपए और दूसरे साल में 47 हजार 500 रुपए वेतन के रूप में दिए जाएंगे। मौजूदा दौर में करीब 25 से 30% अग्निवीर सेनाओं के रणनीतिक परिचालन क्षेत्रों में तैनात हैं। नौसेना का अग्निवीरों का जो पहला बैच 21 नवंबर को अपनी चार साल की अवधि पूरी कर रहा है। उसका प्रदर्शन सकारात्मक रहा है। जिसे देखते हुए ही ये बदलाव किया गया है। जिससे अग्निवीरों को पहले की तुलना में अतिरिक्त अनुभव मिलेगा, उनके कार्य में स्थिरता आएगी। मौजूदा बदलाव से स्पष्ट है कि ये फैसला अग्निपथ योजना को अधिक व्यावहारिक तथा आकर्षक बनाता है। आगामी समय में युवाओं में योजना पर विश्वास बढ़ेगा और वह बड़ी तादाद में एक बार फिर से सशस्त्र सेनाओं में भर्ती के लिए आकर्षित होंगे।

योजना की उपलब्धियां

- देश के विभिन्न जिलों में अग्निवीरों की भर्ती का दायरा बढ़ा है।
- भर्ती प्रक्रिया अधिक मानकीकृत और पारदर्शी हुई है।
- शारीरिक फिटनेस, मनोबल, प्रेरणा, प्रतिस्पर्धात्मक भावना व अनुशासन का उच्च-स्तर पाया गया है।
- सेवा के दौरान कौशल, तकनीकी अनुकूलन क्षमता और शैक्षणिक योग्यता बढ़ी है।
- तीनों सेनाओं की विभिन्न शाखाओं में महिलाओं के लिए अवसरों के द्वार खुले हैं।

नहीं बदलेगा योजना ...

सेवा को जारी रख सकेंगे। बल्कि जरूरी अनुभव हासिल करेंगे। दो साल बाद अग्निवीरों का पुनः मूल्यांकन होगा। जिसमें प्रदर्शन के संतोषजनक पाए जाने पर और अग्निवीर की इच्छा से उसे सेनाओं में स्थायी नौकरी का मौका मिलेगा। जनरल सुब्रमणि के मुताबिक, समीक्षा के बाद ये निर्णय लिया गया है कि अग्निवीरों की भर्ती के लिए बनाई गई अग्निपथ योजना के नाम में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। इसके अलावा ये खत्म भी नहीं होगी। बल्कि आगे निरंतर आधार पर चलती रहेगी। भविष्य में अग्निवीरों की भर्ती शुरुआती फोर प्लस टू मोर इयर्स के लिए की जाएगी।

अमेरिकी उप-चुनाव ...

सफल होगा? क्या अब दोनों देशों के मध्य वार्ता की मेज पर भारत अपना पक्ष अधिक मजबूती से अमेरिका के सामने रखने में कामयाब होगा? ये वो सभी जरूरी सवाल हैं, जिनका जवाब उप-चुनाव के नतीजे आने के बाद हरिभूमि ने विदेश मामलों के विशेषज्ञों के साथ हुई खास बातचीत के जरिए लिया है। उनका कहना है कि अमेरिका से आया यह चुनाव परिणाम निःसंदेह भारत के लिए एक अच्छी खबर के समान है। जिसका सकारात्मक प्रभाव आगामी वक्त में उक्त तीनों मामलों में भी देखने को मिलेगा।

ट्रंप की रणनीति पर ऐसे फर्क पड़ेगा: प्रोफेसर सिंह ने ये भी कहा, विपक्ष अमेरिका में सत्ता पक्ष पर अब अगले 24 महीनों के दौरान कई प्रकार से दबाव बनाने की कोशिश करेगा। सबसे पहले भ्रष्टाचार, हितों में टकराव वाले मसले, एपस्टीन फाइल्स, राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ महाभियोग लाने की प्रक्रिया जैसे विषयों को लेकर ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों की संसदीय समितियों के समक्ष लगातार पेशी होगी। उन्हें समय-समय समितियों के सामने जाकर अपना बचाव करना पड़ेगा। जो कि एक प्रकार से विधायिका द्वारा कार्यपालिका पर बनाया जाने वाला रणनीतिक दबाव है। जिससे राष्ट्रपति की नीतियां प्रभावित होंगी और उनका लाभ नई दिल्ली भी उठा सकती है। लेकिन मैं यहां ये भी स्पष्ट कर दूं कि मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति एक ऐसे अनप्रिडिक्टेबल व्यक्ति हैं। जिनके बारे में साफ तौर कोई कुछ नहीं बता सकता है। हां इतना जरूर है कि भारत की अमेरिका के साथ वार्ता के मामलों में बदलाव देखने को मिलेगा या इस संबंध में नई दिल्ली का पलड़ा भारी हो सकता है।

80 सालों में अमेरिकियों ने नहीं देखी महंगाई: प्रोफेसर स्वर्ण सिंह कहते हैं कि अगर बात केवल चुनाव की हो तो इस बार अमेरिका की जनता ने दुनियाभर में चल रहे युद्धों की वजह से बढ़ती ईंधन और खाद्य पदार्थों की कीमतों की वजह से भी रिपब्लिकन पार्टी को वोट नहीं दिए हैं। यह वही अमेरिकी लोग हैं, जिन्होंने बीते 70 से 80 सालों में कभी महंगाई देखी ही नहीं या ये शब्द भी नहीं सुना। वहां के लोग बीते दस वर्षों में ही महंगाई और उसके प्रभावों से रूबरू हो रहे हैं। अमेरिका जनता ने राष्ट्रपति ट्रंप को बता दिया है कि उन्हें संयम से आगे बढ़ने की आवश्यकता है। जिसके बाद वह अब अपना पूरा ध्यान आक्रामक राजनीति से इतर अमेरिका में अपनी छवि को एक नए प्रकार से गढ़ने में लगाएंगे।

नतीजे ट्रंप को फैसले लेने से नहीं रोक सकते: विदेश मामलों के वरिष्ठ पत्रकार रंजीत कुमार ने कहा कि अमेरिका के उप-चुनाव नतीजों का सबसे बड़ा असर ये होगा कि इससे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का मनोबल गिरेगा। इसमें भी प्रमुख रूप से अमेरिका के 'मागा' समुदाय (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) में उनकी लोकप्रियता प्रभावित होगी। डेमोक्रेटिक पार्टी को संसद के दोनों सदनों में मिले बहुमत के पीछे ट्रंप सरकार के कई फैसलों (ईरान के खिलाफ छेड़े गए एकतरफा युद्ध, डीजल-पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में हुई अभूतपूर्व वृद्धि, किसानों, मध्य वर्गीय आय वाला समुदाय पर पड़ा असर) की बड़ी भूमिका है। लेकिन यहां ये बताना भी जरूरी हो जाता है कि ये उप- चुनाव नतीजे अमेरिका के राष्ट्रपति को कोई फैसले लेने से नहीं रोक सकते हैं। क्योंकि इस संबंध में वह पूर्णतः स्वतंत्र हैं। संसद में बहुमत की कमी की वजह से अपने किसी बड़े फैसले या बजट, वित्तीय सहायता वाले निर्णयों में ट्रंप, डेमोक्रेटिक पार्टी के पक्ष का गंभीरता से आकलन जरूर करेंगे। कांग्रेस में प्रस्ताव पारित करवाने में मुश्किलें आएंगी। हो सकता है कि टैरिफ का प्रस्ताव निरस्त कर दिया जाए।

राष्ट्रवादियों के समर्थक बनेंगे ट्रंप: कुमार ने कहा कि राष्ट्रपति कार्यकाल के बाकी बचे दो सालों में ट्रंप की पूरी कोशिश ये होगी वो वह राष्ट्रवादियों के सामने उनके सबके बड़े समर्थक व हितैषी बनकर उभरने की कोशिश करेंगे। अमेरिका फर्स्ट की नीति को अपनाएंगे, बड़े फैसलों को लेकर उनमें हिचकिचाहट बढ़ेगी। भारत के मामले में नीतिगत रूप से बड़ा सुधार आता हुआ नजर नहीं आ रहा है। अब ट्रंप आमजनता के बीच अपनी छवि को बनाए रखने के लिए कठोर रुख अपनाते हुए दिखाई पड़ सकते हैं।

यूं चुनाव से बाहर रहा चाइना कार्ड: विदेश मामलों के विशेषज्ञ डॉ.हेमंत अदलाखा ने कहा कि पहले की तुलना में इस बार अमेरिका में सत्ता पक्ष या विपक्ष ने चाइना कार्ड का इस्तेमाल नहीं किया। क्योंकि मामला साफ तौर पर आमजनता से जुड़ी हुई महंगाई से संबंधित था और उसके लिए किसी भी तरह से चीन को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता था। टैरिफ व जटिल मृदा खनिजों के मामले में दुनियाभर के देशों में हुई अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों की आलोचना से घरेलू मुद्दे ही चुनाव में प्रभावी नजर आए। इन सबसे अलग हटकर देखें तो पहली बार खुद राष्ट्रपति ट्रंप सामने आए और उन्होंने अपने देश में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के लिए रेड कार्पेट बिछाकर उनका इस्तकबाल किया, द्विपक्षीय बैठक की।

ठंडे बस्ते में ...

फायदा भारत को भी होगा। जैसे उदाहरण के लिए अभी हमारे अमेरिका के साथ संबंधों की सबसे ज्यादा चर्चा तीन मुद्दों को लेकर जारी है। पहले में भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले निर्यात पर 100% टैरिफ लगने का खतरा, दूसरा, भारतीयों द्वारा सर्वाधिक प्रयोग किए जाने वाले एच1बी वीजा को लेकर की गई नियमों में सख्ती और तीसरा, द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) मुख्य हैं। मेरी मानें तो 100% टैरिफ का फैसला अब ठंडे बस्ते में जा सकता है। वहीं, बाकी दोनों पर नई दिल्ली के लिए भविष्य में बहुत अधिक चुनौती दिखाई नहीं देती। क्योंकि इस वक्त अमेरिकी उप-चुनाव में 3 भारतीय मूल की महिलाएं भी चुनाव जीती है, कुछ प्रांतों में गवर्नर भी बदले हैं और इसी के साथ अमेरिकी संसद के दोनों सदनों में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी का बहुमत हो गया है। इस बदले समीकरण का भारत को लाभ मिलेगा। मतलब साफ है कि अब ट्रंप सरकार अगले दो साल तक अपना कोई निर्णय एकतरफा ढंग से मजबूती के साथ लागू नहीं कर पाएगी। विरोधी दल का पलड़ा इस बाबत दबाव वाला या भारी रहेगा।

संघ सरकार्यवाह बोले-...

के कार्यों को आगे बढ़ाने, जेन जेड के बदलते रुझानों और शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती की भूमिका पर भी चर्चा हुई। युवाओं को नशे से बचाने के लिए संघ विशेष योजना बनाएगा। जो युवा ड्रग्स और नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं, उनकी काउंसलिंग की जाएगी।



चिंतन

ट्रंप को दुनिया में उथल पुथल मचाने की सजा

दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे ताकतवर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिका की ताकत का जिस तरह इस्तेमाल किया, उससे वैश्विक व्यवस्था में स्थिरता के बजाय अनिश्चितता और टकराव बढ़ा है। कभी युद्ध की धमकी, कभी सैन्य कार्रवाई, कभी व्यापारिक प्रतिबंध तो कभी सहयोगी देशों को टैरिफ लगाने की चेतावनी। ट्रंप की विदेश नीति में कूटनीति और सहमति के मुकाबले दबाव और एकतरफा फैसलों को अधिक महत्व मिला। अब अमेरिकी मिडटर्म चुनाव में उनकी रिपब्लिकन पार्टी का सीनेट और प्रतिनिधि सभा दोनों में बहुमत गंवाना उनकी नीतियों और कार्यशैली पर जनता की नाराजगी का बड़ा संकेत है। ईरान के साथ अमेरिका और इजराइल का युद्ध इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। परमाणु कार्यक्रम और सुरक्षा चिंताओं के नाम पर शुरू हुआ सैन्य टकराव लंबा खिंच गया। इसके परिणाम केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहे। खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई, कच्चे तेल की कीमतों और परिवहन लागत पर दबाव बढ़ा तथा दुनिया के अनेक देशों में महंगाई की चिंता गहराई। अमेरिका में भी पेट्रोल और रोजमर्रा की वस्तुओं की बढ़ती कीमतें मतदाताओं के असंतोष का कारण बनीं। वेनेजुएला के मामले में भी ट्रंप प्रशासन की कार्यशैली सवालों के घेरे में रही। किसी संप्रभु देश के राष्ट्रपति को सैन्य अभियान के जरिए हटाना और उसके संसाधनों में अमेरिकी हितों की खुली बात करना अंतरराष्ट्रीय कानून, संप्रभुता और दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप की सीमाओं पर गंभीर बहस पैदा करता है। इजराइल और गाजा के मामले में भी ट्रंप की नीति विरोधाभासों से घिरी रही। उन्होंने युद्धविराम और शांति योजना के प्रयास किए, लेकिन गाजा में हिंसा पूरी तरह नहीं रुकी। दूसरी ओर, इजराइल को अमेरिकी सैन्य सहायता और हथियारों की आपूर्ति जारी रखने की नीति ने वाशिंगटन में भी सवाल खड़े किए। रूस-यूक्रेन युद्ध के मामले में भी ट्रंप की नीति में निरंतरता का अभाव दिखाई दिया। कभी 24 घंटे में युद्ध समाप्त कराने का दावा, कभी यूक्रेन पर समझौते के लिए दबाव और कभी रूस के प्रति नरम रुख के संकेत। इससे यूरोपीय सहयोगियों के बीच अमेरिकी प्रतिबद्धता को लेकर चिंता बढ़ी। नाटो और पारंपरिक मित्र देशों के साथ भी ट्रंप का टकरावपूर्ण रवैया भरोसे को प्रभावित करता रहा। भारत समेत कई व्यापारिक साझेदारों को अमेरिकी शुल्क और आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ा। ट्रंप का तर्क रहा कि इससे अमेरिकी उद्योग और रोजगार को संरक्षण मिलेगा, लेकिन आयात महंगा होने का बोझ अंततः अमेरिकी उपभोक्ताओं और कारोबारियों पर भी पड़ता है। व्यापारिक रिश्तों को सहयोग के बजाय दबाव का माध्यम बनाने से वैश्विक निवेश और आपूर्ति श्रृंखलाओं में अनिश्चितता बढ़ी। मिडटर्म चुनाव में डेमोक्रेट्स को दोनों सदनों में बहुमत मिलना इसी व्यापक असंतोष की राजनीतिक अभिव्यक्ति है। अब विपक्ष को ट्रंप प्रशासन की नीतियों की जांच, सैन्य कार्रवाई पर सवाल और आर्थिक फैसलों की समीक्षा करने का अधिक अवसर मिलेगा। लोकतंत्र में राष्ट्रपति की शक्ति जनता की सहमति और संवैधानिक संस्थाओं की निगरानी से संचालित होती है। ट्रंप को समझना होगा कि अमेरिका की ताकत का अर्थ दुनिया को अपनी शर्तों पर चलाना नहीं है। युद्ध, व्यापार और कूटनीति में दबाव के बजाय संवाद, भरोसे और साझेदारी को प्राथमिकता देनी होगी। दुनिया को महाशक्ति की मनमानी नहीं, जिम्मेदार नेतृत्व की जरूरत है।

विचार
शिवप्रकाश



विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR)–क्यों?

भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उल्लेखित 'हम भारत के लोग' अपने संविधान को आत्मार्पित करते हैं। भारत में जन्मे, भारत की एकता एवं अखंडता के प्रति निष्ठा रखने वाले और भारतीय संविधान में आस्था रखने वाले नागरिकों से ही 'हम भारत के लोग' का तात्पर्य है। चुनाव, प्रतिनिधित्व, नागरिक अधिकार और कानून का शासन लोकतंत्र का आधार है। भारत के प्रति समर्पित वयस्क नागरिकों को ही भारत में सरकारें चुनने का अधिकार है। चुनाव के माध्यम से भारत में राज्य और केंद्र की सरकार चुनने का अधिकार विदेशी घुसपैठियों को देना कैसे संभव हो सकता है? इसी कारण संविधान में मतदाता शुद्धिकरण की व्यवस्था है।

भारतीय संविधान, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 21(3) के अंतर्गत मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) करने का अधिकार चुनाव आयोग को देता है। इसके अंतर्गत अब तक 13 बार मतदाता सूची के निरीक्षण का कार्य चुनाव आयोग द्वारा किया गया है। यह प्रक्रिया 1952–56, 1957, 1961, 1965, 1966, 1983–84, 1987–89, 1992, 1993, 1995, 2002, 2003 और 2004 में हुई है। वर्ष 2025 में बिहार प्रदेश से प्रारंभ हुआ यह 14वां विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) है। 2004 से 22 वर्षों के मध्य यह प्रक्रिया पहले ही पूर्ण हो जानी चाहिए थी, जो नहीं हुई।

वर्तमान में SIR के विरोध में आवाज उठाने वाले दलों की केंद्र एवं राज्यों में सरकारें रहते हुए भी अनेक बार मतदाता शुद्धिकरण की यह प्रक्रिया हुई है। संविधान का अनुच्छेद 326 मताधिकार को केवल /"भारत के नागरिकों/" तक सीमित करता है और अनुच्छेद 324 निर्वाचक नामावली की तैयारी तथा उसकी शुद्धता का दायित्व निर्वाचन आयोग को सौंपता है। यही मतदाता शुद्धिकरण की संवैधानिक व्यवस्था है।

प्रत्येक वैध भारतीय नागरिक को अपने मतदान का अधिकार मिले, एक मतदाता एक ही स्थान पर अपने मत का उपयोग करे तथा अवैध अथवा अनैतिक पद्धति से प्रवेश किए लोगों को भारत में सरकारें चुनने का अधिकार प्राप्त न हो, इस उद्देश्य से संविधान के अनुच्छेद 324, 325 और 326 में प्रावधान किए गए हैं। ये मतदाता सूची के निर्माण, संशोधन एवं वयस्क मताधिकार की व्यवस्था करते हैं।

आजीविका के उद्देश्य से अनेक नागरिक अपने स्थान से दूसरे स्थान पर प्रवास करते हैं। इसके कारण पूर्व स्थान पर मत रहने के बावजूद वे दूसरे स्थान पर भी अपना मत बनवा लेते हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़े बताते हैं कि लगभग 45 करोड़ लोगों ने देश में ही आंतरिक प्रवास किया। आर्थिक सर्वेक्षण 2016-17 के अनुसार, 2001 से 2011 के मध्य प्रतिवर्ष औसतन 50 से 65 लाख लोगों ने एक स्थान से दूसरे स्थान पर प्रवास किया।

विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत बिहार प्रदेश में 7.01 लाख नाम दो स्थानों पर मतदाता सूची में दर्ज थे। यह स्थिति देश के अन्य राज्यों में भी है। देश के कुल मतदाताओं में गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया होने के उपरांत कुल 13.30 करोड़ में से लगभग 2 करोड़ 80 लाख मृतक नाम मतदाता सूची में पाए गए हैं। 6.30 करोड़ लोगों ने अपना स्थान परिवर्तित कर दूसरे स्थान पर मतदाता सूची में नाम जुड़वा लिया था। 3 करोड़ मतदाताओं के बारे में जानकारी ही नहीं मिली है। यह वही मतदाता हैं, जो भारत में वैध नागरिक न होते हुए भी भारत की सरकार चुनने का कार्य कर रहे थे। 1.02 लाख मतदाताओं के नाम दो बार मतदाता सूची में थे।

सेना के अवकाश प्राप्त जनरल एस.के. सिन्हा ने असम के राज्यपाल रहते हुए 8 नवंबर 1998 को राष्ट्रपति को 'Report on Illegal Migration into Assam' में घुसपैठ के खतरे के संबंध में सचेत किया था। केवल असम में ही उनके अनुमान के अनुसार 60 लाख घुसपैठिए थे। उन्होंने घुसपैठ एवं उग्रवाद के परस्पर संबंध तथा सीमा पर



जनसांख्यिकीय परिवर्तन का वर्णन करते हुए इसे राष्ट्रीय सुरक्षा एवं लोकतंत्र के लिए खतरा बताया था।

वर्ष 2016 में गृह राज्य मंत्री रहते हुए श्री किरण रिजिजू ने संसद में जानकारी देते हुए बताया था कि लगभग 2 करोड़ से अधिक घुसपैठिए भारत में रह रहे हैं। अनुमान के अनुसार, कुछ लोग इस संख्या को 3 करोड़ तक बताते हैं। पश्चिम बंगाल चुनाव में भाजपा की विजय के पश्चात बांग्लादेशी घुसपैठियों ने स्वतः ही बांग्लादेश पलायन किया था। उत्तर 24 परगना के हकीमपुर बॉर्डर पर जाते हुए इन घुसपैठियों ने मीडिया से स्वीकार किया था कि उनके बिचौलियों एवं सत्तालोलुप नेताओं द्वारा अवैध मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं राशन कार्ड बनवाए गए थे। कलकत्ता एवं गुवाहाटी उच्च न्यायालयों में भी यह तथ्य सामने आ चुके हैं। रोजगार के लिए प्रवास करने वाले मतदाता तो किसी भी पार्टी को अपना मत देने के लिए स्वतंत्र हैं। मृतक मतदान नहीं कर सकते। विपक्ष द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) का विरोध अवैध घुसपैठियों के समर्थन के लिए ही है, ऐसा लगता है, क्योंकि यही उनके थोक मतदाता थे। क्या इनके बल पर ही वे चुनाव जीतते थे? इस प्रश्न का उत्तर विपक्षी दलों को देश को देना चाहिए।

चुनाव आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के समय एक संवैधानिक एवं व्यवस्थित प्रक्रिया अपनाई जाती है। प्रदेश स्तर से प्रारंभ कर बूथ स्तर (ERO से BLO) तक सरकारी कर्मचारियों की नियुक्ति होती है। इसी प्रकार राजनीतिक दलों से भी अपेक्षा रहती है कि वे विधानसभा स्तर से बूथ स्तर तक BLA-1 एवं BLA-2 की नियुक्ति कर इस प्रक्रिया में सहयोग करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।

फॉर्म 6, 7 और 8 का उपयोग करते हुए मतदाता सूची के शुद्धिकरण का प्रयास किया जाता है। गलत नाम जुड़ने एवं कटने (Edit-Delete) पर राजनीतिक दल आपत्ति व्यक्त कर सकते हैं। लेकिन कमजोर राजनीतिक दल समस्त बूथों पर अपने BLA-2 की नियुक्ति कर पाने में असमर्थ रहते हैं। अपनी कमजोरी छिपाने के लिए वे वोट चोरी का आरोप लगाते हैं।

कांग्रेस बिहार प्रदेश में 77,895 बूथों में से केवल 17,000 बूथों पर और बंगाल में 85,379 बूथों में से केवल 5,797 बूथों पर ही अपने बूथ एजेंट नियुक्त कर पाई थी। निर्वाचन आयोग के अनुसार, कांग्रेस ने मतदाता सूची के संदर्भ में एक भी आपत्ति नहीं की। जिन राज्यों में एनडीए की सरकार बनी, वहां भी विपक्षी विधायक जीते हैं। वहीं हिमाचल, कर्नाटक, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु जैसे प्रदेशों में कांग्रेस अथवा विपक्षी दलों की सरकारें भी बनी हैं। कांग्रेस के अनेक नेताओं ने SIR की प्रशंसा भी की है। ऐसे में संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग को आरोपित करना लोकतंत्र के प्रति जघन्य अपराध है।

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1952 में प्रथम चुनाव के बाद मतदाता सूची के शुद्धिकरण की आवश्यकता को लेकर 12 फरवरी को पत्र लिखकर सचेत किया था कि 'सबसे पहले मतदाता सूची का शुद्धिकरण किया जाए।' केरल के नेता श्री रमेश चेन्नीथला ने आयोग को 4 लाख अवैध मतदाताओं की सूची देते समय कहा कि भौतिक सत्यापन एवं मतदाता सूची के गहन शुद्धिकरण के बिना स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं है। केरल में कांग्रेस अपनी विजय का श्रेय भी मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया को ही देती है।

केवल अपने देश में ही नहीं, बल्कि अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जर्मनी, स्वीडन, केन्या और ब्राजील जैसे देश भी समय-समय पर अपनी मतदाता सूची के शुद्धिकरण का अभियान चलाते हैं। ब्रिटेन में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अंतर्गत प्रति वर्ष प्रत्येक नागरिक को स्वयं पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।

अराष्ट्रीय शक्तियों द्वारा भारत को अस्थिर करने के अनेक प्रकार के प्रयास पिछले दिनों से हम देख ही रहे हैं। किसान आंदोलन, CAA आदि के नाम पर झूठा विमर्श (Narrative) फैलाने के लिए प्रारंभ हुए आंदोलन अब EVM और SIR के झूठे प्रोपेगेंडा से होते हुए ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग के साथ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को हटाने एवं Regime Change तक की भाषा बोल रहे हैं।

अराजकतावाद से उत्पन्न बांग्लादेश का हिंसक आंदोलन उनकी प्रेरणा है। सोशल मीडिया से निर्मित झूठा नैरेटिव उनके हथियार हैं और कुछ विदेशी ताकतें उनकी सहयोगी हैं। इसी को बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने अराजकतावाद कहा था।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत गरीबी से मुक्त हो रहा है। ऐसे समय में विपक्षी पार्टियां प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के माता-पिता को भद्दी गालियां देकर नरेंद्र मोदी मुक्त भारत करना चाहती हैं। देश की विकासवादी एवं राष्ट्रीय शक्तियों से आह्वान है कि 'वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः' का संकल्प लेकर देश की जनता को जागृत करें।

लेखक-राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री (भाजपा)

मंथन
पंकज चतुर्वेदी



ग्रीन पटाखे : पर्यावरण का सच या नया छलावा

बीते एक दशक से दिल्ली एनसीआर में दीपावली और खुशियों के बीच अदालत के बारास्त आतिशबाजी खड़ी हो जाती है। इसमें कोई शक नहीं कि दिवाली नजदीक आते ही सांसों पर संकट छा जाता हैं, लेकिन यह भी कड़वा सच है कि दिल्ली और उसके आसपास वायु प्रदूषण तो पूरे साल रहता है और शहर के लोग अपनी आदतें बदलने की जगह कभी आतिशबाजी तो कभी पराली के सर दोष मढ़ते रहते हैं। उच्चतम न्यायालय ने इस साल भी कड़ा संदेश दे दिया कि दूसरों के जीवन की कीमत पर आतिशबाजी दागने की छूट नहीं दी जा सकती है। कोर्ट ने केवल दो दिन के लिए कुछ घंटों के लिए ग्रीन- क्रेकर या पर्यावरण- मित्र आतिशबाजी की अनुमति दी हैं। वैसे पिछले कई सालों से दीपावली पर अदालत के आदेश धुएं में उड़ते दिखते हैं, वहीं ग्रीट-पटाखे "गुड़ खाकर गुलगुले से परहेज करने" जैसे हैं। जिन कारणों से आतिशबाजी पर पूरी पाबंदी की बात होती हैं, ये ग्रीन पटाखे उन मानदंडों पर बस उन्नीस ही रहते हैं। एक बात समझ लें कि भले ही उनका नाम "ग्रीन पटाखा " है लेकिन सच यह है कि ग्रीन पटाखे भी उतने "ग्रीन" नहीं जितना नाम से लगता है। सामान्य पटाखों में बैरियम नाइट्रेट, सल्फर, एल्युमिनियम और पोटैशियम नाइट्रेट जैसे रसायन होते हैं जो जलने पर ज़हरीली गैसें छोड़ते हैं। ग्रीन पटाखों में इन्हीं रसायनों की मात्रा कम रखी जाती है या कुछ जगह उनके स्थान पर कम हानिकारक यौगिकों का इस्तेमाल किया जाता है। इन्हें भारत सरकार की वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान सीएसआईआर और नीरी अर्थात 'वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद - राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान' ने विकसित किया था, ताकि पारंपरिक पटाखों से 30 प्रतिशत तक कम प्रदूषण हो। ग्रीन पटाखे तीन किस्म के विकसित किए गए थे। पहली श्रेणी है 'स्वास' या 'सेफ वाटर रिलीजर'। ये जलने पर जल वाष्प छोड़ते हैं, जो धूल के कणों को दबाने में मदद करता है। इसमें सल्फर और पोटेशियम नाइट्रेट का उपयोग नहीं होता। 'स्टार' को ' सेफ थरमाईट क्रेकर' कहा जाता है।

इनमें पोटेशियम नाइट्रेट और सल्फर नहीं होता। ये कम शोर के साथ पीएम कणों को कम उत्सर्जित करते हैं। तीसरे तरह की 'सफल' आतिशबाजी यानि 'सेफ मिनिमम एल्युमियम' में पारंपरिक पटाखों में इस्तेमाल एल्युमीनियम की मात्रा को काफी कम रखा जाता है, या मैग्नीशियम जैसे विकल्प का उपयोग होता है। चूंकि इस तरह की आतिशबाजी को बनाना थोड़ा महंगा होता है सो अधिकांश बाजार महज लेबल लगाकर पारंपरिक आतिशबाजी बेचता है। विदित हो कि साल 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने पारंपरिक पटाखों पर रोक लगाकर केवल "ग्रीन पटाखों" को अनुमति दी थी। तभी से असल बाजार में जो पटाखे बिक रहे हैं, उनमें से ज़्यादातर नकली या बिना प्रमाणित हैं। यानी नीति बनी, पर निगरानी नहीं हुई। यदि रासायनिक सम्मिश्रण की बात की जाए तो ग्रीन पटाखों में भले बैरियम न हो, लेकिन अमोनियम और एल्युमिनियम यौगिकों के जलने से निकलने वाले सूक्ष्म धात्विक कण यथावत हैं। ये कण शरीर के भीतर जाकर फेफड़ों में सूजन, सिरदर्द और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं बढ़ाते हैं। कथित ग्रीन पटाखे में पोटैशियम नाइट्रेट, अमोनियम नाइट्रेट और एल्युमिनियम पाउडर का इस्तेमाल होता है और इनके जलने से भी नाइट्रोजन ऑक्साइड और एल्युमिनियम ऑक्साइड उत्सर्जित होते हैं जो फेफड़ों, आंखों और त्वचा के लिए हानिकारक हैं। विदित हो अमोनियम नाइट्रेट कई देशों में विस्फोटक पदार्थ के रूप में प्रतिबंधित है; इससे अमोनिया और नाइट्रस ऑक्साइड हैं। कोई भी दहन-आधारित प्रक्रिया, जिसमें पटाखों का जलना शामिल है, कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसों का उत्सर्जन करती है। ग्रीन पटाखों में भी दहन के लिए जिस सामग्री का इस्तेमाल होता है, उससे कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रस ऑक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जित होती ही हैं, हां कहा जा सकता हैं कि पारम्परिक आतिशबाजी से कोई 30 फीसदी कम। यही नहीं पिछले कुछ वर्षों में हुए परीक्षणों में पाया गया कि ग्रीन पटाखे भी पीएम -2.5 और पीएम -10 कणों का स्तर 20 से 25 प्रतिशत बढ़ा देते हैं। ग्रीन पटाखे पारंपरिक पटाखों से कुछ कम हानिकारक जरूर हैं, लेकिन पर्यावरण के लिए सुरक्षित नहीं। यह एक दिखावटी सुधार है, असली समाधान नहीं। जब तक हमारी सोच "कम प्रदूषण" से आगे बढ़कर "बिना प्रदूषण" की दिशा में नहीं जाएगी, तब तक हर दीवाली हमारी हवा में और जहर घोलेगी। सरकार और समाज दोनों को इस दिशा में जागरूक होना होगा, तभी "ग्रीन दीवाली" वास्तव में हरी-भरी और स्वस्थ होगी।


अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई



संकलित
दर्शन

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है।

गुरु नानक जी के आशीर्वाद का रहस्य



संकलित
प्रेरणा

एक बार गुरु नानक देव जी अपने शिष्यों के साथ एक ऐसे गांव में पहुंचे जहां के लोग साधु-संन्यासी लोगों को बिल्कुल भी पसंद नहीं करते थे। गुरु नानक जी वहां गए तो उनसे भी वहां के लोगों ने ऐसा ही व्यवहार किया। जब वो परेशान होकर उस गांव से जाने लगे तो गांव के लोगों ने कहा कि, महात्माजी कुछ आशीर्वाद तो देते जाइए। गुरु नानक थोड़ी देर तक हंसते रहे फिर बोले, खूब आबाद रहो। इसके बाद वो आगे बढ़ गए। इस बीच कुछ गांव के लोग भागते हुए वहां पहुंचे। सभी उनकी सेवा करने लगे। उन्होंने फिर से गुरुनानक जी से आशीर्वाद मांगा। तब उन्होंने कहाः सभी उजड़ जाओ। गुरु नानक के ऐसे अटपटे आशीर्वाद से परेशान होकर एक व्यक्ति ने उनसे पूछाः महात्मा जी! जिन लोगों ने अतिथि धर्म का तिरस्कार किया उन्हें आपने आबाद रहने का और जो लोग आपकी सेवा में आए उन्हें उजड़ने का आशीर्वाद क्यों दिया। गुरु नानक जी ने उस व्यक्ति से कहा किः सज्जन व्यक्ति जहां जाता है वो वहां अपनी अच्छाइयों को ले जाता है। यह दुर्जन से बेहतर होता है। इसलिए मैंने पहले जब वो दुर्जन थे तो उन्हें एक जगह आबाद रहने का आशीर्वाद दिया और जब वो सज्जन बन गए और मेरे पास आशीर्वाद लेने आए तो मैनें उन्हें उजड़ने यानी समाज में अच्छाई फैलाने का आशीर्वाद दिया।

अंतर्मन



आज की पाती

देश-दुनिया में बढ़ रही बेरोजगारी की समस्या

बेरोजगारी की समस्या हमारे देश के लिए ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के लिए चुनौती बन रही है, क्योंकि इसका एक तो मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या और दूसरा मशीनीकरण है। जनसंख्या जिस हिसाब से बढ़ रही है, उस हिसाब से रोजगार अवसर नहीं बढ़ रहे हैं। दूसरा फैक्टरी, कंपनी, खेत या अन्य किसी भी जगह पर जिस काम को दस लोग करते थे, अब उसी काम को मशीन द्वारा एक ही व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है। ऐसे में लाजिमी है कि देश-दुनिया में बेरोजगारी की लाइन बढ़ती जाए।

-**मनोज जोशी**, बिलासपुर

ट्रेंड

छत्तीसगढ़ नक्सल-मुक्त



दशकों तक माओवादियों ने छत्तीसगढ़ को हिंसा के अंधेरे में धकेले रखा, जबकि कांग्रेस सरकारों ने उन्हें राजनीतिक संरक्षण दिया। आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, यही छत्तीसगढ़ नक्सल-मुक्त होकर विकास, सुशासन और जनसेवा का पर्याय बन रहा है। -**अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

पंजाब में नशा



पंजाब ने 'आप' पर भरोसा किया, मान पर भरोसा किया। वादा यह था- हम नशों को जड़ से खत्म कर देंगे। पंजाब के किस कोने से आपने नशों को खत्म किया है? पंजाब को एक ऐसा सीएम चाहिए जो यहां के दर्द को समझे, पूरी ताकत से नशों के खिलाफ लड़े। - **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

बीजेपी की बी-टीम



आम आदमी पार्टी, 'बीजेपी की बी-टीम' है। कांग्रेस जहां भी चुनाव लड़ने जाती है, 'आप' वहां पहुंचकर पूरा समीकरण बिगाड़ देती है। हम गुजरात में जीत रहे थे, लेकिन 'आप' ने वहां खेल बिगाड़ दिया। हम गोवा में भी जीत रहे थे, वहां भी सब गड़बड़ कर दिया। - **मल्लिकार्जुन खड़गे**, अध्यक्ष, कांग्रेस

सेकंड टूर ऑफ ड्यूटी



अग्निवीरों के लिए 'सेकंड टूर ऑफ ड्यूटी' को मंजूरी मिलने से युवाओं को राष्ट्र सेवा से जुड़े रहने का एक नया अवसर मिलेगा। जो अग्निवीर अपना शुरुआती चार साल का कार्यकाल पूरा कर लेंगे, वे अब सेना में दो और साल तक सेवा दे सकेंगे।

-**परवेश साहिब सिंह**, कैबिनेट मंत्री, दिल्ली

करंट अफेयर

ब्रिटेन में भारतीय छात्रों को बढ़ावा देने नया समझौता



ब्रिटेन में भारतीय छात्रों के एक प्रमुख संगठन और लंदन मेट्रोपॉलिटन विश्वविद्यालय ने छात्रों के शैक्षणिक सफर, रोजगार के अवसरों, अंतरराष्ट्रीय शिक्षा और नीतिगत सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता किया है। नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनी यूनियन (एनआईएसएयू) यूके ने बताया कि आमतौर पर लंदन मेट के नाम से लोकप्रिय इस विश्वविद्यालय के साथ पिछले सप्ताह हाउस ऑफ लॉर्ड्स परिसर में आयोजित एक समारोह में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

संगठन के अनुसार, इस साझेदारी के तहत दोनों देशों के शैक्षणिक संस्थानों, नियोक्ताओं और नीति निर्माताओं को एक साथ लाने वाले 'ट्रिपल हेलिक्स मॉडल' पर काम किया जाएगा। लंदन मेट्रोपॉलिटन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर जूली हॉल ने कहा, लंदन मेट में हमारा उद्देश्य हमेशा स्पष्ट रहा है। हम शिक्षा के माध्यम से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''हमारी कोशिश है कि हमारे समुदाय, दृष्टिकोण और साझेदारियों में भी यह विविधता प्रतिबिंबित हो।

ऑफ बीट

उपग्रहों का शोर दूरबीनों और जीपीएस को कर रहा बाधित



एक दशक से भी कम समय पहले पृथ्वी की कक्षा में करीब 2,000 सक्रिय उपग्रह थे। आज इनकी संख्या बढ़कर 15,000 से अधिक हो गई है। आने वाले समय में लाखों और उपग्रह भेजने की योजना है। इन उपग्रहों से पैदा होने वाली 'अंतरिक्ष अपशिष्ट' की समस्या पर काफी चर्चा हुई है। लेकिन एक दूसरी समस्या पर बहुत कम ध्यान दिया गया है। इन उपग्रहों से निकलने वाला रेडियो शोर उन दूरबीनों को प्रभावित कर रहा है, जो ब्रह्मांड को समझने में हमारी मदद करती हैं। इससे जीपीएस को सही ढंग से काम करने में मदद देने वाले माप भी गलत हो रहे हैं। राहत की बात यह है कि इस समस्या को ठीक करने का एक तरीका है, बशर्ते हम अभी कदम उठाएं। रेडियो दूरबीनें उन संकेतों को पकड़ सकती हैं, जो बिग बैंग के कुछ समय बाद पैदा हुए थे। इनकी मदद से खगोलविद प्रारंभिक ब्रह्मांड और पिछले 13.8 अरब वर्ष में इसके विकास को समझ पाते हैं। रेडियो दूरबीनें बहुत दूर स्थित आकाशगंगाओं की सटीक स्थिति का पता लगाने में भी मदद करती हैं। इन आकाशगंगाओं को आधार बनाकर पृथ्वी पर जीपीएस जैसी तकनीकों को अधिक सटीक बनाया जाता है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।


लोक सभा अध्यक्ष ने राज्य विधानमंडलों के लिए डिजिटल ऑडिट मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म विकसित करने का आह्वान किया

बिरला ने तिरुवनंतपुरम में संसद तथा राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों के विधानमंडलों की लोक लेखा समितियों के सभापतियों के सम्मेलन के समापन सत्र में कहा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संसद तथा राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के विधानमंडलों की लोक लेखा समितियों के सभापतियों के दो दिवसीय सम्मेलन का बुधवार को तिरुवनंतपुरम में समापन हो गया। समापन संबोधन देते हुए लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी समितियों के कामकाज में प्रौद्योगिकी के अधिकाधिक समावेश का आह्वान किया। संसद की समितियों के लिए उपलब्ध प्लेटफॉर्म की तर्ज पर राज्य विधानमंडलों के लिए एक डिजिटल ऑडिट मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म विकसित करने का प्रस्ताव रखते हुए उन्होंने कहा कि इससे लेखापरीक्षा टिप्पणियों की व्यवस्थित निगरानी, अनुवर्ती कार्रवाई की प्रक्रिया को सुदृढ़ करने तथा लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों की समयबद्ध जांच और निस्तारण सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

सम्मेलन में 'लेखापरीक्षा, जवाबदेही और सुशासन – लोक लेखा समिति की बदलती भूमिका' विषय पर व्यापक एवं सार्थक विचार-विमर्श हुआ। इसमें वित्तीय निगरानी को सुदृढ़ बनाने, लेखापरीक्षा पर अनुवर्ती कार्रवाई की व्यवस्था को बेहतर बनाने, तकनीकी नवाचारों को अपनाने तथा लोक लेखा समितियों की संस्थागत प्रभावशीलता बढ़ाने पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया।



इस बात पर बल देते हुए कि प्रौद्योगिकी संस्थागत परिवर्तन का एक सशक्त माध्यम बननी चाहिए, बिरला ने कहा कि डिजिटल नवाचारों को अपनाने से विधायी निगरानी की दक्षता, पारदर्शिता और प्रभावशीलता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। प्रौद्योगिकी पर अत्यधिक निर्भरता के प्रति आगाह करते हुए उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रगति सदैव मानवीय मूल्यों, विवेक और संवेदनशीलता पर आधारित रहनी चाहिए। प्रौद्योगिकी को संस्थागत जवाबदेही सुदृढ़ करने और निर्णय लेने की गुणवत्ता बेहतर बनाने में सहायक होना चाहिए, लेकिन यह कभी भी मानवीय विवेक और निर्णय क्षमता का विकल्प नहीं हो सकती। उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सृजित और प्राप्त किए जाने वाले आंकड़ों की सटीकता, प्रामाणिकता और निष्पक्षता बनाए रखने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी आधारित शासन की विश्वसनीयता अंततः उन सूचनाओं की प्रमाणिकता पर निर्भर करती है, जिनके आधार पर निर्णय लिए जाते हैं।

लोक सभा की लोक लेखा समिति के सभापति केसी वेणुगोपाल के सुझावों का उल्लेख करते हुए बिरला ने समितियों का आह्वान किया कि वे निरंतर जांच तथा लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों के समयबद्ध निस्तारण से जुड़ी साझा चुनौतियों के समाधान के लिए मिलकर लेखापरीक्षा एवं मूल्यांकन की एक व्यापक व्यवस्था विकसित करें। इससे एक समन्वित संस्थागत तंत्र से बेहतर तालमेल स्थापित होगा, अनुभवों के आदान-प्रदान को प्रोत्साहन मिलेगा और देशभर की लोक लेखा समितियों की सामूहिक क्षमता सुदृढ़ होगी। इस अवसर पर केरल विधानसभा के अध्यक्ष, केरल विधानसभा के उपाध्यक्ष तथा केरल की लोक लेखा समिति के सभापति भी उपस्थित थे।

खरगे और राहुल ने नशे, भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून व्यवस्था पर पंजाब की 'आप' सरकार को घेरा

कहा- पंजाब की सरकार दिल्ली से चल रही है, आधी लगाम शाह और आधी केजरीवाल के हाथों में

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर नशे, भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर तीखा हमला बोला है। संगरूर में 'इंसाफ रैली' को संबोधित करते हुए दोनों नेताओं ने आरोप लगाया कि पंजाब की सरकार दिल्ली से चलाई जा रही है और उसकी आधी लगाम केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा आधी दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के हाथों में है। पंजाब के संगरूर में 'इंसाफ रैली' को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने प्रदेश के लिए कांग्रेस के संकल्पों को भी सामने रखा। इनमें नशा-मुक्त पंजाब का निर्माण, गैंगस्टर राज का खात्मा, किसानों को उनके अधिकार दिलाना, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना, दलितों और कमजोर वर्गों को सशक्त बनाना तथा भ्रष्टाचार और कुशासन का अंत करना शामिल हैं।

विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली 'आप' सरकार नशे, भ्रष्टाचार और कुशासन की सरकार बनकर रह गई है। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब है कि दिनदहाड़े हत्याएं हो रही हैं। सरकार के हर मंत्रालय में वसूली नेटवर्क चलाकर यह रकम दिल्ली पहुंचाई जा रही है। उन्होंने 'आप' को भाजपा की बी टीम बताया। उन्होंने कहा कि गुजरात और गोवा में कांग्रेस चुनाव जीत रही थी, लेकिन 'आप' ने



भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए समीकरण बिगाड़े।

कांग्रेस अध्यक्ष ने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की आय दोगुनी करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने के वादे पूरे नहीं किए। इसके विपरीत तीन काले कृषि कानून लाकर किसानों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। पंजाब के किसानों के ऐतिहासिक आंदोलन के कारण ही केंद्र सरकार को तीनों कृषि कानून वापस लेने पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि सोनिया गांधी ने स्वयं प्रधानमंत्री बनने के बजाय डॉ. मनमोहन सिंह को देश की जिम्मेदारी सौंपी थी। वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि पंजाब में नशे और गैंगस्टर्स के आतंक के खात्मे के लिए प्रदेश में उद्योग, फैक्ट्रियां और कृषि व्यवस्था मजबूत करनी होगी तथा युवाओं को रोजगार देना होगा।

जनसभा के दौरान दिवंगत पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता से मुलाकात का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मूसेवाला बहुत प्रतिभाशाली और पंजाब की आवाज थे, उनको धमकियां मिल रही थीं, इसके बावजूद उनकी सुरक्षा हटा ली गई और बाद में दिनदहाड़े उनकी हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि सिद्धू मूसेवाला के साथ हुई घटना जैसी सोच आज भी पंजाब के हर कोने में मौजूद है और प्रतिभाशाली युवाओं को डराया-धमकाया जा रहा है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने नशे के मुद्दे पर मुख्यमंत्री भगवंत मान पर जोरदार प्रहार किया। उन्होंने लोकसभा में उनके साथ हुई बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि सुबह 11 बजे ही भगवंत मान के मुंह से शराब की बू आती थी। उन्होंने कहा कि भगवंत मान का शराब पीना उनका निजी मामला है, लेकिन अगर पंजाब को नशे से लड़ना है, तो यहां का मुख्यमंत्री हर शाम नशे में नहीं रह सकता। कांग्रेस नेता ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नशा खत्म करने के दावे पर भी गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर हजारों किलो नशीले पदार्थ पकड़े जाने के मामले में केंद्र सरकार ने क्या कार्रवाई की, इसका जवाब दिया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अमित शाह कानून व्यवस्था की बात करते हैं, लेकिन उन्होंने जेलों में गैंगस्टर्स पाल रखे हैं। उन्होंने यह अनुमान भी जताया कि केंद्र की मोदी सरकार एक साल के अंदर निपट जाएगी। राहुल गांधी ने पंजाब सरकार को दिल्ली से चलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भगवंत मान सरकार पर आधी लगाम अमित शाह और आधी अरविंद केजरीवाल की है। उन्होंने दो टूक कहा कि पंजाब को न तो केंद्रीय गृह मंत्री चलाएंगे और न ही दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री। कांग्रेस की सरकार पहले भी पंजाब से चली है और आगे भी पंजाब से ही चलेगी।

विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों द्वारा उनकी मूल चुनौती से पीछे हटकर संसद में बहस की मांग किए जाने पर राहुल गांधी ने कहा कि संसद में उनका माइक बंद कर दिया जाता है और उन्हें बोलने नहीं दिया जाता। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुली बहस की चुनौती देते हुए कहा कि वह अपनी पसंद का मंच और रैफरी चुन सकते हैं। राहुल गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री उनके सामने बैठकर बहस करने का साहस नहीं जुटा सकते और वह महज पांच मिनट में साबित कर देंगे कि मोदी देशद्रोही हैं तथा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नियंत्रण में काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दबाव में अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते से भारतीय किसानों, छोटे-मध्यम उद्योगों के हित प्रभावित हुए हैं। इस समझौते के बाद ही मोदी के मित्र अडानी को अमेरिका से कानूनी राहत मिली थी। इस दौरान पंजाब कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष परगट सिंह, नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी, सुखजिंदर सिंह रंधावा, अमरिंदर सिंह राजा वडिंग, राजिंदर कौर भट्टल, विजय इंदर सिंगला समेत बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

जनसमस्याओं की अनदेखी पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एक्शन मोड में, गुरुग्राम में अधिकारियों पर लिया एक्शन

गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 15 परिवादों में से 11 का मौके पर निपटारा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने 2,000 करोड़ रुपए से अधिक की योजना को मंजूरी दी गई है। इसके तहत दिसंबर 2027 के अंत तक 400 से अधिक सरकारी स्कूलों को नए भवन उपलब्ध करवाए जाएंगे। सरकार का प्रयास है कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक सुविधाएं मिले। मुख्यमंत्री ने यह जानकारी बुधवार को गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के दौरान एक स्कूल के भवन के जीर्णोद्धार से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए दी। बैठक में कुल 15 परिवाद सुनवाई के लिए रखे गए, जिनमें से मुख्यमंत्री ने 11 का मौके पर ही निपटारा किया, जबकि शेष 4 मामलों को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को इन मामलों में कार्रवाई की स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। सैनी ने कहा कि



आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना और उन्हें निर्धारित समय-सीमा में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक नागरिक की समस्या का त्वरित एवं प्रभावी निवारण सुनिश्चित किया जाए।

गलत प्रॉपर्टी आईडी बनाने पर सैलरी काटने तथा चार्जशीट करने के निर्देश

सैनी ने नगर परिषद पटौदी-जटौली मंडी क्षेत्र से संबंधित एक शिकायत की सुनवाई करते हुए गलत तरीके से प्रॉपर्टी आईडी बनाने को गंभीरता से लिया। तत्कालीन बिल्डिंग इंस्पेक्टर और म्युनिसिपल इंजीनियर ने प्रक्रिया का पालन किए बगैर प्रॉपर्टी आईडी बनाई थीं।उनकी आधी सैलरी काटने व चार्जशीट करने का निर्देश दिया।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या **230-TRS-GZB-2026-27-17** के आधार पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

1.	कार्य का विवरणः	'Dismantling, Cleaning and other minor attentions of Traction Motors of 3-Phase Electric Locomotives' at Electric Loco Shed, Ghaziabad.
2.	कार्य की अनुमानित लागतः	₹ 20,51,232.00
3.	धरोहर राशिः	₹ 41,000.00
4.	निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समयः	27.11.2026 (15:00 Hrs.)
5.	निविदा खोलने की तिथि और समयः	27.11.2026 (After 15:00 Hrs.)
6.	वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता हैः	www.ireps.gov.in

नोटः (i) निविदाकर्ता को ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमो और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं हैं।

संख्या 230-TRS-GZB-2026-27-17 दिनांकः 02.11.2026 3854/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुकेश पुत्रः** श्याम लाल, **निवासः** झुग्गी नं. N-39/C-95, सराय पीपल थल्ला, दिल्ली ने **FIR No. 419/2022 U/s 12/9/55 G. Act., थानाः महेन्द्रा पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मुकेश** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मुकेश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 419/2022 U/s 12/9/55 G. Act., थानाः महेन्द्रा पार्क, दिल्ली** की उक्त अभियुक्त **मुकेश** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अमरदीप कौर
एसीजेएम, कमरा नं. 117
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15959/NW/2026
(Court Notice)

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2026

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

विशेष रेल गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	आवृत्ति/चलने के दिन		चलने की तिथि
02252	नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष)	08:35	पटना जं.	21:30	सप्ताह में 3 दिन	सोम, बुध, शनि	25.11.2026 तक
02251	पटना जं. (वंदे भारत त्यौहार विशेष)	10:00	नई दिल्ली	23:30		मंगल, गुरु, रवि	26.11.2026 तक
02254	नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष)	08:35	पटना जं.	21:30	सप्ताह में 3 दिन	रवि, मंगल, गुरु	26.11.2026 तक
02253	पटना जं. (वंदे भारत त्यौहार विशेष)	10:00	नई दिल्ली	23:30		शनि, सोम, बुध	28.11.2026 तक
04512	चंडीगढ़ जं.	23:35	पटना जं.	21:15	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
04511	पटना जं.	23:15	चंडीगढ़ जं.	21:40		शुक्रवार	27.11.2026 तक
04616	फिरोजपुर कैंट जं.	12:00	पटना जं.	18:35	साप्ताहिक	मंगलवार	24.11.2026 तक
04615	पटना जं.	20:20	फिरोजपुर कैंट जं.	23:55		बुधवार	25.11.2026 तक
04008	आनंद विहार(टर्मि.)	08:30	जोगबनी	15:00	साप्ताहिक	शनिवार	07.11.2026 तक
04007	जोगबनी	18:30	आनंद विहार(टर्मि.)	03:00		रविवार	08.11.2026 तक
04028	आनंद विहार(टर्मि.)	09:15	मुजफ्फरपुर जं.	04:30	सप्ताह में 2 दिन	मंगलवार, शुक्रवार	24.11.2026 तक
04027	मुजफ्फरपुर जं.	06:15	आनंद विहार(टर्मि.)	05:30		बुधवार, शनिवार	25.11.2026 तक
04010	दिल्ली जं.	23:05	सीतामढ़ी जं.	23:30	साप्ताहिक	गुरुवार	19.11.2026 तक
04009	सीतामढ़ी जं.	00:45	दिल्ली जं.	20:30		शनिवार	21.11.2026 तक
04014	आनंद विहार(टर्मि.) (वाया लखनऊ (एनआर))	15:40	लौकहा बाजार	20:15	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि	29.11.2026 तक
04013	लौकहा बाजार (वाया लखनऊ (एनआर))	22:30	आनंद विहार(टर्मि.)	03:40			30.11.2026 तक
04314	योग नगरी ऋषिकेश	15:20	मुजफ्फरपुर जं.	11:45	सप्ताह में 2 दिन	गुरुवार, रविवार	29.11.2026 तक
04313	मुजफ्फरपुर जं.	13:15	योग नगरी ऋषिकेश	11:15		शुक्रवार, सोमवार	30.11.2026 तक
04096	आनंद विहार(टर्मि.)	00:05	पाटलिपुत्र जं.	23:00	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	29.11.2026 तक
04095	पाटलिपुत्र जं.	00:45	आनंद विहार(टर्मि.)	21:30			30.11.2026 तक
04072	नई दिल्ली	21:35	सुपौल	06:35	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	28.11.2026 तक
04071	सुपौल	07:45	नई दिल्ली	15:00			30.11.2026 तक
04052	नई दिल्ली	18:15	हावड़ा जं.	23:40	सप्ताह में 3 दिन	शुक्र, रवि, मंगल	29.11.2026 तक
04051	हावड़ा जं.	01:40	नई दिल्ली	08:20		रवि, मंगल, गुरु	01.12.2026 तक
04062	आनंद विहार(टर्मि.)	12:00	भागलपुर जं.	13:30	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	27.11.2026 तक
04061	भागलपुर जं.	16:30	आनंद विहार(टर्मि.)	20:00			29.11.2026 तक
04312	योग नगरी ऋषिकेश	22:20	कोलकाता	08:00	साप्ताहिक	शुक्रवार	20.11.2026 तक
04311	कोलकाता	13:55	योग नगरी ऋषिकेश	23:30		रविवार	22.11.2026 तक
04624	अमृतसर जं.	20:10	कोलकाता	15:00	साप्ताहिक	बुधवार	25.11.2026 तक
04623	कोलकाता	04:45	अमृतसर जं.	21:05		शनिवार	28.11.2026 तक
04668	अमृतसर जं.	20:10	बरौनी जं.	02:10	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
04667	बरौनी जं.	05:05	अमृतसर जं.	13:50		मंगलवार	01.12.2026 तक
04090	नई दिल्ली	23:30	दानापुर जं.	15:00	सप्ताह में 2 दिन	शुक्रवार, बुधवार	27.11.2026 तक
04089	दानापुर जं.	16:40	नई दिल्ली	09:45		शनिवार, गुरुवार	28.11.2026 तक
04098	शकूर बस्ती	09:20	दरभंगा जं.	11:45	सप्ताह में 6 दिन	मंगलवार को छोड़कर	29.11.2026 तक
04097	दरभंगा जं.	14:00	शकूर बस्ती	18:00		बुधवार को छोड़कर	30.11.2026 तक
04076	दिल्ली जं.	00:30	कामाख्या जं.	21:15	साप्ताहिक	शनिवार	28.11.2026 तक
04075	कामाख्या जं.	05:00	दिल्ली जं.	20:40		सोमवार	30.11.2026 तक
04064	दिल्ली जं.	11:00	गया जं.	07:15	सप्ताह में 6 दिन	शनिवार को छोड़कर	30.11.2026 तक
04063	गया जं.	09:15	दिल्ली जं.	08:00		रविवार को छोड़कर	01.12.2026 तक
04088	नई दिल्ली	15:50	पटना जं.	12:45	प्रतिदिन	रवि, सोम, मंगल, बुध गुरु, शुक्र, शनि	30.11.2026 तक
04087	पटना जं.	15:10	नई दिल्ली	13:30			01.12.2026 तक
04634	फिरोजपुर कैंट जं.	17:30	पूर्णिया जं.	03:00	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
04633	पूर्णिया जं.	06:00	फिरोजपुर कैंट जं.	16:35		शनिवार	28.11.2026 तक
04652	अमृतसर जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	10:55	जयनगर	20:00	सप्ताह में 3 दिन	बुध, शुक्र, रविवार	29.11.2026 तक
04651	जयनगर	04:15	अमृतसर जं.	15:00		शुक्र, रवि, मंगल	01.12.2026 तक
04406	शकूर बस्ती	19:10	मानसी जं.	02:30	तिथिवार	गुरु, शुक्र, शनि, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि	05,06,07,10,11,12 13 एवं 14.11.2026
04405	मानसी जं.	04:30	शकूर बस्ती	11:30		शनि, रवि, सोम, गुरु, शुक्र, शनि, रवि, सोम	07,08,09,12,13,14 15 एवं 16.11.2026
04638	अमृतसर जं.	19:40	छपरा जं.	20:45	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
04637	छपरा जं.	22:15	अमृतसर जं.	00:20		मंगलवार	01.12.2026 तक
04640	छेहरटा	08:35	मुजफ्फरपुर जं.	13:10	साप्ताहिक	सोमवार	30.11.2026 तक
04639	मुजफ्फरपुर जं.	16:00	छेहरटा	21:30		मंगलवार	01.12.2026 तक
04404	शकूर बस्ती	15:15	पटना जं.	14:30	तिथिवार	गुरु, शुक्र, शनि, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि	05,06,07,10,11,12 13 एवं 14.11.2026
04403	पटना जं.	15:40	शकूर बस्ती	15:00		शुक्र, शनि, रवि, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि	06,07,08,11,12,13, 14 एवं 15.11.2026
04410	शकूर बस्ती	13:00	झंझारपुर जं.	16:00	तिथिवार	गुरु, शुक्र, शनि, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि	05,06,07,10,11,12 13 एवं 14.11.2026
04409	झंझारपुर जं.	18:15	शकूर बस्ती	01:40		शुक्र, शनि, रवि, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, रवि	06,07,08,11,12,13 14 एवं 15.11.2026
04536	चंडीगढ़ जं.	23:45	बरौनी जं.	00:30	साप्ताहिक	शुक्रवार	27.11.2026 तक
04535	बरौनी जं.	02:35	चंडीगढ़ जं.	03:35		रविवार	29.11.2026 तक
04656	लुधियाना जं.	17:35	सहरसा जं.	23:50	तिथिवार	शुक्र, सोम, बुधवार	06, 09 एवं 11.11.26
04655	सहरसा जं.	03:50	लुधियाना जं.	08:35		रवि, बुध, शुक्र	08, 11 एवं 13.11.26
04662	लुधियाना जं.	06:30	दरभंगा	10:00	तिथिवार	शनि, मंगल, बुध	07, 10 एवं 11.11.26
04661	दरभंगा	13:00	लुधियाना जं.	17:10		रवि, बुध, गुरु	08, 11 एवं 12.11.26
04664	लुधियाना जं.	06:30	गया जं.	08:00	तिथिवार	गुरुवार	12.11.2026 को
04663	गया जं.	11:00	लुधियाना जं.	12:50		शुक्रवार	13.11.2026 को
04666	लुधियाना जं.	06:30	कोलकाता	21:45	तिथिवार	शुक्रवार	06.11.2026 को
04665	कोलकाता	23:50	लुधियाना जं.	12:50		शनिवार	07.11.2026 को
04528	सरहिन्द	11:25	सहरसा जं.	17:00	तिथिवार	गुरुवार, सोमवार	05, 09 एवं 12.11.26
04527	सहरसा जं.	19:15	अंबाला छावनी	22:20		शुक्रवार, मंगलवार	06, 10 एवं 13.11.26
04022	नई दिल्ली (वाया लखनऊ (एनआर))	14:30	गोरखपुर जं.	04:10	साप्ताहिक	शुक्रवार	06 एवं 13.11.2026
04021	गोरखपुर जं.	07:00	नई दिल्ली	23:10		शनिवार	07 एवं 14.11.2026
04058	आनन्द विहार(टर्मि.)	00:20	छपरा	19:20	सप्ताह में 2 दिन	शुक्रवार, मंगलवार	17.11.2026 तक
04057	छपरा	22:10	आनन्द विहार(टर्मि.)	17:20			
04066	आनन्द विहार(टर्मि.)	05:00	सबौर	07:00	तिथिवार	शुक्र, शनि, बुध, गुरु,	06, 07, 11 एवं 12.11.2026
04065	सबौर	11:00	आनन्द विहार(टर्मि.)	13:45		शनि, रवि, गुरु, शुक्र,	07, 08, 12 एवं 13.11.2026
04660	लुधियाना जं.	12:00	पूणियाँ जं.	21:30	तिथिवार	गुरुवार, सोमवार	05 एवं 09.11.2026
04659	पूणियाँ जं.	23:30	लुधियाना जं.	06:50		शुक्रवार, मंगलवार	06 एवं 10.11.2026
04054	नई दिल्ली	18:15	हावड़ा	23:40	तिथिवार	गुरुवार, शनिवार बुधवार	05, 07, 11, 12 एवं 14.11.2026
04053	हावड़ा	01:40	नई दिल्ली	08:20		शुक्रवार, शनिवार, सोमवार	06, 07, 09, 13, 14 एवं 16.11.2026
04510	चंडीगढ़	22:00	पटना जं.	21:15	तिथिवार	शुक्रवार	06.11.2026
04509	पटना जं.	23:15	चंडीगढ़	21:40		शनिवार	07.11.2026
04078	दिल्ली जं.	14:00	दरभंगा जं.	18:00	तिथिवार	मंगलवार	10.11.2026
04077	दरभंगा जं.	21:00	दिल्ली जं.	23:55		बुधवार	11.11.2026
04658	लुधियाना जं.	17:35	सहरसा जं.	23:50	तिथिवार	मंगलवार	10.11.2026
04657	सहरसा जं.	03:50	लुधियाना जं.	08:35		गुरुवार	12.11.2026
04209	वाराणसी जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	22:15	दिल्ली जं.	13:45	सप्ताह में 3 दिन	सोम, बुध, शुक्र	27.11.2026 तक
04210	दिल्ली जं.	18:50	वाराणसी जं.	09:50		मंगल, गुरु, शनि	28.11.2026 तक
04213	अयोध्या कैंट जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	18:20	आनंद विहार(टर्मि.)	06:10	सप्ताह में 2 दिन	रविवार, गुरुवार	29.11.2026 तक
04214	आनंद विहार(टर्मि.)	09:00	अयोध्या कैंट जं.	22:00		सोमवार, शुक्रवार	30.11.2026 तक
04227	वाराणसी जं. (वाया लखनऊ (एनआर))	11:05	चंडीगढ़ जं.	04:20	सप्ताह में 2 दिन	गुरुवार, रविवार	29.11.2026 तक
04228	चंडीगढ़ जं.	06:00	वाराणसी जं.	00:55		शुक्रवार, सोमवार	30.11.2026 तक
04604	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	18:15	वाराणसी जं.	18:30	साप्ताहिक	रविवार	29.11.2026 तक
04603	वाराणसी जं.	04:30	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	04:40		मंगलवार	01.12.2026 तक
04610	जम्मू तवी (वाया लखनऊ (एनआर))	05:15	वाराणसी जं.	05:10	साप्ताहिक	गुरुवार	26.11.2026 तक
04609	वाराणसी जं.	09:00	जम्मू तवी	08:30		शुक्रवार	27.11.2026 तक

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

खबर संक्षेप

सेवन सीज़ होटल को फूड सेफ्टी असेसमेंट में मिले पूरे अंक

नई दिल्ली। सेवन सीज़ हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के हालिया फूड सेफ्टी असेसमेंट में पूरे अंक मिले हैं। जाँच के दौरान कंपनी की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्वच्छता, रखरखाव और संचालन संबंधी नियमों के पालन का मूल्यांकन किया गया।सेवन सीज़ होटल, दिल्ली के निदेशक रमेश डांग ने कहा कि कंपनी पिछले 35 वर्षों से हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में काम कर रही है।

समारोह में 14 विभूतियों को मिला संस्कृत भूषण सम्मान

नई दिल्ली। देवभाषा संस्कृत को जन-जन तक पहुंचाने, भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण तथा समाज में संस्कृत के प्रति नई चेतना जागृत करने के संकल्प के साथ रामायण रिसर्च काउंसिल के प्रकल्प रामायण वार्ता द्वारा भव्य संस्कृत भूषण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में देश की 14 विशिष्ट विभूतियों को संस्कृत भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात राजनीतिक चिंतक एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

रुपया 17 पैसे मजबूत होकर 94.58 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपये में बुधवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 17 पैसे मजबूत होकर 94.58 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और विदेशी पूंजी प्रवाह से रुपये को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजार में तेजी और अमेरिका के मध्यावधि चुनाव के नतीजों से वैश्विक निवेशकों की धारणा में सुधार ने भी रुपये को मजबूती दी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.61 प्रति डॉलर पर खुला।

पिछले छह माह में सोने की कीमतों में 12 फीसदी की गिरावट आई

सोने की कीमतों में गिरावट से गोल्ड ईटीएफ में निवेश बढ़ा, मांग बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- कुल परिसंपत्तियां अक्टूबर में बढ़कर 1.91 लाख करोड़ हुई
- खरीदार सोने के आभूषणों के बजाय गोल्ड ईटीएफ की ओर रुख कर रहे

सोने की कीमतों में हालिया गिरावट के बीच निवेशकों का रुझान गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) की ओर बढ़ा है। आंकड़ों के अनुसार, गोल्ड ईटीएफ योजनाओं के प्रबंधन के तहत कुल परिसंपत्तियां (एयूएम) अप्रैल के 1.58 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर अक्टूबर में 1.91 लाख करोड़ रुपये हो गईं। पिछले छह महीनों में सोने की कीमतों में करीब 12 प्रतिशत की गिरावट आई है।

- आने वाले महीनों में कीमतों में और सुधार की उम्मीद

हालांकि, आने वाले महीनों में कीमतों में सुधार की उम्मीद से कीमती धातु में निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी है। सोने की कीमत 29 मई को 1,62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम से घटकर 31 अक्टूबर को 1.42 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। इस तरह इसमें 20,900 रुपये यानी 12.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बुधवार को सोना 1,46,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले सत्र के बंद भाव से 4,800 रुपये अधिक है।



ईटीएफ ने 30.7 फीसदी का दिया रिटर्न

आंकड़ों के अनुसार, निप्पॉन इंडिया गोल्ड ईटीएफ बीईईएस और आईसीआईसीआई गोल्ड ईटीएफ ने 30.7-30.7 प्रतिशत का रिटर्न दिया, जबकि इन्वेस्को गोल्ड ईटीएफ का रिटर्न 30.6 प्रतिशत रहा। गोल्ड ईटीएफ ओपन-एंडेड म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं, जो शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होती हैं और घरेलू बाजार में भौतिक सोने की कीमत को दर्शाती हैं। इसमें एक यूनिट 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले एक ग्राम भौतिक सोने के बराबर होती है।

सीजन में सोने की मांग को समर्थन मिलने की उम्मीद

शरण ने कहा कि जारी त्योहारी और शादी-ब्याह के सीजन से भी सोने की मांग को समर्थन मिलने की उम्मीद है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने अपनी ताजा तिमाही रिपोर्ट में कहा है कि केंद्रीय बैंकों की लगातार खरीदारी अगले 12 महीनों में सोने की कीमतों को और समर्थन दे सकती है। पिछले 12 माह में सोने पर आधारित एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) ने 30 प्रतिशत से अधिक का लाभ दिया है।

भौतिक सोने को लेकर चिंता बनी रहती है

भौतिक सोने के मुकाबले ईटीएफ में निवेश करने पर आभूषण बनाने का शुल्क नहीं देना पड़ता, जो आभूषणों की कीमत में करीब 15 प्रतिशत तक की वृद्धि कर सकता है। इसके अलावा, इसमें सोने की चोरी और बैंक लॉकर के किराये की चिंता भी नहीं रहती, क्योंकि इसकी यूनिट डीमैट खाते में रखी जाती हैं। निवेशक बाजार के कारोबारी समय के दौरान एनएसई और बीएसई पर लाइव कीमतों के आधार पर ईटीएफ यूनिट खरीद और बेच सकते हैं।

ईटीएफ में निवेश छोटी रकम से भी

भौतिक सोना बेचते समय लगने वाली कटौती और शुद्धता की जांच के शुल्क से भी बचा जा सकता है। गोल्ड ईटीएफ के जरिये निवेशक छोटी रकम से भी सोने में निवेश कर सकते हैं। इसमें व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) का विकल्प भी उपलब्ध है।

एक दिन में 455 एचआर कॉइल उत्पादन एनएमडीसी स्टील ने रिकॉर्ड बनाया



नगरनार। एनएमडीसी स्टील के नगरनार स्टील प्लांट ने नवंबर महीने की शुरुआत शानदार ढंग से की। तीन नवंबर 2026 को एनएमडीसी स्टील मेंएक ही दिन में455 हॉट रोल्ड (एचआर) कॉइल का उत्पादन किया गया। यह प्लांट की शुरुआत सेलेकर अब तक का एक दिन का सबसेअधिक एचआर कॉइल उत्पादन है। 24 घंटेके भीतर 455 एचआर कॉइल का उत्पादन, एनएसएल की हॉट स्ट्रिप मिल की तकनीकी उत्कृष्टता और एनएमडीसी स्टील के कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता को बखूबी दर्शाता है। इससे पहले, इसी महीने के पहले दिन 440 एचआर कॉइल का उत्पादन हुआ था, जो उस समय तक का सबसेबड़ा दैनिक आंकड़ा था। गौरतलब है कि 2025-26 मेंनगरनार स्टील प्लांट ने 23,24,902 टन का उत्पादन किया, जो पिछलेवर्षके 14,38,646 टन के मुकाबले 63% की वृद्धि दर्शाता है। यही गति एचआर कॉइल्स केएक दिन के मौजूदा रिकॉर्डउत्पादन में भी दिखाई देती है।

ऑनलाइन कारोबार पर रिलायंस रिटेल का बड़ा दांव, एनालिस्टों ने भी दिखाई झंडी

नई दिल्ली। एफवाई27 को निवेश का साल मान रहे ब्रोकरेज हाउस, एफवाई28 और एफवाई29 में मुनाफे की रफ्तार बढ़ने की उम्मीद* क्विक कॉमर्स, डार्क स्टोर और सप्लाई चेन के विस्तार पर जोर, मजबूत डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाने की तैयारी* जियोमार्ट का ऑनलाइन ग्रॉसरी कारोबार 42% बढ़ा, 303 नए स्टोर खोले मुंबई, 4 नवंबर 2026: रिलायंस रिटेल अपने ऑनलाइन कारोबार और क्विक कॉमर्स को मजबूत बनाने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश कर रहा है। जेपी मॉर्गन, बैंक ऑफ अमेरिका और सीएलएसए जैसे प्रमुख ब्रोकरेज हाउस ने कंपनी की इस रणनीति पर सकारात्मक रुख जताया है। एनालिस्टों का मानना है कि रिलायंस रिटेल के लिए चालू वित्त वर्ष 2026-27 निवेश और कारोबारी पुनर्गठन का साल है। इन निवेशों का फायदा वित्त वर्ष 2028 और 2029 में मिलने और मुनाफे की रफ्तार बढ़ने की उम्मीद है। रिलायंस रिटेल का निवेश मुख्य रूप से क्विक कॉमर्स, डार्क स्टोर नेटवर्क, डिजिटल प्लेटफॉर्म और सप्लाई चेन को मजबूत बनाने पर केंद्रित है। कंपनी ग्राहकों के नजदीक सामान उपलब्ध कराने और ऑनलाइन ऑर्डर की तेज डिलीवरी के लिए अपना नेटवर्क बढ़ा रही है। साथ ही, मौजूदा स्टोर नेटवर्क को कंसोलिडेट कर ऑनलाइन और ऑफलाइन कारोबार के बीच बेहतर तालमेल बनाने पर जोर है।

सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार पांचवें दिन तेजी सेंसेक्स 384 अंक और निफ्टी 150 अंक चढ़ा

मुंबई (भाषा)। शेयर बाजार में दिवाली का जश्न जारी है। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स बुधवार को लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में 384 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 150 अंक चढ़ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह और कच्चे तेल के दाम में नरमी के बीच प्रमुख वित्तीय, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों और वाहन शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 383.55 अंक यानी 0.50 प्रतिशत चढ़कर दो महीने से अधिक के उच्चतम स्तर 77,301.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 478.19 अंक की तेजी के साथ 77,396.04 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 149.75 अंक यानी 0.63 प्रतिशत बढ़कर 23,960.60 अंक पर बंद हुआ। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 4,055.37 अंक यानी 5.53 प्रतिशत चढ़ा है, जबकि निफ्टी में 1,261.75 अंक यानी 5.55 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, टाइटन, इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फाइनेंस, आईटीसी और अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही। दूसरी तरफ, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक, इन्फोसिस और इटर्नल के शेयर में गिरावट आई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.73 प्रतिशत टूटकर 102.8 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड को अडानी पावर से मिले बड़े ऑर्डर

नई दिल्ली। भारत के प्रमुख इंजीनियरिंग एवं विनिर्माण उपक्रम, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने देश भर में चार ताप विद्युत (थर्मल पावर) परियोजनाओं की स्थापना के लिए अडानी पावर लिमिटेड से बड़े घरेलू अनुबंध हासिल किए हैं। समझौते की शर्तों के तहत, बीएचईएल चार परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण उपकरणों—जिसमें बॉयलर, टर्बाइन, जनरेटर और आवश्यक सहायक उपकरण शामिल हैं—की आपूर्ति के साथ-साथ निर्धारित सेवाएं प्रदान करेगा। इनमें से प्रत्येक परियोजना की क्षमता 2x800 मेगावाट है। इन अनुबंधों का निष्पादन ग्राहक की परियोजना आवश्यकताओं के अनुरूप किया जाएगा। 6,400 मेगावाट का यह विशाल ऑर्डर बीएचईएल की निष्पादन क्षमताओं पर ग्राहक के निरंतर विश्वास का प्रमाण है। विश्व भर में 214 गीगावाट से अधिक क्षमता के विद्युत उत्पादन उपकरण स्थापित करने वाला बीएचईएल भारत के ऊर्जा परिदृश्य का एक प्रमुख आधार स्तंभ बना हुआ है। वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक, बीएचईएल ने देश भर में उपयोगिता-स्तरीय (यूटिलिटी-स्केल) थर्मल क्षमता में 54%, परमाणु ऊर्जा (द्वितीयक पक्ष) में 60%, और जल विद्युत (हाइड्रो पावर) में 43% हिस्सेदारी बनाए रखते हुए बाजार में अपने दबदबे को और मजबूत किया। कुल मिलाकर, भारत की समग्र उपयोगिता-स्तरीय पारंपरिक विद्युत उत्पादन क्षमता में बीएचईएल का योगदान 53% है।

कार्यालय तहसीलदार तहसील बुधनी जिला सीहोर मध्यप्रदेश
क्रमांक / 123 /वी-121/2026-2027 बुदनी दिनांक 3.11.2026
उद्घोषणा पत्र

एतद द्वारा सर्वे साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय प्रकाश श्री वास्तव मैनेजिंग ट्रस्टी निवासी ए-214 न्यू फ्रेन्डस कालोनी नई दिल्ली 110025 के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम जरापुर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 30.31.32,33,145,146,166/115 रकबा 4.706 हे0 सर्वे क्रमांक 134, 138, 139, 140, 141, 142 रकबा 0.189 हे० भूमि जो कि महर्षी वेद विज्ञान विश्व विधापीठ द्वारा ट्रस्टी श्री जग चन्द्र आ० गुरूनानक प्रशासनिक सचिव महर्षी नगर गाजिया वाद उत्तर प्रदेश एवं श्री शेरगिल आ० करनेल सिंह निवासी 214 न्यू फ्रेन्डस नई दिल्ली के नाम पर राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। आवेदक द्वारा संस्था बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक दिनांक 15.9.2026 के अनुसार सचिव के स्थान पर महर्षी वेदन विज्ञान विश्व विधा पीठम द्वारा श्री अजय प्रकाश श्रीवास्तव मैनेजिंग ट्रस्टी के रूप में नाम दर्ज कराना चाहा गया है। ट्रस्टी श्री जय चन्द्र आ० गुरूनानक प्रशासनिक सचिव महर्षी नगर गाजिया वाद उत्तर प्रदेश एवं श्री शेरगिल आ० करनेल सिंह निवासी 214 न्यू फ्रेन्डस नई दिल्ली के स्थान पर आवेदक द्वारा अपना नाम दर्ज कराना चाहा गया है। अत संस्था बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक के अनुसार आवेदक का नाम उक्त भूमि दर्ज किये जाने से जिस किसी भी व्यक्ति को कोइ आपत्ति होतो वह अपनी आपत्ति स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से उद्घोषणा पत्र जारी होने के दिनांक से दिनांक 13.11.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। वाद म्याद बीत जाने पर प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 3.11.2026 को जारी किया गया।

तहसीलदार
बुदनी जिला सीहोर

हर्बल कुंभ, जड़ी-बूटी कृषि मेला एवं धन्वंतरि महोत्सव का शुभारंभ

पौड़ी गढ़वाल/हरिद्वार। हिमालय की सुरम्य वादियों में आयुर्वेद, औषधीय वनस्पतियों, प्राकृतिक खेती और भारतीय ज्ञान परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में पतंजलि ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित मालागाम में विकसित किए जा रहे 'हर्बल वर्ल्ड हिमालय-श्री धन्वंतरि धाम' में बुधवार को तीन दिवसीय 'हर्बल कुंभ, जड़ी-बूटी कृषि मेला एवं धन्वंतरि महोत्सव-2026' का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में धन्वंतरि धाम की गूंज पूरी दुनिया में सुनाई देगी। यह स्थान केवल उत्तराखंड या भारत ही नहीं, बल्कि विश्व में औषधीय वनस्पतियों, आयुर्वेद, अनुसंधान, भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक पर्यटन के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेगा।कार्यक्रम के मुख्य



अतिथि उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि मालागाम के दुर्गम वन क्षेत्र में जिस स्तर का कार्य हुआ है, वह अद्भुत है। प्रकृति, पर्यावरण, परंपरा और परमार्थ के समन्वय से विकसित यह परिसर आने वाले वर्षों में दुनिया के लिए अध्ययन और प्रेरणा का केंद्र बनेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि एक वर्ष के भीतर धन्वंतरि धाम प्रमुख तीर्थ के रूप में विकसित होगा।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

वृष — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

मिथुन — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

कर्क — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

सिंह — व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

तुला — मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

वृश्चिक — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

धनु — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

मकर — क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

कुंभ — रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

मीन — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्सः एशिया 2027 में एसआरएम एपी का शानदार

नई दिल्ली। वैश्विक शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में अपनी यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, एसआरएम यूनिवर्सिटी-एपी, अमरावती ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्सः एशिया 2027 में अपनी जगह बनाई है। यह उपलब्धि अंतरराष्ट्रीय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की बढ़ती पहचान को दर्शाती है। विश्वविद्यालय ने आंध्र प्रदेश के सरकारी एवं निजी विश्वविद्यालयों (ओवरऑल) में पहला स्थान हासिल किया है। इसके अलावा, यह दक्षिण एशिया (ओवरऑल) के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों, भारत के शीर्ष 51 विश्वविद्यालयों (ओवरऑल) और देश के शीर्ष 25 निजी विश्वविद्यालयों में शामिल हुआ है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्सः एशिया 2027 दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित और व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय रैंकिंग प्रणालियों में से एक है। यह रैंकिंग संस्थानों के प्रदर्शन का वैश्विक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है, जिससे विद्यार्थियों, शिक्षाविदों, नियोक्ताओं और उच्च शिक्षा से जुड़े हितधारकों को विभिन्न देशों और क्षेत्रों के विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता एवं उपलब्धियों को समझने और उनकी तुलना करने में मदद मिलती है। इस रैंकिंग में अनुसंधान एवं नई खोज, शिक्षण अनुभव, वैश्विक सहभागिता और रोजगार क्षमता जैसे प्रमुख मानकों के आधार पर संस्थानों का मूल्यांकन किया जाता है। एमआरएम यूनिवर्सिटी-एपी में इन प्राथमिकताओं को उसके विस्तारित होते अनुसंधान तंत्र, बहुविषयक शैक्षणिक कार्यक्रमों, उद्योगोन्मुखी शिक्षण अवसरों और बढ़ती अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों के माध्यम से साकार किया जा रहा है।



अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सागर कुमार दास पुत्र स्व. श्री. गोपाल प्रसाद दास निवासी ए–215, नबी करीम मुल्तानी ढांडा, पहाड़ गंज, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 50/22, धारा 27 एनडीपीएस एक्ट के तहत** थाना कनॉट प्लेस, नई दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सागर कुमार दास** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सागर कुमार दास** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 50/22 धारा 27 एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना कनॉट प्लेस, नई दिल्ली के उक्त सागर कुमार दास** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
चरण सलवान
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
21, प्रथम तल, मुख्य बिल्डिंग,
पटियाला हाऊस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/15667/NDD/2026

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **ऋषि उर्फ छंगा पुत्रः अनिल कुमार पताः मकान नं. 516, डी – ब्लॉक, गली नंबर 18, गौरी शंकर मंदिर के पास खजूरी खास दिल्ली FIR No. 000158/2020 U/s 379/411 IPC थानाः कोतवाली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया हैकि उक्त अभियुक्त **ऋषि उर्फ छंगा** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **ऋषि उर्फ छंगा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 000158/2020 U/s 379/411 IPC थानाः कोतवाली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **ऋषि उर्फ छंगा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सायेशा चड्ढा
जेएमएफसी–08, कमरा नंबर 272
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/15903/N/2026
(Court Matter)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **अरशद, पुत्रः आफताब, पताः ई–16बी/186, के ब्लॉक झुग्गी, सीलमपुर, दिल्ली, इसके अलावाः ई–16/आर–99, के ब्लॉक झुग्गी, सीलमपुर, दिल्ली FIR No. 239/26 U/s 309(4)/311/312/61(2)/3(5) BNS & 27 Arms Act थानाः गीता कॉलोनी दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया हैकि उक्त अभियुक्त **अरशद** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गए है कि उक्त अभियुक्त **अरशद** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 239/26 U/s 309(4)/311/312/61(2)/3(5) BNS & 27 Arms Act थानाः गीता कॉलोनी दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अरशद** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.01.2027** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रेरणा राय
जेएमएफसी–02
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/15839/SHD/2026
(Court Matter)

शब्द पहेली - 6399




बाएँ से दाएँ
1. नेमत,वर,ईष्टकृपा –4
3. उद्देश्य,ध्येय–4
8. सयाना,चतुर–4,3
10. मनुष्य–3
11. मोल,दाम–3
13. बैठने का स्थान–3
15. दौड़ना (अंग्रेजी–2)
17. पराजित–2
18. वध,कत्ल–2
19. काव्यकार,शायर–2
21. राशिचक्र की दसवीं राशि–3
25. आक्रमण,प्रहार–3
26. पालतू जानवर–3
27. ईश्वर,भगवान–7
30. ईश्वरीय कृपा–4
31. भयभीत होना, डरना–4

ऊपर से नीचे
2. असुर,दैत्य–3
4. गागर,घड़ा–3
5. मन की करना–4
6. प्रार्थना,ईश वंदना–4
7. चरित्र,ईमान–3
8. कार्यविधि–3
9. रेखा,लाईन–3
12. माला का मोती–3
13. राहत,विश्राम–3
14. कैनाल,उपनदी–3
16. नगद राशि–3
20. रुदन –3
22. पक्षियों का शोर–4
23. मध्यांग, कटि–3
24. 12 राशियों का समूह–4
25. महल,बड़ा भवन–3
28. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ–3
29. अदृश्य, जो दिखाई न दे–3

शब्द पहेली- 6398 का हल

स	ज	दा	क	र	ना	■	म	त	वा	ला
ह	रा	■	त	■	का	म	ना	■	दा	वा
न	■	बे	र	ह	म	■	ना	रा	■	रि
शी	ल	वा	न	■	या	द	■	नी	र	स
ल	■	प	■	ख	ब	र	ची	■	न	■
ता	र	न	हा	र	■	का	न	भ	र	ना
■	म	■	र	ह	ब	र	■	यं	■	प
प्र	ण	य	■	रा	हु	■	ब	क	वा	स
ति	■	दा	स	■	बे	क	रा	र	■	न्द
का	न	■	चि	रा	ग	■	म	■	क	हो
र	म	जा	न	■	म	द	द	क	र	ना



डब्ल्यूटीए फाइनल्स

चैंपियन रायबाकिना के लिए राह मुश्किल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया की नंबर 1 और डिफेंडिंग चैंपियन एलेना रायबाकिना को डब्ल्यूटीए फाइनल्स के नॉकआउट स्टेज तक पहुंचने के लिए मुश्किल रास्ता दिया गया है। 27 साल की इस खिलाड़ी को ग्रुप 1 में कोको गॉफ और जेसिका पेगुला की अमेरिकी जोड़ी और विंबलडन चैंपियन लिंडा नोस्कोवा के साथ रखा गया है। इस इवेंट में दुनिया की टॉप 8 महिला खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं, जिन्हें दो चार-चार खिलाड़ियों के ग्रुप में बांटा गया है, जो 8 नवंबर से शुरू होने वाले राउंड-रॉबिन इवेंट में आमने-सामने होंगी, जिससे चार सेमीफाइनलिस्ट तय होंगे। सेमीफाइनल 14 नवंबर को खेले जाएंगे, और जीतने वाली टीमें 15 नवंबर को टाइटल के लिए आमने-सामने होंगी।

- 8 नवंबर से मैदान पर उतरेगी शीर्ष आठ खिलाड़ी
- ग्रुप-1 में गॉफ, पेगुला और नोस्कोवा की चुनौती

पिछले दो मेजर चैंपियन, रायबाकिना और नोस्कोवा के बीच 2026 की पहली मुलाकात, डब्ल्यूटीए फाइनल्स की शुरुआत होगी। मार्च में इंडियन वेल्स चैंपियनशिप मैच में आर्यना सबालेंका से हारने वाली रायबाकिना 2013-14 में सेरेना विलियम्स के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए फाइनल्स टाइटल को सफलतापूर्वक डिफेंड करना चाहती हैं।



पहला वनडे : भारत ने कीवी टीम को हराकर सीरीज में बनाई 1-0 की बढ़त

तूफानी रफ्तार और 'किंग' कोहली का जलवा, न्यूजीलैंड पांच विकेट से पस्त

एजेंसी ▶▶ ऑकलैंड

तेज गेंदबाजों के कमाल और विराट कोहली की धमाकेदार अर्धशतकीय पारी की मदद से भारत ने बुधवार को बारिश से प्रभावित पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से 5 विकेट से हराकर 5 मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल की। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (70 रन देकर 4 विकेट), गुरनूर बराड़ (44 रन देकर 3) और अंशुल कंबोज (10 ओवर में 22 रन देकर 2) ने मिलकर 9 विकेट लेकर न्यूजीलैंड को 40.2 ओवर में 185 रन पर ढेर कर दिया।



बारिश के कारण रूका मैच

बारिश के व्यवधान से एक घंटे से अधिक समय तक खेल नहीं हो पाने के कारण भारत के सामने डकवर्थ लुईस पद्धति से 40 ओवर में 167 रन का लक्ष्य रखा गया। इसके बाद 2.1 ओवर का खेल ही हो पाया था कि फिर से बारिश आ गई। खेल शुरू होने पर भारत को 32 ओवर में 143 रन का लक्ष्य दिया गया। भारत ने कोहली (51 गेंद पर 74 रन, 13 चौके, एक छक्का) और कप्तान शुभमन गिल (37) के बीच दूसरे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की मदद से 22.4 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया।

11वें नंबर पर टिकनर की तूफानी पारी

न्यूजीलैंड की तरफ से सीफर्ट ने सर्वाधिक 38 रन बनाए जबकि 11वें नंबर के बल्लेबाज टिकनर ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 4 छक्कों की मदद से 34 और ग्लेन फिलिप्स ने 30 रन का योगदान दिया। अर्शदीप ने एकदम सही लैंथ पर गेंदबाजी की जबकि गुरनूर और कंबोज में बीच के ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया। अंशुल ने बेहद किफायती गेंदबाजी की। उनकी 48 गेंद पर कोई रन नहीं बना। अर्शदीप ने पावरप्ले के अंदर दो विकेट लिए। न्यूजीलैंड पहले 10 ओवरों में दो विकेट खोकर 45 रन ही बना पाया। गुरनूर के दो विकेट में लैथम का विकेट भी शामिल था, जिनका उन्होंने अपनी ही गेंद पर एक हाथ से रिटर्न कैच लिया।

शून्य पर आउट हुए रोहित

भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ओवर में ही रोहित शर्मा का विकेट गंवा दिया, जो खाता भी नहीं खोल पाए। रोहित ने काइल जैमीसन की ऑफ स्टंप से बाहर जा रही गेंद पर ड्राइव करने के प्रयास में मिड ऑफ पर खड़े मिचेल सैंटनर को कैच थमा दिया।

भारत के 22 रन के अंदर गिरे 4 विकेट

भारत ने हालांकि जिस तरह से 22 रन के अंदर चार विकेट गंवाए वह टीम प्रबंधन के लिए चिंता का विषय हो सकता है। पहली बार जब बारिश के कारण खेल रुका तब भारत ने एक विकेट पर 54 रन बनाए थे। दूसरे व्यवधान के समय उसका स्कोर 1 विकेट पर 64 रन था। भारतीय बल्लेबाजों विशेषकर कोहली ने दो बार व्यवधान के बावजूद अपनी एकाग्रता भंग नहीं होने दी और सहजता से रन बटोरे। कोहली शुरू से आक्रामक होकर खेल रहे थे और उन्होंने चौकों की झड़ी लगाने में कोताही नहीं बरती। अब केवल वनडे प्रारुप में खेलने वाले कोहली ने ब्लेयर टिकनर की गेंद पर छक्का लगाया और इसी गेंदबाज के अगले ओवर में चौका लगाकर 35 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

रग्बी खिलाड़ी मेलामु ने कोहली, रोहित और गिल को भेंट की विशेष जर्सी



ऑकलैंड। भारतीय कप्तान शुभमन गिल और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा ने बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच से पूर्व रग्बी के दिग्गज खिलाड़ी केवन मेलामु से मुलाकात की, जिन्होंने उन्हें रग्बी टीम की विशेष जर्सी भेंट की। न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय रग्बी टीम के लिए 132 मैच खेलने वाले मेलामु ऑल ब्लैक्स (न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय रग्बी टीम) के इतिहास में सबसे अधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं और उन्होंने टीम की कप्तानी भी की थी। मेलामु 2011 और 2015 में रग्बी विश्व कप जीतने वाली टीमों के एक प्रमुख सदस्य रहे। उन्होंने मैच शुरू होने से पहले भारत के तीनों खिलाड़ियों को विशेष जर्सी भेंट की।

कोहली से आगे निकले गिल

गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 37 रन बनाकर कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया और बतौर कप्तान वनडे की पहली 15 पारियों में भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बने। गिल ने वनडे में बतौर कप्तान अब तक 15 पारियों में 81 की औसत से कुल 975 रन बनाए हैं तो वहीं विराट कोहली ने कप्तान के तौर पर वनडे में अपनी पहली 15 पारियों में 75 की औसत से 972 रन बनाए थे। वहीं इस लिस्ट में सचिन तेंदुलकर भी हैं, जिन्होंने पहली 15 पारियों में 52 की औसत के कप्तान के तौर पर कुल 728 रन बनाए थे। रोहित शर्मा इस सूची में चौथे स्थान पर हैं जिन्होंने बतौर कप्तान वनडे की पहली 15 इनिंग में 63 के एवरेज से 697 रन बनाए थे जबकि 5वें नंबर पर मौजूद मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 62 की औसत से इतनी पारियों में कुल 620 रन बनाए थे।

पेरिस मास्टर्स : जोकोविच ने वैचेरोट को दी मात



पेरिस। रिकॉर्ड सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में खराब शुरुआत से उबरकर जीत हासिल की। पुरुषों के रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच ने पहले दौर में वैलेंटीन वैचेरोट को 6-7 (5), 7-5, 6-1 से हराया। जोकोविच ने अपने करियर का 103वां खिताब जीतकर रोजर फेडरर की बराबरी करने की कोशिश कर रहे हैं। रिकॉर्ड जिमी कॉनर्स के नाम है जिन्होंने 109 खिताब जीते हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने कैमरन नॉरी को 6-3, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया जबकि 11वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने बेंजामिन बोंजी पर 3-6, 6-3, 6-4 से जीत दर्ज की। अन्य मैचों में फ्रांस के मोइज कौमे को नूनो बोर्गेस से 6-3, 6-1 से और 2022 के चैंपियन होल्गर रूने को 12वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से 7-5, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा।

खबर संक्षेप



विश्व चैंपियनशिप में भारत को झटका, शांभवी अयोग्य करार

नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाजी दल को दोहा आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप के दौरान करारा झटका लगा जब राइफल निशानेबाज शांभवी क्षीरसागर को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा से अयोग्य करार दिया गया। प्रतियोगिता में भाग ले रही 63 टीमों (126 निशानेबाजों) में से सिर्फ भारतीय जोड़ी पार्थ माने और शांभवी को ही अयोग्य करार दिया गया। पांच महीने में दूसरी बार शांभवी उपकरण संबंधी नियमों के उल्लंघन की दोषी पाई गई हैं। इससे पहले जून में जर्मनी में जूनियर विश्व चैम्पियनशिप के दौरान भी वह इसी तरह अयोग्य करार दी गई थी। दोहा विश्व चैंपियनशिप से 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के क्वालीफिकेशन चक्र की शुरुआत भी होगी। मिश्रित टीम वर्ग में ओलंपिक कोटा नहीं मिलेंगे और कोटे सिर्फ व्यक्तिगत श्रेणी में उपलब्ध हैं।

कोरिया ओपन : दूसरे दौर में अनमोल और तन्वी, प्रणय हारे

थियोसु। भारत की अनमोल खरब और तन्वी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। अनमोल ने पहले दौर के मुकाबले में कनाडा की रेचल चान को सीधे गेम में 21-19, 21-18 से हराया। उन्हें अगले दौर में जापान की दूसरी वरीय अकाने यामागुची की कड़ी चुनौती का सानमा करना है। ताइपे ओपन सुपर 300 का खिताब जीतने वाली तन्वी ने दूसरा गेम गंवाने के बाद कड़े मुकाबले में जापान की मनामी सुइजु को 21-16, 12-21, 21-17 से हराया। तन्वी अगले दौर में जापान की पांचवीं वरयी हिना अकेची और चीन की शू वेन जिंग के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। एचएस प्रणय को पुरुष एकल के पहले दौर में दक्षिण कोरिया के यू ताए बिन के खिलाफ 15-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में ध्रुव और मनीषा की जोड़ी को भी कड़े मुकाबले में झू यी जुन और ली चियान की चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ 22-20, 12-21, 22-24 से शिकस्त झेलनी पड़ी।



19 नवंबर से महिला चैंपियंस ट्रॉफी भारत का पहला मैच मलेशिया से

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) में लगातार तीसरा और कुल मिलाकर चौथा खिताब जीतने की कवायद में 19 नवंबर से भोपाल में शुरू होने वाले 6 देशों के टूर्नामेंट में मलेशिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। यह टूर्नामेंट भोपाल के नाथू बरखेड़ा स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में बने नए हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसमें भारत, जापान, चीन, मलेशिया, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया की टीमें भाग लेंगी। पिछले महीने जापान में एशियाई खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम का यह पहला टूर्नामेंट होगा। भारतीय टीम ने 2016, 2023 और 2024 में एशियाई



चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारुप में खेला जाएगा, जिसमें प्रत्येक टीम अन्य पांच टीमों से एक बार भिड़ेंगी। लीग चरण के अंत में शीर्ष पर रहने वाली चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

कर्नाटक की असम पर बड़ी जीत

कर्नाटक को मिले बोनस सहित 7 अंक

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी



मनवंत कुमार के नाबाद शतक के बाद स्पिनर श्रेयस गोपाल और शिखर शेट्टी की शानदार गेंदबाजी के दम पर कर्नाटक ने बुधवार को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप बी के तीसरे दिन असम को पारी और 314 रन से करारी शिकस्त दी।

कर्नाटक को इस मैच में बोनस सहित 7 अंक मिले, जिससे उसके 16 अंक हो गए हैं और वह ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गया है। कर्नाटक ने सुबह अपनी पहली पारी 5 विकेट पर 496 रन से आगे बढ़ाई और 6 विकेट पर 577 रन बनाकर घोषित की। इस तरह से उसने 442 रन की बड़ी बढ़त हासिल की। पहली पारी में 135 रन बनाने वाली असम की टीम दूसरी पारी में केवल 128 रन बना पाई।

रणजी ट्रॉफी : चिन्मय सुतार ने 8 दिन में तोड़ा तीसरा वर्ल्ड रिकॉर्ड

400 के बाद अब लगातार दो शतक



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चिन्मय सुतार का रणजी ट्रॉफी रनों का रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला जारी है। उन्होंने चौथे राउंड में मिजोरम की तरफ से खेलते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ मुकाबले में 175 रन की पारी खेली। यह उनका चार फर्स्ट क्लास मैचों में लगातार तीसरा शतक रहा। वे पहले मुकाबले में महज एक रन से शतक से चूक गए थे और 99 पर आउट हो गए थे। इन पारियों के जरिए चिन्मय सुतार फर्स्ट क्लास क्रिकेट में रनों के नए कीर्तिमान गढ़ रहे हैं। उन्होंने 11 अक्टूबर को मणिपुर के खिलाफ मुकाबले से फर्स्ट क्लास क्रिकेट में कदम रखा था। पिछले 8 दिनों यानी 28 अक्टूबर से 4 नवंबर तक उन्होंने चार विश्व रिकॉर्ड फर्स्ट क्लास क्रिकेट में बना दिए।

चिन्मय ने 28 अक्टूबर को मिजोरम और मेघालय के बीच मैच के दौरान 125 रन की पारी खेली। यह उनका दूसरा शतक रहा। इससे लगातार चार फर्स्ट क्लास पारियों में वे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने विल पोंसफॉर्ड का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने चार फर्स्ट क्लास पारियों में 429, 162, 19 और 6 रन के स्कोर के जरिए कुल 616 रन बनाए थे। चिन्मय ने 35, 99, 400 और 125 रन के जरिए लगातार चार फर्स्ट क्लास पारियों में 659 रन बना दिए। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू के चार पारियों में यह सर्वाधिक रन का वर्ल्ड रिकॉर्ड रहा।

54 किलो वर्ग में हासिल किया पहला स्थान, विश्व कुश्ती रैंकिंग में शीर्ष पर

रोहतक के ललित बने वर्ल्ड का नंबर वन पहलवान

रोहित डागर ▶▶ रोहतक

यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने हाल ही में अस्ताना, कजाकिस्तान में आयोजित हुई 2026 सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के समाप्त होने के बाद नवीनतम विश्व रैंकिंग जारी कर दी है। इसमे हरियाणा के पहलवान ललित ने 54 किलोग्राम में पहली रैंक हासिल की। ललित मूलरूप से पानीपत का निवासी है लेकिन रोहतक के खेड़ी साध में रहता है। खेल की दुनिया में सफलता केवल पसीने से नहीं, बल्कि कई बार आंसुओं और अटूट धैर्य से भी लिखी जाती है। पानीपत के रहने वाले युवा पहलवान ललित की कहानी कुछ ऐसी ही है। जीवन के कठिनतम मोड़ों पर जब अपनों का साथ छूटा, तो ललित ने कुश्ती के अखाड़े की मिट्टी को ही अपना हमसफर बना लिया। आज अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के दम पर उन्होंने न



केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीता है, बल्कि उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए एक मिसाल भी पेश की है। ललित 55 किलोग्राम में वर्ल्ड के नंबर वन के पहलवान बन गए हैं। ललित ने अपनी खेल यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने वर्ष 2015 में कुश्ती की शुरुआत की थी। उस समय वे गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। वहां अन्य बच्चों को कुश्ती के दांव-पेंच लड़ाते देख ललित के मन में भी इस खेल के प्रति रुचि पैदा हुई। यहीं से उनके पेशेवर पहलवान बनने का सपना शुरू हुआ। लेकिन यह सफर इतना आसान नहीं था। ललित का जीवन व्यक्तिगत त्रासदियों और संघर्षों से भरा रहा है। उन्होंने बताया कि जब वे बहुत छोटे थे, तभी उनकी माता सुनीता का देहांत हो गया था। मां के आंचल की कमी को उन्होंने खेल के जुनून से भरने की कोशिश की। जीवन का सबसे कठिन समय वर्ष 2023 में आया। ललित अंडर-23 एशियन चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए रवाना होने वाले थे, तभी उनके पिता रामकर्ण का साया भी उनके सिर से उठ गया।

पिता के निधन के बाद भी नहीं मानी हार

पिता के निधन के गम के बीच ललित ने खुद को संभाला और अंतरराष्ट्रीय मैट पर उतरे। उन्होंने न केवल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, बल्कि अपनी मेहनत को सार्थक करते हुए कांस्य पदक जीतकर देश और अपने दिवंगत माता-पिता का नाम रोशन किया। ललित अपनी सफलता का एक बड़ा श्रेय ताऊ इंदर सिंह सहरावत, ईशवर सहरावत और साथी विजय गहलावत को देते हैं। इन सभी ने मेरे जीवन के सबसे बुरे दौर में, खेल और मानसिक मजबूती में जो मदद की, उसी की बदौलत आज मैं इस मुकाम पर पहुँच सका हूँ। उन्होंने बताया कि अबतक 23 नेशनल प्रतियोगिता में पदक जीते हैं। 2023 में एशियन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। 2026 में वर्ल्ड रैंकिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। सीनियर वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज में भाग लिया।



बार्सिलोना की एस्टन विला पर शानदार जीत

बार्सिलोना। बार्सिलोना ने यूईएफए चैंपियंस लीग में एस्टन विला के लगातार जीत के सिलसिले को रोक दिया है। कैंप नोउ में खेले गए मुकाबले में बार्सिलोना ने एस्टन विला पर 3-0 से शानदार जीत दर्ज की। बार्सिलोना ने जोआओ गोम्स की डिफेंसिव चूक का फायदा उठाकर सातवें मिनट में ही बढ़त बना ली। बॉक्स के अंदर मिडफील्डर की गलत जगह पर गिरी गेंद यामल के पास आई। यामल मौका नहीं चूके और टीम के लिए पहला गोल कर दिया। यामल का यह 14वां चैंपियंस लीग गोल था। इस गोल के साथ वह कॉम्पिटिशन में एम्बाप्पे को पीछे छोड़ते हुए सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उनाई एमरी की टीम शुरुआती झटके से घबराई नहीं और इंटरवल से पहले बराबरी करने के कई मौके बनाए।

अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त 1) **साहिल, पुत्र लतीफ, निवासी 1188, कंझावला रोड, बवाना, दिल्ली और 2) रवि पुत्र गया प्रसाद, निवासी 1233, वीपीओ बवाना, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 601/2020 धारा 25 आर्म्स एक्ट, थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **साहिल और रवि** मिल नहीं रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **साहिल और रवि** फरार हो गयें हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 601/2020 धारा 25 आर्म्स एक्ट, थाना बवाना, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **साहिल और रवि** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.12.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आवेशानुसार
सुश्री भारती बेनीवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-06
उत्तर जिला, कमरा नं. 114
प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15727/ON/2026

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

ये जानकारी रक्षा मंत्री ने राजधानी में हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद को संबोधित करते हुए दी है

तनावपूर्ण सुरक्षा माहौल में क्षेत्रीय सहयोग को प्रगाढ़ बनाने की आवश्यकता: राजनाथ सिंह



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यहां मानेकशॉ केंद्र में आयोजित किए गए हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद-2026 (आईपीआरडी) को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मौजूदा दौर में दुनिया के कई भागों में चल रहे युद्धों की वजह से बने हुए चुनौतीपूर्ण और अस्थिरता वाले माहौल को लेकर कुछ जरूरी बिंदुओं को रेखांकित किया है। जिसमें उन्होंने सबसे पहले एक खुले हुए, स्वतंत्र-समावेशी और नियमों पर आधारित समुद्री तंत्र के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को मजबूती के साथ दोहराया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को लेकर बने हुए तनावपूर्ण परिदृश्य के बीच समुद्री क्षेत्र में साझा निर्भरता को अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता है। जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला में अधिक विविधता लाने, भरोसेमंद समुद्री बुनियादी ढांचे के निर्माण, जागरूकता बढ़ाने, उभरते हुए खतरों से निपटने की क्षमता विकसित करने और क्षेत्रीय सहयोग को पहले की तुलना में और अधिक प्रगाढ़ बनाने की दरकार है।

चुनौतियों से निपटने के लिए तकनीक जरूरी

उन्होंने पारंपरिक सैन्य चुनौतियों से इतर समुद्री डकैती, तस्करी, अवैध मछली पकड़ने, साइबर हमलों, एआई के बढ़ते इस्तेमाल का उल्लेख करते हुए कहा, समुद्री सुरक्षा को भी बदलते परिवेश के साथ समाहित करने की आवश्यकता है। एआई डेटा को प्रोसेस करने के तरीके को बदल रहा है। जबकि स्वचालित प्रणालियां निगरानी, अभियानों की संभावनाओं का विस्तार कर रही हैं। लेकिन बावजूद इसके केवल तकनीक को समाधान के रूप में नहीं माना जा सकता है।

चीन, अमेरिका को दिया संदेश

उन्होंने चीन का नाम लिए बगैर उसे संदेश देते हुए कहा कि कुछ देश और पक्ष अपने संकीर्ण तथा एकतरफा फायदे के लिए महासागरों के महत्व का गलत लाभ उठाना चाहते हैं। जबकि आज की आपस में जुड़ी हुई दुनिया में मौजूद कमजोरियों का समाधान अनुकूलन विकसित करने में ही है। महासागरों को संसाधनों का असीमित स्रोत नहीं माना जा सकता है। साथ ही अमेरिका के संदर्भ में रक्षा मंत्री ने टिप्पणी करते हुए कहा, तकनीक देशों के बीच असमानता का एक और कारण नहीं बननी चाहिए। अगर इसका लाभ कुछ लोगों तक ही सीमित रहे तो फिर इससे हम सामूहिक मजबूती के लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते हैं। आर्थिक विकास व पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी दोनों को एक साथ आगे बढ़ना चाहिए।

भारत के लिए एक प्रमुख क्षेत्र 'समुद्री क्षेत्र': रक्षा मंत्री ने बताया कि विकसित भारत की यात्रा में समुद्री क्षेत्र एक मुख्य चालक होगा। केंद्र सरकार इस संबंध में एक व्यापक समुद्री इकोसिस्टम विकसित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने महासागरों को देशों के बीच बाधा की जगह पर सेतु के रूप में परिभाषित किया। साथ ही बताया कि किस प्रकार से ये महासागर आजीविका को बनाए रखने, वस्तुओं, ज्ञान-संस्कृति के आदान-प्रदान को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन कुछ देश हैं जो अपने संकीर्ण, एकतरफा लाभ के लिए महासागरों की इस महत्ता का दुरुपयोग करने की कोशिश करते हैं।

अस्थिरता से प्रभावित होती व्यवस्था: सिंह ने कहा कि व्यापार में बाधाएं उत्पन्न करने से अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा का वातावरण तनावपूर्ण हो गया है। भारत नौवहन की आजादी के समक्ष खुली चुनौतियों को देख रहा है, समुद्री मार्गों को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। जिससे इन क्षेत्रों में बढ़ती ये अस्थिरता व्यापक रूप से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रभाव डालती है। किसी भी तरह की रुकावट आने पर वैश्वीकरण को छोड़ा नहीं जा सकता है।









Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: CENTRAL DELHI: Rajindra Honda (Daryaganj) - 9910116248; (Samaypur Badli) - 9667515743; J.B. Honda (Jhande Walan) - 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494; (Naraina) - 8512889494; (Tri Nagar) - 9355719494; **SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 9266802219; (Adchini) - 8860259596; (Khanpur) - 011-40446391 (Saheen Bagh Jamia) - 8287201001; (Sangam Vihar) - 9311227401; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 9871600730; (RK Puram Sector 1) - 9871600734; (Chattarpur) - 8826153434; Pragnya Honda (Okhla) - 9818856993; (Jaitpur) - 9818556993; Aspire Honda (Pul Pehladpur Badarpur) - 9205240222; (Meethapur) - 8368689165; (Khadda Colony) - 9990200011; (Tughlakabad) - 9818556993; **WEST DELHI:** Excel Honda (Moti Nagar) - 9999903295; (Raja Garden) - 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667540598; (Mayapuri) - 9811025879; (Sagarpur) - 9811001794; Dhingra Honda (Peeragarhi) - 9871200045; (Uttam Nagar) - 9717455885; (Nangloi) - 9871400045; (Kirari) - 9870200152; (Amanpuri) - 9289739970; (Mangolpuri) - 9289151558; ARK Honda (Tilak Nagar) - 9211711826; (Paschimpuri) - 9211997585; (Uttam Nagar) - 9211711827; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 8506999935; (Vikaspuri) - 8506999939; (Kakrola Mod) - 9212385537; (Vikas Nagar) - 9217226037; (Ranhola) - 9212385582; (Mohit Nagar NSIT) - 9266031192; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 7290068240; (Rajapuri) - 9212670292; (Kapashera) - 7290068238; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400; (Dilshad Garden) - 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (III Pusta) - 9560734814; (Johripur, Shiv Vihar Metro Station) - 9311957772; Swarup Honda (Vikas Marg) - 9810806600; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 8130547053; (Jheel) - 9821707756; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 8826993152; (Rani Bagh) - 8826993157; (Pitampura) - 8130093651; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; (Libaspur) - 8130093656; (Prashant Vihar) - 8130093654; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9625268154; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9717967717; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 9311485006; Faridabad Honda - 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda (Sohna Road) - 9773548833; Ganpati Honda - 9910894235; Yume Honda - 9818250011; Malwa Gurugram Honda - 9311980996; **BADSHAHPUR:** Big Swing Honda - 9773548844; **CHAKKARPUR:** Big Swing Honda - 9355990083; **KHANDSA ROAD:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 9910894233; Yume Honda - 9650186777; **SEC-52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222; **SEC-82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **FARUKH NAGAR:** JRV Honda - 9211298103; **NUH:** Sri Madhav Honda - 8708512346; **HODAL:** Mukund Honda - 8168971032; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056575100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 9999806883; Pioneer One Honda - 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 8130788666; Parkash Honda (Bhangel) - 7838474152; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 7042351351; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614; Hindon Honda - 9910110017; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; JKM Leela Honda (Vijaynagar) - 8750324000; SD Honda (Kadrabad) - 7520320611; Shri Vashu Honda (Niwari) - 8445334455; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; BK Honda (Premvihar) - 9311114333; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Pioneer One Honda (Gaur City) - 7838950960; Shanti Honda (Kulesra) - 9582823843; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519; Republic Honda (Kasna) - 8368861995; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 7351489999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 7078677972; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888804; Shri Krishna Honda - 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808; **GOHANA:** Shirin Honda - 9053922215; **SONEPAT:** Triumph Honda - 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK (SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in